CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 38° C
न्यूनतम : 23° C

लखनऊ, गुरुवार 21 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 194 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 | 3 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी बनेगा ग्लोबल एआई हब: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



ऑरेंज कैप पर वैभव सूर्यवंशी का कब्जा खेल टाइम्स



रजदान पास बना आकर्षण का केंद्र सम्पादकीय



अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास पेज 12

# मेलोनी-मोदी के बीच हुई बड़ी डील

## भारत और इटली के बीच मजबूत हुई रणनीतिक साझेदारी, इटली के डिजाइन को दिलाएंगे पहचान

रोम, वार्ता

**भारत और** इटली ने अपने द्विपक्षीय संबंधों में एक नए स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत कर दी है। पीएम मोदी की इटली की पहली द्विपक्षीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अपने रिश्तों को सर्वोच्च स्तर पर ले जाते हुए विशेष रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेड कर दिया है।

रोम में आयोजित इस ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के दौरान इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मेलोनी ने कहा कि वर्ष 2000 के बाद, यानी पूरे 26 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय इटली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच की दूरी को मिटाकर रिश्तों को एक नई ऊर्जा देगी। द्विपक्षीय वार्ता के बाद साझा प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मेलोनी ने आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य वर्तमान 14 बिलियन यूरो (करीब 1,569.3 अरब रुपये) के द्विपक्षीय व्यापार को साल 2029 तक बढ़ाकर 20 बिलियन यूरो यानी करीब 2,241.85 अरब रुपये तक पहुंचाना है। यह एक बेहद महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, जिसे भारत और यूरोपीय संघ के बीच हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते की मदद से हासिल किया जाएगा। मेलोनी ने आगे कहा कि दोनों देशों के आर्थिक और उत्पादक तंत्र एक-दूसरे के पूरक हैं। वर्तमान में भारत के विकास में 400 से अधिक इतालवी कंपनियां सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। इसके साथ ही, नई दिल्ली में इनोवेट इंडिया इनिशिएटिव के तहत एक विशेष केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जो दोनों देशों के स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालयों, उद्यमों और अनुसंधान संस्थानों के बीच आपसी सहयोग और प्रतिभाओं को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साझेदारी को वैश्विक कल्याण से जोड़ते हुए एक नया और प्रभावशाली विजन पेश किया। पीएम मोदी ने कहा कि इटली दुनिया भर में अपने बेजोड़ डिजाइन -शेष पृष्ठ दो पर



■ 14 बिलियन यूरो के द्विपक्षीय व्यापार को साल 2029 तक बढ़ाकर 20 बिलियन यूरो यानी करीब 2,241.85 अरब रुपये तक पहुंचाएंगे दोनों देश

## मोदी ने की मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट

**रोम।** पीएम मोदी ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। पीएम मेलोनी ने 'एक्स' पर इस वीडियो को पोस्ट कर कहा कि पीएम मोदी मेरे लिए गिफ्ट में बहुत-बहुत अच्छी टॉफी लेकर आए- मेलोडी। गिफ्ट के लिए थैंक्यू।

पीएम मोदी अपने पांच देशों के दौरे के आखिरी चरण में मंगलवार को इटली पहुंचे। वहां पीएम मेलोनी ने उनका स्वागत किया। दोनों रोम की सड़कों पर एक ही कार में घूमे और करीब 2000 साल पुराने ऐतिहासिक कोलोजियम का दौरा भी किया। पीएम मोदी ने मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। यह टॉफी भारत में 1983 से बिक रही है। इसे पारले कंपनी बनाती है। मोदी ने मेलोनी को 'मेलोडी' टॉफी इसलिए गिफ्ट की थी, क्योंकि सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं के नामों को जोड़कर मेलोडी शब्द काफी वायरल हो गया था।

■ इटली में एक ही कार में घूमे, 2000 साल पुराने कोलोजियम में सेल्फी ली

# ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल का ट्रायल पूरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत की डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) ने ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल का ट्रायल पूरा कर लिया है।

इस मिसाइल का नाम यूएलपीजीएम- वी3 है। यह हवा से हवा और हवा से जमीन दोनों तरह के टारगेट पर सटीक हमला कर सकती है। हवा में दुश्मन के हेलीकॉप्टर, ड्रोन और दूसरे हवाई टारगेट को मार गिरा सकती है। वहीं जमीन पर टैंक, सैन्य वाहन और बंकर को निशाना बना सकती है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, मिसाइल का परीक्षण आंध्र प्रदेश के कुर्नूल स्थित डीआरडीओ टेस्ट रेंज में किया गया। इसमें इंटीग्रेटेड ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल किया गया, जो लॉन्च और कमांड सिस्टम को कंट्रोल करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस मिसाइल को बनाने में मिली सफलता रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम है। डीआरडीओ ने 'एक्स' पर ट्रायल का ये वीडियो शेयर किया। यूएलपीजीएम-वी3 एक स्मार्ट प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल है। इसमें सीकर तकनीक लगी है, जिससे यह टार्गेट को पहचानकर लॉक करती है और फिर सटीक हमला करती है। चलते हुए लक्ष्य को भी ट्रैक कर सकती है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इसे एंटी-टैंक रोल के लिए भी तैयार किया गया है। साथ ही यह ड्रोन, हेलीकॉप्टर और दूसरे हवाई लक्ष्यों के खिलाफ भी इस्तेमाल की जा सकती है। इस मिसाइल को डीआरडीओ के हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) की अगुआई में डेवलप किया गया है। इसके साथ डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी , टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी और हाई एनर्जी मटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी भी इस प्रोजेक्ट में शामिल रहीं।



■ टैंक, हेलीकॉप्टर और दूसरे ड्रोन को निशाना बना सकेगी, डीआरडीओ ने स्वदेशी कंपनियों के साथ बनाया

## संक्षिप्त समाचार

### नीट परीक्षा को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट-यूजी परीक्षा को सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ बुधवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री प्रधान ने अधिकारियों को फर्जी जानकारी, दुष्प्रचार और अफवाह फैलाने वाले चैनलों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक और हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को शिक्षा मंत्रालय, एनटीए और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर तेजी से कार्रवाई करनी होगी।

### बंगाल में ओबीसी आरक्षण 17 से घटकर 7% हुआ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने ओबीसी आरक्षण व्यवस्था में बदलाव किया है। राज्य में ओबीसी आरक्षण 17 फीसदी से घटाकर 7 फीसदी कर दिया गया है। नई लिस्ट के मुताबिक अब सिर्फ 66 जातियां ओबीसी आरक्षण के दायरे में रहेंगी। धर्म आधारित वर्गीकरण की व्यवस्था भी खत्म कर दी गई है। सरकार का कहना है कि यह फैसला कलकत्ता हाईकोर्ट के 2024 के आदेश के आधार पर लिया गया है।

# टेट्रा पैक में शराब की बिक्री होगी बंद!

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में शराब की बिक्री और पैकेजिंग को लेकर एक अहम जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत कई पक्षों को नोटिस जारी किया है।

याचिका में मांग की गई है कि टेट्रा पैक, सैशे और छोटे पाउच जैसी पैकेजिंग में शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए सहमति भी दे दी है। यह याचिका संगठन कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग की ओर से दायर की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील विपिन नायर ने शराब की पैकेजिंग को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मौजूदा एक्साइज नियमों में बोतल की परिभाषा स्पष्ट नहीं है, जिसके कारण कंपनियां ऐसे पैकेजिंग डिजाइन का इस्तेमाल कर रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं में भ्रम पैदा हो रहा है। नायर ने अदालत से कहा कि वे फलों के जूस और शराब में भ्रम पैदा कर रहे हैं। बोतलों और पैकिंग पर सेब जैसे फलों की तस्वीरें लगाई जाती हैं, जबकि अंदर वोडका जैसी शराब होती है। उन्होंने तर्क दिया कि इस तरह की पैकेजिंग खासकर युवाओं और बच्चों को भ्रमित कर सकती है और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना राज्य का संवैधानिक कर्तव्य है। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक समान नीति तैयार करे। इसमें टेट्रा पैक, सैशे और जूस जैसे दिखने वाले पैकेजिंग में शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।

■ सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा मामला, जनहित याचिका हुई दायर
■ केंद्र सरकार समेत कई पक्षों को नोटिस

# देश संकट में, प्रधानमंत्री विदेश में टॉफी बांटने और रील बनाने में व्यस्त: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इटली दौरे को लेकर उन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि देश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं श्री मोदी विदेश में टॉफी बांटने और रील बनाने में व्यस्त हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आर्थिक तूफान सिर पर है, और हमारे प्रधानमंत्री इटली में टॉफी बांट रहे हैं। किसान, युवा, महिलाएं, मजदूर और छोटे व्यापारी सब रो रहे हैं, प्रधानमंत्री हंसते हुए रील बना रहे हैं तथा भाजपा वाले ताली बजा रहे हैं। यह नेतृत्व नहीं, नौटंकी है।



### दक्षिण भारत में कम बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में गर्मी अपने पीक पर है। इस बीच मौसम एजेंसी स्काईमेट ने अरब सागर के ऊपर नया सिस्टम बनने की जानकारी दी है, जो मानसूनी हवाओं को कमजोर कर सकता है। इससे केरल समेत दक्षिण भारत में बारिश कम होने की आशंका है। एजेंसी ने यह भी कहा है कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र और गुजरात समेत देश के 10 राज्यों में अगले एक हफ्ते तक सूखी-गर्म हवाएं चलेंगी।

# CJI के बयान के विरोध में बनी कॉकरोच जनता पार्टी

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी 'कॉकरोच जनता पार्टी' के सोशल मीडिया पर 5 दिन में लाखों फॉलोअर हो गए हैं। बुधवार शाम 7 बजे तक यह आंकड़ा इंस्टाग्राम पर 60 लाख से ज्यादा और एक्स पर करीब 1 लाख 26 हजार तक पहुंच गया।

इंस्टाग्राम पर भाजपा के 87 लाख और कांग्रेस के 1.32 करोड़ फॉलोअर हैं। कॉकरोच जनता पार्टी महाराष्ट्र के अभिजीत दीपके ने बनाई है। इसका नारा है- 'सेक्युलर, सोशलिस्ट, डेमोक्रेटिक, लेजी।' पार्टी के महज एक दिन में ही 40 लाख से ज्यादा फॉलोअर बढ़ चुके हैं। दरअसल, 15 मई को सीजेआई सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की थी। सीजेआई ने एक दिन बाद ही कहा कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा। अभिजीत ने पार्टी का 'लोगो' भी जारी किया है। पार्टी की सदस्यता के लिए 4 योग्यताएं-पहली- बेरोजगारी। दूसरी- आलसी होना यानी डले रहो, पड़े रहो। तीसरी- ऑनलाइन रहने की लत। चौथी- प्रोफेशनली भड़ास निकालने की क्षमता। मैनिफेस्टो जारी, 5 वादे- अगर सीजेपी यानी कॉकरोच जनता पार्टी सरकार में आती है तो रिटायरमेंट के बाद किसी भी सीजेआई को राज्यसभा जाने का रिवॉर्ड नहीं मिलेगा। अगर कोई वैध वोट डिलीट किया जाएगा, तो मुख्य चुनाव आयुक्त को यूएपीए में गिरफ्तार किया जाएगा, क्योंकि किसी के वोटिंग का अधिकार छीनना आतंकवाद से कम नहीं। महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत का आरक्षण होगा, न कि 33 प्रतिशत, इसके लिए सांसदों की संख्या भी नहीं बढ़ाई जाएगी। कैबिनेट में भी महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण होगा। अंबानी और अडानी के -शेष पृष्ठ दो पर




■ इंस्टाग्राम पर पांच दिन में 60 लाख फालोअर्स बने
■ भाजपा के 87 लाख, कांग्रेस के 1.32 करोड़ फॉलोअर्स




| Subject | Highest Marks | Student's Name |
|---|---|---|
| Painting | 100 | Palak Baliyan, Ira Mishra |
| Biology | 99 | Lakshay Dhiman, Kanika Arora, Navya Goel |
| Accountancy | 99 | Aryan Kuchhal |
| History | 99 | Kashika Verma |
| E. G. | 99 | Vedanshi |
| F. St. | 98 | Divya Verma |
| Chemistry | 97 | Lakshay Dhiman, Aryan Maan, Pranjal Chaudhary |
| Computer Sci. | 97 | Abdullah Ahmad, Saksham |
| English | 97 | Lakshay Dhiman |

| Subject | Highest Marks | Student's Name |
|---|---|---|
| Maths | 96 | Krishna Mittal |
| Applied Maths | 96 | Aryan Kuchhal |
| Economics | 96 | Akshat Gupta |
| B.St. | 96 | Akshat Gupta, Riya Narang |
| P. Ed. | 95 | Umisha Vats, Vihan Raj, Vanshika Sharma |
| Hindi | 95 | Saloni Verma |
| Geography | 93 | Arisha Qazi |
| Physics | 92 | Haragam Jot Singh |
| ETP | 89 | Siddhant Dabral |

Principal & Staff, M.G.P.S.
Chairman & Members of Managing Committee, M.G.P.S.

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### बांदा में प्रेमी युगल के शव पेड़ से लटके मिले

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के मरका थाना क्षेत्र में बुधवार को एक पेड़ से प्रेमी युगल के शव एक ही साड़ी के फंदे से लटके मिलने से सनसनी फैल गई। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि अधाव गांव निवासी सुभाष (22) और रोशनी यादव (19) के शव एक पेड़ पर एक ही साड़ी के फंदे से लटके मिले। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पेड़ से नीचे उतरवाया। घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए। पुलिस के अनुसार मृतका रोशनी की शादी घूरी गांव निवासी जग प्रसाद के साथ गत सात मई को हुई थी। शादी के बाद वह पहली विदाई पर मायके आई थी।

### लक्षद्वीप में जनगणना 2027 का पहला चरण सम्पन्न

**लक्षद्वीप/कोच्चि।** केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में जनगणना 2027 का पहला चरण तय समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस चरण में मकानों की सूची बनाने और आवास गणना के काम शामिल थे। शुरुआती चरण के लिए यह काम 16 अप्रैल से 15 मई 2026 तक किए गए। लक्षद्वीप में यह पूरा काम एक मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए डिजिटल रूप से किया गया, जो डेटा इकट्ठा करने की पूरी तरह से कागज-रहित प्रक्रिया थी। पहले चरण में द्वीपों भर में इमारतों और मकानों की एक पूरी सूची तैयार करना, साथ ही घरों की संपत्ति और बुनियादी नागरिक सुविधाओं से जुड़े 33 मुख्य संकेतकों पर डेटा इकट्ठा करना शामिल था।

## मोदी सरकार आत्म प्रचार में है व्यस्त: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि देश गंभीर आर्थिक संकट में है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके नेतृत्व वाली सरकार सिर्फ आत्म प्रचार में व्यस्त है और इसी का परिणाम है कि देश में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट गंभीर रूप से बढ़ा है और जनता पर आर्थिक बोझ थोपा गया है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को लिखा कि श्री मोदी जनता को भाषणों की 'मिठास' सुनाना चाहते हैं, जबकि आम जनता उनकी सरकार की आर्थिक नीतियों से पैदा हुई 'मुश्किलों' के बीच जीवनयापन करने को मजबूर है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में प्रत्येक भारतीय पर औसत कर्ज कई गुना बढ़ा है, जबकि चुनिंदा उद्योगपतियों की संपत्ति में तेजी से इजाफा हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने



■ कहा: आम जनता आर्थिक नीतियों से पैदा हुई 'मुश्किलों' के बीच जीवनयापन करने को मजबूर

कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर तथा व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में भारी वृद्धि हुई है। इसके साथ ही सीएनजी, दूध, ब्रेड, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर करों तथा उत्पाद शुल्क के माध्यम से जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला गया है। उन्होंने कहा कि देश में युवाओं के बीच बेरोजगारी बढ़ रही है और भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं ने करोड़ों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। खड़गे ने दावा किया कि प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं के कारण युवाओं का सरकारी भर्ती प्रक्रिया पर भरोसा कमजोर हुआ है। श्री खड़गे ने कहा कि रुपये की कीमत में गिरावट, विदेशी निवेश में कमी तथा विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव जैसे संकेत देश की अर्थव्यवस्था की चुनौतीपूर्ण स्थिति को दर्शाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण बड़ी संख्या में लोग सरकारी राशन सहायता पर निर्भर हो गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों से गुजर रही है लेकिन सरकार इन मुद्दों के समाधान के बजाय प्रचार और जनसंपर्क गतिविधियों में अधिक व्यस्त दिखाई देती है।

## यूपी में गर्मी का रेड अलर्ट, राहत के आसार नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समूचे उत्तर भारत में जारी प्रचंड गर्मी से इस सप्ताह राहत की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने समूचे उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनो तक रेड अलर्ट जारी किया है लेकिन उसके बाद भी गर्मी और लू रात दिन सताएगी। मौसम विभाग द्वारा बुधवार को जारी बुलेटिन के अनुसार अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना है।

प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में 24 मई तक मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा तथा 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चल सकती हैं, जिनके झोंके 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 20 से 24 मई के दौरान दिन के समय प्रदेश के अनेक जिलों में उष्ण लहर (लू) से भीषण उष्ण लहर चलने की आशंका है, जबकि कई स्थानों पर उष्ण रात्रि की स्थिति भी बनी रह सकती है। विभाग ने विशेष रूप से बुंदेलखंड, कानपुर मंडल, आगरा मंडल तथा पूर्वांचल के कई



■ अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना: मौसम विभाग

जिलों के लिए गंभीर चेतावनी जारी की है। पहले दिन यानी 20 मई को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर समेत कई जिलों में भीषण लू चलने की संभावना जताई गई है। वहीं मिर्जापुर, संत रविदास नगर, कानपुर नगर, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस और मैनपुरी भी गंभीर गर्मी की चपेट में रह सकते हैं। 21 मई को भी स्थिति में विशेष सुधार के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, फतेहपुर, मिर्जापुर, वाराणसी, कानपुर नगर, आगरा, मथुरा, झांसी और ललितपुर सहित अनेक जिलों में भीषण लू की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही गाजीपुर, आजमगढ़, बलिया, सहारनपुर, मेरठ और बुलंदशहर समेत कई जिलों में सामान्य लू चलने की संभावना जताई गई है। 22 मई को भी बुंदेलखंड और पूर्वांचल के जिलों में भीषण गर्मी बनी रहने का अनुमान है। बांदा, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, कानपुर नगर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, झांसी और महोबा समेत कई जिलों में भीषण लू चल सकती है, जबकि देवरिया, अयोध्या, अंबेडकरनगर, मेरठ, गाजियाबाद और अलीगढ़ जैसे क्षेत्रों में लू का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि भीषण गर्मी के कारण सभी आयु वर्ग के लोगों में हीट रैश, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

### उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार होगी

## यूपी बनेगा ग्लोबल एआई हब: मुख्यमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन अहम प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। योगी ने कहा कि यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर परियोजना उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार करेगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि डाटा सेंटर क्लस्टर केवल एनसीआर क्षेत्र तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रदेश के अन्य हिस्सों को भी इससे जोड़ा जाए। इसकी शुरुआत बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र से की जा सकती है जहां बड़े पैमाने पर भूमि उपलब्ध है।



■ सीएम योगी ने प्रदेश की भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन अहम प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की

मुख्यमंत्री ने टाटा समूह समेत बड़ी टेक कंपनियों से संवाद कर लखनऊ को 'एआई सिटी' के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। 'प्रोजेक्ट गंगा' यानी गवर्नमेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुने गए डिजिटल उद्यमियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण करने वाली कंपनियां भी इन युवाओं का उपयोग कर सकें, ऐसी व्यवस्था बनाई जाए। ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के तेजी से विस्तार और पारदर्शिता पर जोर देते हुए उन्होंने डिजिटल उद्यमियों को शुरुआत से ही इंसेंटिव देने को कहा। प्रोजेक्ट गंगा के तहत 10 हजार से अधिक युवाओं को डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर बनाया जाएगा, जिससे 50 हजार प्रत्यक्ष और 1 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। 20 लाख से अधिक घरों को फाइबर आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट से जोड़ा जाएगा। प्रत्येक को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा। योजना में 50: महिला उद्यमियों को जोड़ने का लक्ष्य है। यह प्रोजेक्ट फिलहाल 21 जिलों में पायलट के तौर पर शुरू होगा।

### प्रदेश की मंडियों को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक बनाया जाए

मुख्यमंत्री ने गेहूं के इन-हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए मंडी टैक्स और मंडी शुल्क व्यवस्था में सुधार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मंडियों को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक बनाया जाए। मंडियों में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, त्योहारों पर लाइटिंग, अतिक्रमण हटाने और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्यान्न सुरक्षा के लिए प्रदेश को अभी से तैयार रहना होगा। यूपी देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है। 2025-26 में 372 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है। प्रदेश में 559 रोलर फ्लोर मिल्स हैं जिनकी क्षमता 218.4 लाख मीट्रिक टन है, लेकिन उपयोग सिर्फ 126.45 लाख मीट्रिक टन हो रहा है। समिति ने सुझाव दिया कि यूपी में पंजीकृत मिलों द्वारा राज्य के भीतर प्रसंस्करण के लिए खरीदे गए गेहूं पर मंडी शुल्क और विकास उपकर में छूट दी जाए, लेकिन यह छूट व्यापारिक गतिविधियों पर लागू न हो। बैठक में बताया गया कि यूपी की भौगोलिक स्थिति इसे समुद्री जोखिमों से सुरक्षित बनाती है। एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर तेजी से विकसित हो रहे हैं।

## संवैधानिक आरक्षण को कमजोर कर रही है भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी सरकार पर संवैधानिक आरक्षण प्रणाली को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोगों को संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने 'आरक्षण की लूट' से संबंधित 'पीडीए ऑडिट' नामक एक दस्तावेज जारी किया। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को और अधिक डेटा और तथ्यों के साथ अपडेट किया जाता रहेगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि अगर छात्रों और



■ लोग संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर

अभ्यर्थियों को संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो समझा जाना चाहिए कि सरकार पक्षपाती है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75318.39 | |
| निफ्टी | 23659 | |
| सोना | 157000 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 266000 | प्रति किलो |

## शुरुआती गिरावट से उबरे शेयर बाजार

नई दिल्ली, वार्ता

### ऑटो, बैंकिंग कंपनियों में लिवाली

ऑटो और बैंकिंग कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए अंत में बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 117.54 अंक (0.16 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 75,318.39 अंक पर पहुंच गया। बाजार में आज 877 अंक का उतार-चढ़ाव रहा। बीच कारोबार में सेंसेक्स नीचे 74,529 अंक और ऊपर 75,406 अंक तक गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 41 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 23,659 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार भी सुबह लाल निशान में रहने के बाद में हरे निशान में चला गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.49 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। तेल एवं गैस, ऑटो, बैंकिंग और रियलटी सेक्टरों में तेजी रही, जबकि मीडिया, एफएमसीजी और आईटी सेक्टर दबाव में रहे। एनएसई में जिन 3,372 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,720 के शेयर हरे निशान में और 1,542 के लाल निशान में रहे। अन्य 100



कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 से 15 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे ज्यादा 2.83 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.29 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.01 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इंडिगो, ट्रेंट, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी मजबूती रही। बीईएल में 2.30 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। टेक महिंद्रा का शेयर 1.85 प्रतिशत, इटरनल का 1.52, टाटा स्टील का 1.08 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.03 प्रतिशत टूटा। आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.23 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत उतर गया।

## रुपया नए निचले स्तर पर 97 प्रति डॉलर के करीब

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये पर बुधवार को भी दबाव जारी रहा और यह 97 प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया। पिछले कारोबार दिवस पर भारतीय मुद्रा 50 पैसे लुढ़ककर 96.70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपया आज 19 पैसे गिरकर 96.89 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 96.9575 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक उतर गया। बाद में यह हालांकि 96.77 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। खबर लिखे जाते समय रुपया 16 पैसे गिरकर 96.86 रुपये प्रति डॉलर पर था।

## चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के भाव में टिकाव रहा, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 10 रुपये सस्ता हुआ और 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 12 रुपये टूट गया। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 23 रुपये और चना दाल की 18 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल



आठ रुपये और मूंग दाल सात रुपये सस्ती हुई। वहीं तुअर दाल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा दो रिंगिट गिरकर 4,583 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.36 प्रतिशत चढ़कर 75.71 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 35 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 30 रुपये और मूंगफली तेल की 21 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल 44 रुपये और वनस्पति चार रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल तीन रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया जबकि चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7659.61 रुपये, मसूर काली 8112.36 रुपये, मूंग दाल 10154.89 रुपये, उड़द दाल 10837.37 रुपये, तुअर दाल 11271.36 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2774.21 रुपये और चावल 3859.37 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3245.79 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मेलोनी-मोदी...**

और सटीकता के लिए प्रसिद्ध है। दूसरी तरफ, भारत की पहचान बड़े पैमाने, असीमित प्रतिभा और किफायती नवाचार के पावरहाउस के रूप में है। इसलिए, अब हम डिजाइन एंड डेवलप इन इंडिया एंड इटली, एंड डिलीवर फॉर द वर्ल्ड के साझा सिद्धांत पर आगे बढ़ेंगे। पीएम मोदी ने घोषणा की कि भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना 2025-2029 इस साझेदारी को एक व्यावहारिक, समयबद्ध और भविष्योन्मुखी ढांचा प्रदान करेगी। दोनों वैश्विक नेताओं ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में हुई अपनी सात मुलाकातों के बारे में भी बताया है। प्रधानमंत्री मेलोनी ने पीएम मोदी के विजन, व्यावहारिक दृष्टिकोण और उनके नागरिकों के बीच उनकी मजबूत लोकप्रियता की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी यह ईमानदारी भरी दोस्ती आपसी सम्मान और भरोसे पर टिकी है। इसके अतिरिक्त, वैश्विक सुरक्षा के मोर्चे पर इतालवी प्रधानमंत्री ने रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जहाजों की मुक्त आवाजाही की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया। पीएम ने रक्षा-सुरक्षा क्षेत्रों में भी साझेदारी का कारण आपसी विश्वास को बताया। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में करीबी सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। हमारी सेनाओं के साथ-साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच भी सहयोग बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप से को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मैरीटाइम पावर्स के रूप में भारत और इटली के बीच कनेक्टिविटी के क्षेत्र में करीबी सहयोग स्वाभाविक है। हम मिलकर शिपिंग, बंदरगाहों का आधुनिकीकरण, लॉजिस्टिक्स और अर्थव्यवस्था पर काम करेंगे। भारत और इटली एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। टेरर फाइनेंसिंग के खिलाफ हमारी साझा पहल ने पूरे विश्व के सामने एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत और इटली ने यह संदेश दिया है कि जिम्मेदार लोकतंत्र केवल आतंकवाद की निंदा नहीं करतीं, बल्कि उसके वित्तीय नेटवर्क्स को तोड़ने के लिए ठोस कदम भी उठाती हैं। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि दोनों देशों में पिपुल टू पिपुल कनेक्ट अब दिख रहा है। दोनों देशों की भाषा में भी समानता है। संस्कृत और लैटिन एक ही भाषा परिवार से आती हैं। इस तरह हमारा रिश्ता साझी धरोहर का है। अगले साल दोनों देशों के रिश्ते की 80वीं वीं वर्षगांठ को ईयर ऑफ कल्चर के तौर पर मनाया जाएगा। एक खास बात ये है कि यहां बड़ी संख्या में रह रहे भारत के लोग हमारे संबंधों की जीवंत कड़ी हैं। उनकी देखरेख के लिए मैं पीएम मेलोनी और इटली का आभारी हूं।

**सीजेआई के...** सभी मीडिया संस्थानों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे, ताकि वास्तव में स्वतंत्र मीडिया को जगह मिल सके। गोदी मीडिया एंकरों के बैंक अकाउंट्स की जांच कराई जाएगी। अगर कोई विधायक या सांसद दलबदल कर दूसरी पार्टी में जाता है, तो उसके चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगाई जाएगी। उसे अगले 20 साल तक किसी भी पब्लिक ऑफिस में पद नहीं दिया जाएगा। अभिजीत दीपके अमेरिका की बॉस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशन की मास्टर डिग्री कर रहे हैं। वो 2020 से 2023 तक आम आदमी पार्टी (आप) की सोशल मीडिया टीम में वॉलंटियर भी रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि मैं एक्स पर सीजेआई का बयान देख रहा था, जहां पर वो सिस्टम की आलोचना करने और राय देने के लिए देश के युवाओं की तुलना कॉकरोच और परजीवियों से कर रहे थे। सोशल मीडिया पर मैंने इस पर अपनी राय दी। मैंने पूछा कि सब कॉकरोच एक साथ आ जाएं तो क्या होगा। मुझे जेन जी और 25 साल तक के युवाओं के कमाल के जवाब मिले। उन्होंने कहा कि हमें साथ आना चाहिए और एक प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए। फिर क्या था मैंने सीजेपी बना ली। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी। उन्होनें कहा कि मेरी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं।

## सच के आईने से डरती है मोदी सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सच का सामना करने से डरती है और पिछले 12 वर्षों में उसने लोकतंत्र का आईना माने जाने वाले विपक्ष तथा मीडिया की आवाज को दबाने का काम किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी देश में आर्थिक संकट के लिए वैश्विक युद्धों को जिम्मेदार ठहराते हैं लेकिन सच यह है कि देश की अर्थव्यवस्था पहले से ही चुनौतियों का सामना कर रही थी और कांग्रेस लगातार इसकी चेतावनी देती रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष और मीडिया वह आईना होते हैं, जो सत्ता को सच्चाई दिखाते हैं, लेकिन सच से डरने वाली मोदी सरकार इस आईने को तोड़ने का



काम कर रही है। झूठ आईने से डरता है। खेड़ा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने पिछले 12 वर्षों में कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की, क्योंकि उन्हें डर है कि मीडिया उनसे कठिन सवाल पूछ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश को नसीहत देकर विदेश यात्रा पर चले जाते हैं और उससे पहले लंबे रोड शो करते हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कई नेता सार्वजनिक परिवहन या बाइक पर चलने का प्रदर्शन करते हैं, जबकि पीछे उनका पूरा वाहन काफिला चलता है। कांग्रेस नेता ने महंगाई का मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि वर्ष 2014 में 414 रुपये में मिलने वाला एलपीजी सिलेंडर अब 915 रुपये का हो गया है, जो 121 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर ब्लैक में बिक रहा है, बाहर खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें बढ़ चुकी हैं तथा दूध और ब्रेड जैसी जरूरी वस्तुएं भी महंगी हो गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रुपया लगातार कमजोर होकर 97 के स्तर तक पहुंच गया है और सरकार जनता को वास्तविक आंकड़ों से दूर रख रही है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी पहले 60 दिन, फिर 60 महीने मांगते रहे और अब वर्ष 2047 तक का समय मांग रहे हैं, लेकिन बीच के आर्थिक आंकड़ों पर जवाब नहीं देते।

### देश संकट में है और प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर हैं: प्रमोद तिवारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्तमान विदेश दौरे की आलोचना करते हुए कहा है कि देश भीषण गर्मी, महंगाई और ईंधन संकट से जूझ रहा है, जबकि प्रधानमंत्री विदेश यात्राएं कर रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि पूरे देश में लोग लू और गर्मी से परेशान हैं, पेट्रोल-डीजल का संकट गहराता जा रहा है और दवाइयों की दुकानों तथा कोरियर सेवाओं से जुड़ी हड़तालों के कारण मरीजों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई और बेरोजगारी ने 40 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि जब रोम जल रहा था, तब नीरो बांसुरी बजा रहा था, उसी तरह आज देश संकट में है और प्रधानमंत्री विदेश भ्रमण में व्यस्त हैं।



लखनऊ विशेष

## टाउन हाल विद्यालय समूह ने मेधावी छात्रों व शिक्षकों को किया सम्मानित



**लखनऊ।** टाउन हाल विद्यालय समूह द्वारा जानकीपुरम परिसर में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में सम्पन्न बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं समर्पित शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. राजेंद्र प्रसाद यादव आई ए एस, अनुसचिव, उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, शैलेश पांडेय, यातायात निरीक्षक सुमित मिश्रा, सड़क सुरक्षा निरीक्षक लखनऊ तथा प्रभाकर नागो, खाद्य प्रसंस्करण अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में संस्थापक प्रबंधक डा. आई. डी. रस्तोगी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। डा. रस्तोगी ने मेधावी छात्रों को शैक्षणिक उत्कृष्टता सम्मान प्रदान किया, वहीं बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों की सफलता के पीछे अहम भूमिका निभाने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

## सभासद ने की गैस वितरण केंद्र की स्थापना की मांग

**लखीमपुर खीरी ।** जिला मुख्यालय से सटे कस्बा खीरी में भारत गैस एजेंसी संचालित है जिसके हजारों की संख्या में उपभोक्ता है मालूम हो लगभग अस्सी हजार की आबादी में मात्र यही एक गैस एजेंसी संचालित है, खीरी भारत गैस एजेंसी अपने उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर का वितरण खीरी पुलिस चौकी के सामने से करती है, मोहल्ला कटरा, डीहपुर, सै"यद वाडा, तबेला, इन मोहल्लों की दूरी गैस वितरण केंद्र से ज्यादा पड़ती है, उपभोक्ताओं को सिलेंडरों के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है,जबकि उपरोक्त मोहल्लों में भारत गैस के उपभोक्ताओं संख्या काफी मात्रा में है, इसी लिए उपभोक्ताओं की परेशानी को ध्यान में रखते हुए मोहल्ला सै"यद वाडा आंशिक डीह पुर के सभासद जहीरुल हसन अंसारी ने जिलाधिकारी महोदय से मांग की है खीरी भारत गैस एजेंसी को एक वितरण केंद्र मोहल्ला तबेला शाहरुक कुआं के पास संचालित करने का आदेश दिया जाए।

## प्रापर्टी डीलर का हत्यारोपी आसिफ ने एमपी-एमएलए कोर्ट में किया सरेंडर

**प्रयागराज।** नगर के करेली थाना क्षेत्र में 8 अप्रैल 2026 को प्रापर्टी डीलर मोहम्मद इरफान गद्दी की गोली मारकर हत्या किये जाने के मुख्य आरोपी आसिफ दुर्रानी ने एमपी एमएलए कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

उस पर 50 हजार का इनाम घोषित है। इसके साथ ही दूसरे हत्यारोपी और 25 हजार के इनामी राशिद दुर्रानी को पुलिस ने 24 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया था।करेली में प्रापर्टी डीलर मोहम्मद इरफान गद्दी की आठ अप्रैल को सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में आसिफ दुर्रानी और उसके भाई राशिद दुर्रानी को मुख्य आरोपी बनाया गया था। घटना के बाद से ही दोनों फरार हो गए थे। पुलिस की छानबीन में आसिफ का कनेक्शन माफिया अतीक अहमद से मिला। यह अतीक अहमद के आईएस -27 गैंग का शार्प शूटर था। इसके खिलाफ 17 से अधिक मामले दर्ज हैं। 2020 में पीडीए ने इसके मकान को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया था। दोनों भाइयों पर पुलिस ने पहले 25-25 हजार का इनाम घोषित किया था। इसके बाद पुलिस ने राशिद को गिरफ्तार कर लिया था। सुराग न मिलने पर आसिफ पर पुलिस ने इनाम की राशि बढ़ा 50 हजार कर दी थी।

# भीषण गर्मी के चलते शासन एक्शन मोड में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) एवं उप्र पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने आज गोखले मार्ग स्थित मध्यांचल मुख्यालय पहुँचकर राजधानी लखनऊ की विद्युत आपूर्ति की समीक्षा की।



आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा हेतु अपर मुख्य सचिव ( ऊर्जा ) डा. आशीष गोयल पहुंचे लेसा मुख्यालय ट्रिपिंग विहीन विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु दिये सख्त निर्देश

लेसा के अधिशाषी अभियन्ता एवं उसके ऊपर के अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि राजधानी होने के कारण लेसा के अधिकारियों एवं कार्मिकों की जिम्मेदारी ज्यादा महत्वपूर्ण है। यहा विद्युत आपूर्ति और व्यवस्था उच्चस्तरीय, ट्रिपिंग विहीन होनी चाहिए। इसके लिये प्रत्येक कार्मिक को ईमानदारी, परिश्रम एवं निष्ठा के साथ काम करना चाहिए। यहा जो कार्य नहीं कर पा रहा है उसे यहा से हटाइये। अध्यक्ष ने लेसा के मुख्य अभियन्ताओं से राजधानी की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था जिसमें विद्युत सामग्री, वाहनों एवं कार्मिकों की पर्याप्त उपलब्धता के सन्दर्भ में विस्तृत पूँछतांछ की। बैठक में मुख्य अभियन्ता गोमती नगर, लखनऊ मध्य, जानकीपुरम तथा अमौसी ने बताया कि उनके क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में विद्युत सामग्री, अनुरक्षण वाहन एवं कार्मिक हैं।इन क्षेत्रों में विद्युत चोरी रोकने हेतु प्रयास तेज किये गये हैं। उपभोक्ताओं से भी सम्पर्क करके उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया जा रहा है। अवर अभियन्ता, टी.जी-2 एस.डी.ओ. तथा अधिशाषी अभियन्ता देर रात्रि तक अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण पर रहते हैं।अध्यक्ष ने कहा कि अपने क्षेत्रों में ऐसे स्थानों को चिन्हित कर कार्यवाही करें जहा बार-बार ट्रिपिंग हो रही है। बिजली चोरी रो. कने हेतु प्रयास तेज करें। उपभोक्ता से सम्पर्क कर उन्हें बतायें कि क्यों बार-बार लोड बढ़ने से विद्युत बाधित हो रही है। अधिकारी फोन उठाये और उपभोक्ताओं को पूरी जानकारी दें। जो वाट्सएप ग्रुप बनाये गये हैं उनके माध्यम से विद्युत व्यवधान के बारे में सूचना दें। यह भी बतायें कि बिजली कितनी देर में सामान्य होने की सम्भावना है।

# एआई मिशन को गति देगा यूपी डाटा क्लस्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रदेश के भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विषयों, उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर क्लस्टर (यूपीडीसीसी), प्रोजेक्ट गंगा तथा गेहूं के इन-हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए मंडी शुल्क एवं मंडी सेस में संभावित छूट जैसे महत्वपूर्ण विषयों की उच्च स्तरीय समीक्षा की।



मुख्यमंत्री योगी ने डाटा सेंटर क्लस्टर, प्रोजेक्ट गंगा और गेहूं प्रसंस्करण नीति की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान गिनाईं यूपी डाटा क्लस्टर की विशेषताएं

मुख्यमंत्री ने यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर द्धयूपीडीसीसीऋ की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि डाटा सेंटर क्लस्टर केवल एनसीआर क्षेत्र तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रदेश के अन्य हिस्सों को भी इससे जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इसकी शुरुआत बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्धबीडाऋ क्षेत्र से की जा सकती है, जहां बड़े पैमाने पर भूमि उपलब्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि टाटा समूह सहित बड़ी टेक कंपनियों से संवाद स्थापित कर लखनऊ को हएआई सिटीह्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाए।

बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर क्लस्टर प्रदेश को भारत और ग्लोबल साउथ का सबसे बड़ा एआई कंप्यूट पावर सेंटर बनाने की दीर्घकालिक रणनीति है। आईआईटी कानपुर, एनआईटी प्रयागराज और 50 से अधिक इंजीनियरिंग संस्थानों के कारण राज्य में विशाल तकनीकी प्रतिभा उपलब्ध है। राज्य भारत के सभी समुद्री केबल लैंडिंग पाइंट्स से जुड़ा हुआ है। राज्य के भीतर 5 मिलीसेकंड से कम लेटेंसी तथा मुंबई और चेन्नई जैसे डिजिटल हब तक 5द-12 मिलीसेकंड कनेक्टिविटी उपलब्ध है। वैश्विक टेक कंपनियों के लिए यूपी कम लागत, बेहतर स्केलेबिलिटी और अधिक नेटवर्क रिडंडेंसी वाला आदर्श एआई इंफ्रास्ट्रक्चर हब है। योजना के तहत 20 लाख से अधिक घरों को फाइबर आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक डीएसपी अपने क्षेत्र में 200 से 300 घरों को कनेक्ट कर सकेगा। महिला उद्यमिता को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है और लगभग 50 प्रतिशत महिला उद्यमियों को जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है।

बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है। वर्ष 2025-26 में प्रदेश में 372 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन का अनुमान है, जबकि कुल उपलब्धता 407 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचती है। प्रदेश में लगभग 2.88 करोड़ किसान गेहूं उत्पादन से जुड़े हैं। इसके बावजूद सीमित प्रसंस्करण क्षमता के कारण बड़ी मात्रा में गेहूं कच्चे अनाज के रूप में दूसरे राज्यों में चला जाता है, जिससे मूल्य संवर्धन, जीएसटी राजस्व और रोजगार के अवसर प्रदेश से बाहर चले जाते हैं।

## वकीलों और गर्वमेंट प्रेस कर्मचारियों के बीच जमकर बवाल, एसीपी जख्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन और चक्काजाम कर रहे वकीलों से राजकीय मुद्रणालय के कर्मचारियों के बीच मारपीट हो गई। दोनों तरफ से हो रहे पथराव से अफरातफरी मच गई। पत्थर लगने से एसीपी सिविल लाइंस विद्युत गोयल घायल हो गए हैं।

एसआरएन की घटना के विरोध में वकीलों ने पूरे शहर में प्रदर्शन किया और आरोपी चिकित्सक को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े हैं। बड़ी संख्या में वकील सिविल लाइंस में एकलव्य चौराहे के पास सड़क जाम कर दिया। सभी वाहनों को जाने से रोक दिया गया। इसी बीच गर्वमेंट प्रेस का एक कर्मचारी बैरिकेडिंग क्रास करने लगा। इसको लेकर वकीलों से कर्मचारी से विवाद हो गया। सूचना पाकर गर्वमेंट प्रेस के बड़ी संख्या में कर्मचारी पहुंच गए और वकीलों से भिड़ गए। इसको लेकर काफी बवाल हो गया। इस दौरान चले पत्थर से कई वाहनों के शीशे टूट गए। सूचना पाकर सिविल लाइंस समेत कई थानों की पुलिस स्थिति को संभालने के लिए पहुंच गई। वकीलों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। पत्थरबाजी से इलाके में अफरातफरी मच गई। इसी बीच एसीपी सिविल लाइंस विद्युत गोयल गश खाकर गिर पड़े। उन्हें तत्काल अस्पताल भेजवाया गया। पथराव में गर्वमेंट प्रेस गेट के सामने खड़ी वैगन आर कार के शीशे टूट गए।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए: मो.अरशद



**लखनऊ।** भारत किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, पूर्व विधायक जौनपुर सदर मोहम्मद अरशद खान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ऐतिहासिक एवं देशहित से जुड़ा पत्र भेजकर देश में पशुधन नीति, कृषि अर्थव्यवस्था और विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने के लिए व्यापक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है। उन्होने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर के पूरे देश में गाय काटने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग किया है।

अपने पत्र में मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि भारत के तत्कालीन बादशाह हुमायूं के नक्शे-कदम पर चलते हुए पूरे देश में गाय काटने पर पूर्ण रूप से प्रति. बंध लगाया जाए, ताकि देश में करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था और सामाजिक भावनाओं का सम्मान सुरक्षित रह सके। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि बैल काटने पर लगी सभी प्रकार की पाबंदियां हटाई जाएं।

# डाक्टरों और तीमारदारों में जमकर हुई मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन) में आज बुधवार की भोर में कतिपय कारणों को लेकर चिकित्सकों और तीमारदारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इससे आक्रोशित डाक्टरों ने ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं ठप कर दी हैं। जिसके चलते जिले के अन्य पडोसी जनपदों से इलाज के लिए आने वाले मरीजों को कई तरह की परेशानियां उठानी पडी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार झूंसी क्षेत्र की एक महिला अधिवक्ता सुबह सड़क हादसे में घायल हो गईं सूचना पाकर परिजन और परिचित उन्हें लेकर सुबह करीब छह बजे एसआरएन अस्पताल पहुंचे। आरोप है कि यहां पर तैनात चिकित्सक सो रहे थे। जगाने पर वह अभद्रता करने लगे और मारपीट पर उतारू हो गए। विवाद बढ़ने पर ट्रामा सेंटर के चिकित्सक और कर्मचारी पहुंच गए और तीमारदारों के साथ मारपीट करने लगे। आरोप है चिकित्सकों ने सर्जिकल ब्लेड और कैंची से हमला किया। वीडियो बनाने पर फोन छीन लिया। घटना से आक्रोशित चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर और ओपीडी बंद कर दी है। इससे दूर दूर से इलाज कराने के लिए पहुंचे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ओपीडी पर्ची काउंटर बंद है। कोई भी चिकित्सक अपने कक्ष में नहीं है। प्रयागराज सहित प्रतापगढ़, कौशाम्बी, चित्रकूट, मिर्जापुर, रीवा से आए मरीज परेशान हैं। मरीजों ने कहा कि वह इतनी गर्मी और धूप झेलकर यहां पहुंचे हैं लेकिन हड़ताल के कारण उनको काफी दिक्कत हो रही है। मेडिसिन ओपीडी समेत हृदय रोग विभाग, नाक कान गला रोग विभाग, सर्जरी और टीबी एंड चेस्ट विभाग में सीनियर डाक्टर बैठे हैं, लेकिन पर्चा न बनने के कारण मरीज नहीं पहुंच पा रहे हैं। एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा समेत एसडीएम, एसीपी, सीडीपी सहित कई थानों की पुलिस पहुंच गई है।

# याग्निक ने किया सुंदर पाठ का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इमेजिन रिसोर्ट में विश्व विख्यात पूज्य अजय याग्निक महाराज का भव्य आगमन हुआ, जहां उनके मुखार. विंद से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति और आस्था के साथ सहभागिता की। सुंदरकांड पाठ ने उपस्थित भक्तों के लिए आध्यात्मिक अमृत का कार्य किया और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।कार्यक्रम के




आयोजक इमेजिन रिसोर्ट के निद. ेशक रोहित अग्रवाल एवं भारत शेट्टी परिवार द्वारा पूरे श्रद्धाभाव से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में राष्ट्रीय लोकदल के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्य मंत्री अरुण सक्सेना, सांसद अशोक वाजपेई, बीडी ग्रुप के निदेशक विराज दास सहित अनेक विशिष्ट अतिथि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने धार्मिक-सामाजिक आयोजनों को समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का माध्यम बताते हुए आयोजकों की सराहना की।

## बेसिक शिक्षा मंत्री से दम्पति शिक्षकों ने लगाई गुहार

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत दम्पति शिक्षकों ने बेसिक शिक्षा मंत्री से मांग करते हुए कहा पति-पत्नी दोनों अलग-अलग जनपदों में सेवारत हैं।



वर्षों से परिवार से दूर रहकर सेवा देने के कारण हम सभी गंभीर पारिवारिक, मानसिक एवं सामा. जिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इस समस्या पर विचार किया जाए। शिक्षकों नें कहा कि पति-पत्नी की अलग-अलग जनपदों में तैनाती के कारण छोटे बच्चों के पालन-पोषण, बुजुर्गों की देखभाल एवं पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन अत्यंत कठिन हो गया है। अतः आवेदन आधारित, सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी स्थानांतरण नीति लागू कर गतिमान ग्रीष्मावकाश में दम्पति शिक्षकों को एक ही जनपद में तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों एवं विभागीय वक्तव्यों से ज्ञात हुआ है कि नगर क्षेत्र के विद्यालयों में नई भर्ती प्रस्तावित है, जबकि पूर्व में ऐसे पद स्थानांतरण से भरे जाते रहे हैं। यदि कानपुर, लखनऊ, मेरठ सहित अन्य जनपदों के पद सीधे भर्ती से भर दिए जाएंगे, तो वर्षों से इन जनपदों में स्थानांतरण की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों की उम्मीद समाप्त हो जाएगी। पहले इन रिक्त पदों को स्थानांतरण से भरा जाए, तत्पक्षात शेष पदों पर नई भर्ती की जाए।

## दवा कारोबारियों की बंदी का दिखा व्यापक असर

**प्रयागराज।** दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक सहित कई मांगों को लेकर दवा कारोबा. रियों की एक दिन की बंदी का व्यापक असर देखा गया।

एसआरएन अस्पताल के आसपास की दुकानों को छोड़कर पूरे शहर में दवा की लगभग सभी दुकानें बंद रहीं। दवाओं की मंडी माने जाने वाले बालसन चौराहा और लीडर रोड पर सभी दुकानों के शटर गिरे रहे।व्यापारियों ने प्रदर्शन और धरना देकर सरकार पर दवा कारोबारियों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। कारोबारियों ने कहा कि सरकार के सारे प्रतिबंध फुटकर और थोक दवा दुकानदारों के लिए बनाए गए हैं। दवाओं की ऑनलाइन बिक्री करने वालों को पूरी तरह से छूट दे दी गई है। इससे दवा की दुकानों की स्थिति खराब होती जा रही है। सरकार का इन पर कोई प्रतिबंध नहीं है और ऑनलाइन खरीद को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे छोटे मेडिकल स्टोर संचालकों की कमर टूट जा रही है। आल इंडिया आर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स द्धएआईओसीडीऋ की देशव्यापी बंदी का प्रयागराज में व्यापक असर देखा गया। प्रयाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राणा चावला ने कहा कि बिना भौतिक सत्यापन के दवाओं की बिक्री से एक ही प्रिस्क्रिप्शन का बार-बार उपयोग हो रहा है।

# शंखवार के सिर पर सजा फिनिक्स क्वीन का ताज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी की नीलम शंखवार को वीजी मिसेज इंडिया ग्लोबल आइकान फिनिक्स क्वीन 2026 का ताज मिला। पेशे से शिक्षिका नीलम शंखवार ने आज लखनऊ में एक पत्रकार वार्ता में बताया कि यह ताज नई दिल्ली के फेयरली होटल्स एंड रिसाट्र्स में राष्ट्रीय स्तर की कड़ी सौन्दर्य प्रतियोगिता में हासिल किया है।

यह प्रतियोगिता ष्ड्रीम डेयर एंड बी द क्वीनष थीम पर आधारित थी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में ट्रडिशनल राउंड, डांस राउंड, इवनिंग गाउन सेगमेंट, टैलेंट शोकेस, पर्सनल इंटरव्यू और रैंप वाक शामिल था। नीलम की इस सफलता के पीछे



उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयास का अहम योगदान रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य के प्रति सच्ची लगन और आत्मविश्वास हो, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।इस उपलब्धि पर नीलम ने कहा की जीत का यह ताज केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि यह दर्शाता है कि उसने अपनी सीमाओं को तोड़ा है, रूढ़ियों को पीछे छोड़कर अपनी एक नई पहचान बनाई है, चाहे वह एक कामकाजी महिला हो या गृहिणी। एक शिक्षिका होने के नाते मेरा यह मानना है कि एक सशक्त और शिक्षित महिला ही एक ऐसे मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकती है, जो प्रगतिशील और आत्मनिर्भर हो, जब एक लड़की पढ़ती है, तो वह न केवल स्वयं शिक्षित होती है, बल्कि अपने पूरे परिवार को शिक्षित करती है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा महिलाओं को आर्थिक और मानसिक रूप से स्वतंत्र बनाती है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नाबालिग से दुष्कर्म में दस साल की सजा

## कोर्ट ने 40 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षिका की नाबालिग बेटी से घर में घुसकर दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने बाल अपराची को दोषी मानते हुए 10 साल कैद की सजा सुनाई जबकि 40 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

दो अक्तूबर 2021 की घटना शहर कोतवाली के एक मोहल्ले की थी। यहां रहने वाली एक शिक्षिका की नाबालिग बेटी 12वीं की छात्रा थी। मोहल्ले का ही रहने वाला बाल अपचारी दो साल से छात्रा को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। घटना वाले दिन शिक्षिका अपने पति के साथ बाहर गई हुई थी। उसी दौरान बाल अपचारी ने घर में घुसकर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया था। इतना ही नहीं उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया था। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर भी उसने पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। इसके बाद 27 मई 2023 की दोपहर परिजनों की गैरमौजूदगी में बाल अपचारी फिर से घर में घुस आया और तमंचे के बल पर उसने छात्रा से दुष्कर्म किया। किसी को कुछ भी बताने पर पीड़िता के भाई की हत्या करने और अश्लील वीडियो वायरल कर की धमकी दी। बदनामी की डर से छात्रा इस दर्द को सहती रही। 21 जून की रात 12:30 बजे आरोपी ने छात्रा के मोबाइल नंबर पर मैसेज भेज कर कहा कि मैंने तेरी वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए हैं। अब मैं तुझे आत्महत्या के लिए मजबूर कर दूंगा। बाल अपचारी ने पुलिस में शिकायत करने पर छात्रा और उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। जब ये बात छात्रा के परिजनों को पता चली तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने मामले की शिकायत शहर कोतवाली में की। मामले में पुलिस ने बाल अपचारी के खिलाफ घर में घुसकर दुष्कर्म व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बाद में बाल अपचार को बाल सुधार गृह भेज दिया था। पुलिस ने घटना में वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रत्नलाल लोधी द्वारा की जा रही थी। मंगलवार को कोर्ट ने मामले में आखिरी सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर बाल अपचारी को दोषी माना। दस साल कैद की सजा सुनाई तथा 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# ऑनलाइन दवा के विरोध में कैमिस्टों की हड़ताल

## कैमिस्टों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने अवैध ऑनलाइन दवा के विरोध में सांकेतिक हड़ताल रख दुकानें बंद रखी। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सौंपा।

बुधवार को ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर अमरोहा जिला केमिस्ट एसोसिशन ने सांकेतिक हड़ताल रख मेडिकल स्टोर बंद रखे। दवा विक्रेता एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि बिना किसी स्पष्ट वैधानिक प्रावधान के ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री, फर्जी ई प्रिस्क्रिप्शन, बिना वैध चिकित्सीय परामर्श के घर घर दवा वितरण तथा अत्यधिक छूट जैसी गतिविधियां करोड़ो मरीजों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुकी है। जो देशभर के लाखों लाइसेंसधारी केमिस्ट एवं दवा व्यापारियों के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न कर रही है। उन्होंने मांग की अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और बिना सत्यापित ई प्रिस्क्रिप्शन की दवाओं की बिक्री एवं होम डिलीवरी पर प्रतिबंध लगे और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा अपनाई जा रही अत्यधिक छूट नीति पर रोक लगे। ज्ञापन सौंपने वालों मे जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, महासचिव सुधीर अग्रवाल, दीपक सिरोही, विनोद, अरविंद अग्रवाल, पंकज, विवेक, नईम अहमद, संजीव गुप्ता, सुहैल, मनीष शामिल रहे।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स द्वारा की जा रही दवाओं की अवैध बिक्री और भारी छूट के विरोध में हसनपुर के समस्त दवा विक्रेताओं ने अपनी दुकानें बंद रखकर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। श्ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर केमिस्ट एसोसिएशन ने एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंप दिया।



एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप कुमार अग्रवाल और सचिव अरविंद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सौंपे गये इस ज्ञापन में कहा गया है कि बिना स्पष्ट कानूनी प्रावधानों के धड़ल्ले से चल रही ई-फार्मेसी, फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन और क्विक कॉमर्स कंपनियों द्वारा बिना डॉक्टर की सलाह के की जा रही होम डिलीवरी जनस्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा बन चुकी है। इससे देश के लाखों छोटे और लाइसेंसधारी केमिस्टों के अस्तित्व पर भी संकट आ गया है। केमिस्टों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री और प्रेडेटरी प्राइसिंग पर तत्काल रोक लगाई जाये। बताया कि कोविड काल में आपातकालीन स्थिति के लिए जारी की गई अधिसूचना जीआरएस 220 ई को तुरंत वापस लिया जाये। ज्ञापन देने वालों में बाबा फरीद, भीमसेन, फिरोज खान, निजाम अहमद, पवन कुमार समेत दर्जनों केमिस्ट मौजूद थे।

# कैमिस्टों ने तहसील में किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री और दवा कंपनियों की कथित मनमानी नीतियों के विरोध में बुधवार को कस्बे के दवा विक्रेताओं ने मेडिकल स्टोर बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ कैमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के आह्वान पर हुई हड़ताल से पूरे कस्बे में दवा आपूर्ति प्रभावित रही।

दवा विक्रेताओं ने तहसील परिसर पहुंचकर केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई और तहसीलदार मूसराम थारु को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। मंडी धनौरा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के सचिव गंगाधर रुहेला ने कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, फिर भी बड़ी कंपनियां फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन के जरिए घर-घर दवाएं पहुंचा रही हैं। इस दौरान गंगाधर रुहेला, टिंकू सैनी, धर्मेंद्र सैनी, संजय किशोर, अफजाल सैफी, आदित्य शर्मा, मयंक मुदगल, फैजान मलिक, सौरभ सैनी, गुलाब सिंह और यशपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में दवा विक्रेता मौजूद रहे।

# नहर में डूबे किशोर का चार दिन बाद मिला शव

## परिवार में मचा कोहराम, एनडीआरएफ को मिली सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर रझेड़ा के पास रामगंगा पोषक नहर में डूबे 17 वर्षीय किशोर का शव चार दिन बाद बुधवार सुबह बरामद हो गया। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। वहीं लगातार चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।



गांव निवासी जसरुद्दीन सैफी का पुत्र तसव रविवार को अपने साथियों के साथ नहर के साइफन पर नहाने गया था। बताया गया कि नहाते समय तेज बहाव में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में बह गया। साथ मौजूद युवकों ने शोर मचाकर उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज धारा के कारण वह लापता हो गया। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। एसडीएम शैलेश कुमार दुबे, तहसीलदार मूसराम थारू, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, कानूनगो मनोज कुमार और थाना प्रभारी अमरपाल सिंह की निगरानी में एनडीआरएफ व पुलिस टीम ने लगातार चार दिनों तक तलाश अभियान चलाया। बुधवार सुबह करीब नौ बजे लौहड्डा पालनपुर पुल के पास किशोर का शव पानी में तैरता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तसव परिवार में सबसे बड़ा था। उसके दो भाई और दो बहनें हैं। बेटे की मौत के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने लोगों से नहरों में नहाने से बचने की अपील की है।

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना गजरौला पुलिस ने नगर के फाजलपुर निवासी मोहित पुत्र गोपाल को गिरफ्तार करके चालान किया। वह पोक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में आरोपी था।

बता दें कि वर्ष 2025 में 28 मार्च को घर से एक किशोरी गायब हो गयी थी। किशोरी को बहला फुसलाकर घर से ले जाने के आरोप में मोहित के विरुद्ध केस दर्ज हुआ था। इसके बाद पुलिस ने जब किशोरी को बरामद किया तो उसने मोहित पर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने और दुष्कर्म करने के बयान भी दिए थे, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमे में धाराएं बढ़ाई थीं। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट में पेश किया। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में एसआई सहसंरपाल सिंह और आरक्षी जितेन्द्र कुमार सम्मिलित रहे।

## एक नजर

### पति व जेठानी पर उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के कस्बा जोया के मुहल्ला इकबाल नगर में विवाहिता ने अपने पति और तहेरी जिठानी पर गाली-गलौज, मारपीट और उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मुरादाबाद जनपद के थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव सिरसवा दोराहा निवासी स्वर्गीय इकरार अहमद की पुत्री शाहिन का निकाह 26 फरवरी 2026 को जोया निवासी शफीक अहमद के पुत्र आफताब के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति पक्ष के लोग छोटी-छोटी बातों को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे।विवाहिता का कहना है कि पति आफताब और उसकी तहेरी जिठानी रेशमा आए दिन गाली-गलौज करते थे। विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। आरोप है कि हाल ही में जिठानी को किसी बात पर टोका गया तो दोनों ने मिलकर उसके साथ अभद्रता और मारपीट की। पीड़ित ने डिडौली थाने पहुंचकर पति और जिठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### जनगणना कार्य में लापरवाही नही होगी बर्दाश्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो मंडी धनौरा।** तहसील सभागार में बुधवार को एसडीएम शैलेश दुबे ने जनगणना कार्य को लेकर सुपरवाइजरों की बैठक ली। बैठक में जनगणना कार्य को समय से और सही तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने सभी सुपरवाइजरों को जनगणना से संबंधित एचएलओ ऐप डाउनलोड करने और उसमें लॉगिन करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि जनगणना का काम बिना किसी परेशानी के पूरा हो सके। एसडीएम शैलेश दुबे ने साफ कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव और कस्बों में कोई भी मकान, परिवार या धार्मिक स्थल जनगणना से छूटना नहीं चाहिए। बैठक में जनगणना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान तहसीलदार मूसाराम थारू समेत तहसील के कई कर्मचारी और सुपरवाइजर मौजूद रहे।

### दरवाजे के विवाद में चले लाठी-डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र के बुरावली गांव में रास्ते पर मकान का दरवाजा खोलने को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने लगे। इस खूनी संघर्ष के दौरान गांव में अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने भागकर अपनी जान बचाई। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे पर जानलेवा हमला करते नजर आ रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि दोनों पक्षों के नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 15 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने गांव के ही युवक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने का आरोप लगाया है। काफी तलाश के बाद भी जब किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा तो परिजन थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस के अनुसार पीड़ित परिवार की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। परिजनों का कहना है कि किशोरी घर से अचानक लापता हो गई थी। रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में तलाश करने के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद गांव के ही एक युवक पर शक होने पर पुलिस को सूचना दी गई। थाना पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। किशोरी की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही किशोरी को बरामद कर आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टॉयलेट में गए चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक फैक्ट्री में दुग्ध वाहन चलाने वाले 55 वर्षीय चालक की टॉयलेट में मौत हो गई। आशंका है कि उनकी मौत हार्टअटैक से हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना से परिजनों में चीख पुकार मची है।

जानकारी के अनुसार थाना अमरोहा की प्रेम विहार कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय व्यक्ति सरवेन्द्र सिंह नगर के हसनपुर रोड स्थित एक दुग्ध फैक्ट्री में वाहन चलाता था। बताते हैं कि आज वह कंपनी परिसर में बने टॉयलेट में गया था, मगर उसके बाद काफी देर तक वापिस नहीं आया। रोशनदान के जरिये अंदर देखा गया तो वह जमीन

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

पर पड़ा था। इसके बाद फैक्ट्री के सुरक्षाकर्मियों ने गेट तोड़कर सरवेन्द्र सिंह को बाहर निकाला और तुरंत एक वाहन के जरिये गजरौला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भेजा। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशंका है कि उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई हो, लेकिन मृत्यु का सही कारण जानने के लिए परिजनों ने पुलिस से शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने सरवेन्द्र सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना से परिजनों में चीख पुकार मची है।

# गुर्जर समाज ने पूर्व ब्लाक प्रमुख के खिलाफ खोला मोर्चा

## एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय पर बुधवार को गुर्जर समाज के लोगों ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजेन्द्र सिंह उर्फ पप्पू के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। समाज के प्रतिनिधियों ने एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को एक ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की।

सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि विगत दिनों पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजेन्द्र सिंह उर्फ पप्पू द्वारा सार्वजनिक रूप से गुर्जर जाति के खिलाफ बेहद अभद्र, अमर्यादित और अपमानजनक टिप्पणी की गई थी। इस कृत्य से न केवल गुर्जर समाज की भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है। बल्कि क्षेत्र में आपसी भाईचारे और शांति व्यवस्था को भी खंडित करने का प्रयास किया गया है। गुर्जर समाज हमेशा से शांतिप्रिय और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाला रहा है। हमें कानून पर पूरा भरोसा है। यदि प्रशासन ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आरोपी पूर्व ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जल्द गिरफ्तारी नहीं की, तो समाज शांतिपूर्ण ढंग से उग्र आंदोलन के लिए विवश होगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान यूनियन अंबेडक के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी, अमरजीत सिंह गुर्जर, सोनू गुर्जर, गौतम गुर्जर, धर्मपाल यादव, कुलदीप गुर्जर, नन्हे यादव आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# जनगणना ड्यूटी में शिक्षकों को मिले प्रतिकर अवकाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश जूनियर शिक्षक संघ ने शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी में प्रतिकर अवकाश दिलवाने और इंक्रिमेंट बहाल करने की मांग को कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने जिलाध्यक्ष विकास चौहान के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि जनगणना में शिक्षक शिक्षिकाओं की ड्यूटी उनके कार्यस्थल से दस किलोमीटर दूर लगाई गई है। कार्यस्थल या पड़ोसी गांव में उनकी ड्यूटी लगाई जाए। छात्र छात्राओं की कम उपस्थिति पर अनेक विद्यालयों के जो इंक्रीमेंट रोक दिए गए है, उन्हें बहाल किया जाए और समायोजन का निस्तारण कर अग्रिम समायोजन की कार्यवाही हो। जबकि जनगणना ड्यूटी के शिक्षकों को प्रतिकर अवकाश दिलाया जाए। बीएसए कार्यालय में लंबित वेतन, इंक्रीमेंट ग्रेजुएटी प्रकरण का निस्तारण हो। ज्ञापन सौंपने वालों मे भूपेंद्र सिंह, विपिन कुमार, जागेश कुमार, राजदीप सिंह, वरन सिंह, मुजाहिद, अजीम, कविराज आदि मौजूद रहे।

### बच्चों की समयबद्ध स्वास्थ्य की कराई जाए जांच:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने जिला पोषण समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जनपद में संचालित पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि जनपद में वर्तमान में 151 अति कुपोषित एवं कुपोषित श्रेणी के 11 से 30 बच्चे चिन्हित हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी बच्चों की समयबद्ध स्वास्थ्य जांच कराई जाए तथा उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को नियमित रूप से पुष्टाहार का वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा जो बच्चे अत्यधिक कमजोर हैं, उन्हें आवश्यकता अनुसार एनआरसी (न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर) में भर्ती कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों के चिन्हांकन, उपचार एवं पोषण संबंधी कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण को प्राथमिकता दें। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की भी समीक्षा की तथा योजना में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जून माह तक योजना के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को योजना का लाभ मिल सके।

# कालेज गई छात्रा हुई लापता, गेट पर खड़ी मिली स्कूटी

## युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** डिग्री कॉलेज गई एक छात्रा रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। तलाश में कॉलेज पहुंचे परिजनों को गेट पर छात्रा की स्कूटी खड़ी मिली, लेकिन छात्रा का कहीं कोई पता नहीं चला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा रोज की तरह स्कूटी से डिग्री कॉलेज गई थी। काफी समय बीतने के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजन उसकी तलाश में कॉलेज पहुंचे। कॉलेज गेट पर स्कूटी खड़ी देखकर परिजनों के होश उड़ गए। कॉलेज परिसर और आसपास काफी तलाश व पूछताछ की गई, लेकिन छात्रा का कोई सुराग नहीं लग सका। घर लौटने पर परिजनों को पता चला कि छात्रा अपने साथ जरूरी कागजात और दस्तावेज भी लेकर गई थी। इसके बाद परिजनों ने आशंका जताई कि कोई युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। मामले को लेकर परिजनों ने थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस छात्रा की तलाश में जुटी है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

# इन्दिरा चौक पर लगा जाम, वाहनों की लगीं कतारें

## कड़ी मशक्कत के बाद खुला जाम, गर्मी में लोगों का हुआ बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** बुधवार के साप्ताहिक बाजार के कारण बढ़े यातायात के दबाब के कारण नगर के इंदिरा चौक पर भीषण जाम के हालात बने रहे। सड़क पर वाहनों की लम्बी कतार लगी रही। गर्मी के मौसम में जाम में फंसे वाहनों में सवार लोगों का हाल बेहाल हो गया तो वहीं जाम खुलवाने में पुलिस का भी पसीना छूट गया।

बुधवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण विशेषकर इंदिरा चौक और खादगूजर तिराहे पर यातायात का दबाब बढ़ जाता है। इस कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। बुधवार की शाम को नगर के इंदिरा चौक पर भीषण जाम लग गया। गर्मी के मौसम में जाम में फंसे लोगों का हाल बेहाल हो गया। पुलिस को जाम खुलवाने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। वाहनों में सवार गर्मी के कारण पसीना पसीना हो गए। शहर में इंदिरा चौक और चौपला पर यातायात का दबाब ज्यादा बना रहता है। लोगों का कहना है कि यहाँ पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए डिजिटल सिगनल प्रणाली की व्यवस्था होनी चाहिए। अब वाहन चालक किसी भी दिशा से मनमाने ढंग से वाहन निकाल लेते हैं, उससे भी जाम के हालात बने रहते हैं।



## सैनिक स्कूल में अनुराग सिंह ने हासिल किए 85 प्रतिशत अंक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कस्बे के एडम्स स्कूल के मेधावी छात्र अनुराग सिंह ने सैनिक स्कूल मैनपुरी में कक्षा 6 में प्रवेश पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अनुराग सिंह, रवि सिंह के पुत्र हैं और ग्राम उन्नई मकरूका के निवासी हैं। उनकी इस सफलता से स्कूल और परिवार में खुशी का माहौल है।

ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम (एआईएसएसईई) में देशभर के करीब 1 लाख 34 हजार अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें केवल 3,200 सीटों पर चयन होना था। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच अनुराग सिंह ने 300 में से 250 अंक प्राप्त कर 85 प्रतिशत अंक हासिल किए और सैनिक स्कूल मैनपुरी में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

अनुराग की इस उपलब्धि पर एडम्स स्कूल प्रबंधन ने उन्हें ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्कूल के एमडी गुलरेज अली ने कहा कि अनुराग सिंह प्रतिभाशाली छात्र हैं और भविष्य में अपने परिवार के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन करेंगे।

अनुराग सिंह ने बताया कि उनका सपना भारतीय वायुसेना में पायलट बनकर देश सेवा करने का है। छात्र की सफलता पर स्कूल स्टाफ, सहपाठियों और क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## बरेली दंगे में असलाह सप्लाई करने वाला आरोपी गफ्फार खान गिरफ्तार

**■ बहेड़ी पुलिस ने रुद्रपुर-किच्छा रोड से दबोचा, कई संगीन मुकदमों में पहले से है नामजद**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बरेली में हुए दंगों के दौरान असलाह सप्लाई करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को बहेड़ी पुलिस ने उत्तराखंड किच्छा से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर अवैध हथियारों की तस्करी करने और दंगाइयों तक असलाह पहुंचाने का आरोप है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार 19 फरवरी 2026 को बहेड़ी पुलिस ने तसलीम और सोमू खान उर्फ औशाफ को पिस्टल और कारतूस की खेप के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने खुलासा किया था कि वे पांच पिस्टल और 38 कारतूस किच्छा निवासी गफ्फार खां और समी को देने जा रहे थे। आरोपियों ने यह भी बताया था कि 26 सितंबर 2025 को बरेली में हुए दंगों के दौरान इस्तेमाल किए गए असलाह की सप्लाई भी उन्होंने ही की थी।

इस मामले में थाना बहेड़ी में आर्म्स एक्ट और बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अब तक पांच आरोपियों को जेल भेज चुकी है। फरार चल रहे आरोपी गफ्फार खां पुत्र बुन्दन खां निवासी ग्राम दरऊ थाना किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर को बुधवार दोपहर रुद्रपुर-किच्छा रोड से गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में गफ्फार खां ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध असलाह बेचने का काम करता था। आरोपी ने अपने किए पर गलती मानते हुए माफी की बात भी कही।

पुलिस के मुताबिक गफ्फार खां पर उत्तराखंड और बरेली के विभिन्न थानों में मारपीट, धमकी, खनन, गैंग और अन्य गंभीर धाराओं में करीब दस मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ पहले भी गुंडा एक्ट की कार्रवाई हो चुकी है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक रजनीश कुमार, अंकित बघेल, शिवम कुमार, हेड कांस्टेबल ओवेन्द्र कुमार और कांस्टेबल अमरजीत शामिल रहे।

## एक नजर

### मोबाइल हैक कर खाते से 68 हजार रुपये उड़ाए, आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के परौरा गांव निवासी जाफर अली पुत्र गुलाम अली के बैंक खाते से मोबाइल हैक कर 68 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जाफर अली के अनुसार, गत 13 मई को उनका मोबाइल अचानक बंद हो गया था। करीब आधे घंटे बाद मोबाइल दोबारा ऑन हुआ, लेकिन खुलते ही फोन अपने आप रीसेट हो गया। इस दौरान उनके फोन पे खाते से अज्ञात व्यक्ति ने दो बार में अलग-अलग खातों में कुल 68 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। हैरानी की बात यह रही कि रुपये कटने का कोई मैसेज मोबाइल पर प्राप्त नहीं हुआ।पीड़ित 15 मई को बैंक ऑफ बड़ौदा बल्लिया शाखा में खाते से रुपये निकालने पहुंचे, जहां उन्हें पता चला कि खाते में मात्र 600 रुपये शेष हैं। बैंक से जानकारी करने पर मालूम हुआ कि उनके खाते से रुपये श्रीकांत राजाराम माटकर एवं आर एस इंटरप्राइज के खातों में ट्रांसफर किए गए हैं।मामले में जाफर अली ने मीरगंज थाने में तहरीर देकर मोबाइल हैक कर यूपीआई के जरिए खाते से रुपये निकालने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपित खाताधारकों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिल्ली से घर लौट रहा युवक लापता, परिजनों में चिंता



**बहेड़ी के युवक का चार दिन बाद भी नहीं लगा सुराग, फोन बंद मिलने से बढ़ी बेचैनी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रजपुरा निवासी एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। मामले की सूचना पुलिस को देकर युवक की गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग की गई है।

बहेड़ी के ग्राम रजपुरा निवासी इरशाद अहमद ने बताया कि उनका भतीजा मोहम्मद जुवैर पुत्र इरशाद अहमद राजस्थान के झुंझुनूं जिले के ग्राम महेडा थाना खास क्षेत्र से अपने घर रजपुरा लौट रहा था। वह 17 मई 2026 को दिल्ली डीटीसी बस से उतरता हुआ दिखाई दिया था, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा।

परिजनों का कहना है कि युवक का मोबाइल नंबर 9355713615 लगातार बंद आ रहा है। रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी उसकी तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। युवक के अचानक लापता होने से परिवार में चिंता और बेचैनी का माहौल है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना देकर युवक की तलाश कराने और गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है।

### जन्म दिन की दावत में न बुलाए जाने पर दबंगों ने महिला और पुत्र को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** जन्म दिन की दावत में न बुलाना एक महिला और उसके रिश्तेदारों को काफी मंहगा साबित हुआ है।

क्षेत्र के गांव खय्जनपुर खंजनियां की सुनीता गंगवार के पुत्र मानस देव का 18 मई को जन्म दिन था, जिसका केक काटने का समय 8 बजे तय किया गया था। घर के सारे लोग इसकी तैयारी में जुटे हुए थे। पति खेत पर थे कि रात करीब 7 बजे महिला का तहेरा देवर गुलाब राय, उसके बहनोई मुन्ना लाल और उनके भाई रीतराम महिला के घर में घुस आए और जन्म दिन की दावत में न बुलाए जाने को लेकर खरी खोटी सुनाई, जफ उसने विरोध किया तो सभी ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब उसका पुत्र मानस देव अपनी मां को बचाने आया तो गुलाब राय ने पुत्र के पैर में बंका मारकर घायल कर दिया।

इतना ही नहीं दबंगों ने घर में आए मेहमानों सुनीता उसके पति हरीश के साथ भी मारपीट कर डाली। घायल पुत्र को लेकर थाने पहुंची सुनीता गंगवार ने घटना की तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने घायल पुत्र को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया, जहां से हालत गम्भीर होने पर उसे बरेली रेफर कर दिया गया। घटना की रिपोर्ट सुनीता गंगवार द्वारा तीनों नामजद लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

### उच्च न्यायालय के आदेश को धता बताकर थाने से ही प्रेमिका को ले गए परिजन

**एसएसपी को पत्र देकर प्रेमी ने जताई हत्या की आशंका**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव हरदुआ किफायतुल्ला के रहने वाले युवक ने बरेली की रहने वाली एक युवती से प्रेम विवाह किया था। प्रेमी प्रेमिका ने हाई कोर्ट की शरण ली जिस पर कोर्ट ने उनके पक्ष में आदेश दिया था।

बताया जाता है कि बरेली के थाना इज्जतनगर पुलिस ने कल मंगलवार को प्रेमिका के 164 के ब्यान दर्ज कराए थे जिसमें उसने प्रेमी की साथ ही जाने की बात कही थी। बताया जाता है कि जब बयानों के बाद पुलिस प्रेमिका को थाने लेकर आई जिस पर उसके परिजन उसे जबरन अपने साथ साथ ले गए।

प्रेमिका को जबरन साथ ले जाने के बाद आज बुधवार को प्रेमी ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर उच्च न्यायालय के आदेश पर अमल कराते हुए उसकी पत्नी को दिलवाए जाने की मांग की है। प्रेमी ने अपनी प्रेमिका/पत्नी की हत्या किए जाने की आशंका भी जताई है।

### भीषण गर्मी में शिक्षक नेता ने लगाया प्याऊ, राहगीरों को पिलाया शरबत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** भीषण गर्मी और हीट वेव के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शिक्षक नेता अरविन्द गंगवार ने अपने सहयोगियों और परिजनों के साथ शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया, जिससे लोगों ने राहत महसूस की।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल महामंत्री एवं ब्लॉक रिछा (दमखोदा) स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय अटरिया के प्रधानाध्यापक अरविन्द गंगवार की ओर से अटरिया स्थित गरहज मंदिर परिसर में प्याऊ लगाकर राहगीरों की सेवा की गई। तपती धूप और गर्म हवाओं के बीच लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षक नेताओं और ग्रामीणों ने भी राहगीरों को शरबत वितरित कर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। इस मौके पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल उपाध्यक्ष सुनील कुमार, ग्राम प्रधान अटरिया, ब्लॉक अध्यक्ष ब्रह्मदेव आर्या, ब्लॉक मंत्री दशरथ सिंह गंगवार, उमेश कुमार श्रीवास्तव, त्रिवेणी सिंह, शबनम खानम, राजेश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

राहगीरों ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को ठंडा पानी और शरबत पिलाना बेहद पुण्य का कार्य है। लोगों ने अरविन्द गंगवार और उनकी टीम की इस सामाजिक पहल की प्रशंसा करते हुए इसे मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

## मीरगंज तहसील में वकीलों का प्रदर्शन

**■ लखनऊ लाठीचार्ज के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए कथित बर्बर लाठीचार्ज और पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में मीरगंज के वकीलों में भारी आक्रोश देखने को मिला। घटना के विरोध में बुधवार को मीरगंज बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।

प्रदर्शन के बाद अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर उप जिलाधिकारी मीरगंज को ज्ञापन सौंपा। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि वकीलों पर लाठीचार्ज लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्याय व्यवस्था से जुड़े लोगों की आवाज को दबाने का प्रयास है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने लखनऊ घटना के जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। साथ ही भविष्य में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' को प्रभावी ढंग से लागू किए जाने की मांग की।

बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय एडवोकेट, सचिव हरीश कुमार लाखा, यशपाल एडवोकेट समेत दर्जनभर से अधिक अधिवक्ता मौजूद रहे।

## यूपी का एमएसएमई सेक्टर बना अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार

**■ एमएसएमई मंत्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने पदभार ग्रहण करने के बाद आज पहली समीक्षा बैठक की**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने पदभार ग्रहण करने के बाद आज पहली समीक्षा बैठक की। लखनऊ स्थित मुख्य भवन सभागार कक्ष में राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा के साथ विभागीय अधिकारियों की बैठक में विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों और विभागीय गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बाद श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का एमएसएमई क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और स्वरोजगार का मजबूत आधार बन रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार प्रदेश के युवाओं, उद्यमियों और लघु उद्योगों को नई ऊर्जा, बेहतर अवसर और सशक्त मंच उपलब्ध कराने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। बैठक में विभाग की चल रही योजनाओं की प्रगति और आगे की कार्ययोजना पर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

## सीएम डैशबोर्ड में रैंक सुधारने को डीएम सख्त

**■ विभागों को दिए समयबद्ध कार्य के निर्देश**





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विकास कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और पोर्टल पर अद्यतन प्रगति अपलोड करने पर विशेष जोर दिया गया।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि छह ऐसे इंडिकेटर चिन्हित किए गए हैं, जिनके कारण पिछले माह जनपद की रैंकिंग प्रभावित हुई थी। उन्होंने संबंधित विभागों को इन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देकर कार्यों में तेजी लाने तथा जनपद की रैंकिंग में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में पीएम सूर्य घर योजना, अल्पसंख्यक विभाग, विद्युत विभाग, उद्यान विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, जननी सुरक्षा योजना और कृषि विभाग समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने कार्यों की अद्यतन स्थिति समय से पोर्टल पर अपलोड करें, ताकि प्रगति रिपोर्ट सही तरीके से परिलक्षित हो सके।

उन्होंने सिंचाई विभाग के सभी नौ डिवीजनों और दिव्यांग कल्याण विभाग के अंतर्गत कराए गए निर्माण कार्यों व भवनों के संचालन की स्थिति की अलग से समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

सीएमआईएस पोर्टल से संबंधित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला, ड्रग वेयर हाउस, पर्यटन विभाग की चार परियोजनाएं, रोडवेज बस स्टेशन निर्माण तथा बेसिक शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्ण हो चुके कार्यों का शीघ्र हैंडओवर सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, जिला समन्वय एनआरएलएम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क पार कर रही महिला को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**■ खेत पर जाते समय हुआ हादसा, अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में अधेड़ महिला की मौत हो गई। खेत पर जा रही महिला को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव खगाई नगर निवासी गणेश राम की पत्नी प्रेमवती (50) मंगलवार शाम करीब छह बजे अपने खेतों की ओर जा रही थीं। बताया जाता है कि वह गांव से भिलेइया रोड पर पहुंचीं और सड़क पार करने लगीं। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही प्रेमवती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, और घायल महिला को पहले स्थानीय अस्पताल तथा बाद में बरेली के अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जनगणना सामग्री वितरण शुरू, कर्मचारियों को दिए गए दिशा-निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** भारत सरकार के आगामी जनगणना अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को तहसील परिसर में जनगणना संबंधी आवश्यक सामग्री का वितरण कार्य शुरू किया गया। इस दौरान पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को अभिलेख, प्रपत्र, दिशा-निर्देश पुस्तिकाएं और अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई गई। उपजिलाधिकारी निधि शुक्ला ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निभाएं। उन्होंने कहा कि सही आंकड़े ही बेहतर योजनाओं के निर्माण में सहायक होते हैं।तहसीलदार एवं चार्ज ऑफिसर आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील प्रक्रिया है। इसे व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 70 प्रतिशत सामग्री वितरण कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष सामग्री का वितरण 21 मई को संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान गिरजा शंकर, धर्मेंद्र कुमार समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## मिट्टी की ढांग गिरने से दो महिलाओं की मौत

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में तालाब से मिट्टी निकालते समय ढांग गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। समाथल गांव में बुधवार सुबह कुछ महिलाएं घरों की लिपाई-पुताई के लिए तालाब से पीली मिट्टी निकालने गई थह्व। मिट्टी खोदने के दौरान अचानक तालाब की ऊंची ढांग गिर गई

## पूर्वोत्तर रेलवे के गेटमैन मो. जाकिर हुसैन बने सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। गोरखपुर स्थित महाप्रबंधक सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में तीन कर्मचारियों को सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

इनमें इज्जतनगर मंडल के भोजीपुरा स्टेशन के अधीन समपार संख्या 3/सी पर तैनात गेटमैन मो. जाकिर हुसैन को उनके साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

बताया गया कि 15 मार्च 2026 को ड्यूटी के दौरान मो. जाकिर हुसैन ने एक अप मालगाड़ी के इंजन के चक्के से चिंगारी निकलते देख तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को रुकवा दिया।

जांच में पता चला कि चक्के में तार फंसा हुआ था। समय रहते तार हटाकर मालगाड़ी को सुरक्षित रवाना किया गया। उनकी सजगता के चलते एक संभावित बड़ा हादसा टल गया।

मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सहित मंडल के अधिकारियों और पर्यवेक्षकों ने मो. जाकिर हुसैन के कार्य की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता और जिम्मेदारी यात्रियों एवं रेल संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाती है।

## बीडीएम पब्लिक स्कूल में गोवा बीच थीम पूल पार्टी, बच्चों ने जमकर किया मस्ती





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बीडीएम पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप के अंतिम दिन किंडरगार्डन के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए "गोवा बीच थीम पूल पार्टी" का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को बीच पार्टी की थीम के अनुरूप आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पूल पार्टी, रेन डांस, सिंगिंग और डांसिंग गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने संगीत की धुनों पर जमकर नृत्य किया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। बच्चों के लिए विशेष रूप से नारियल पानी, भेलपुरी और विभिन्न प्रकार के फ्रूट जूस की व्यवस्था की गई, जिसका बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। पूल गतिविधियों और मनोरंजक खेलों ने बच्चों को गर्मी से राहत देने के साथ-साथ आनंद और उत्साह से भर दिया।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के समग्र विकास, सामाजिक सहभागिता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। समर कैंप का समापन बच्चों की हंसी, उत्साह और यादगार पलों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# तीमारदार से ठगी की घटना को शहर पुलिस ने छिपाया

## अस्पताल के बाहर सनसनीखेज वारदात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर के चंद्रकांत आत्रेय हॉस्पिटल के बाहर मरीज के परिजन से पन्द्रह हजार पांच सौ रुपए की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गंभीर बात यह है कि पीड़ित ने पुलिस पर भी आरोप लगाए हैं। ठगी की पूरी घटना अस्पताल परिसर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम हसन अलीपुर, थाना नगीना निवासी ब्रह्मपाल का पुत्र दो दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसका उपचार बिजनौर स्थित चंद्रकांत आत्रेय हॉस्पिटल में चल रहा है। सुबह ब्रह्मपाल अस्पताल के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान दो अज्ञात युवक उनके पास पहुंचे और बातचीत में उलझा कर उनसे पन्द्रह हजार पांच सौ रुपए की ठगी कर फरार हो गए। पीड़ित ब्रह्मपाल का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने शहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस ने उनकी तहरीर पर कार्रवाई करने के बजाय मामला शांत कराने का प्रयास किया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि पुलिस ने उन पर दबाव बनाकर यह लिखवा लिया कि वह कोई कार्रवाई नहीं चाहते है।

बताया जा रहा है कि ठगी करने वाले संदिग्ध आरोपी अस्पताल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए हैं। घटना के बाद अस्पताल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। एक ओर परिवार पहले से घायल बेटे के इलाज को लेकर परेशान था, वहीं इस ठगी ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। फिलहाल इस मामले में पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यदि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जाती है, तो शातिर आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है।

# कोतवाली देहात में भाजपा नेताओं की खुली गुंडागर्दी

## पुलिस कर्मियों ने भी दिया साथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कोतवाली देहात में भाजपा नेताओं की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। गंभीर बात यह है कि पुलिस कर्मियों ने भी उनका साथ दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार दबंग भाजपा नेता परिजनों के साथ ग्राम रहमापुर में एक घर में घुस गए और पुलिस की मौजूदगी में परिवार पर हमला कर दिया। महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोपितों को घेर लिया और दौड़ा कर पीटा। हमलावर मौके पर दो कार छोड़ कर फरार हो गए। पीड़ित महिला की ओर से भाजपा नेता समेत छह नामजद व अज्ञात के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

घटनाक्रम के अनुसार ग्राम रहमापुर निवासी मोहित कुमार देर शाम कार से अपने ग्राम जा रहा था। रास्ते में पड़ोसी ग्राम विश्नोईवाला निवासी भाजपा नेता सुरेश भगत के पुत्र अंकुल की लकड़ी से लदी खराब हुई ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी थी। रास्ते में ट्राली खड़ी करने को लेकर अंकुल और मोहित में गाली-गलौज हो गई। ग्रामीणों ने विवाद निपटा दिया। अंकुल के घर पहुंचकर घटना की जानकारी स्वजन को दी। रात करीब दस बजे सुरेश भगत परिजनों के साथ दो कारों और लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली व 15-20 अज्ञात लोगों के साथ मोहित के घर पहुंच गए। आरोप है कि इस दौरान दूसरे क्षेत्र के दरोगा परशुराम व दो सिपाही भी उनके साथ थे। पुलिस ने घर का दरवाजा खुलवाया और इस दौरान भाजपा नेता पुलिस की मदद से अंदर घुस गए। हमलावरों से बचने के लिए मोहित तीसरी मंजिल पर चढ़ गया। पीछे-पीछे दबंग पहुंच गए और मोहित के साथ मारपीट की। आरोप है कि उन्होंने महिलाओं को भी नहीं बख्शा। विवाद बढ़ता देख आरोपी पुलिसकर्मी वहां से चुपचाप चले गये। मोहित की मां आदेश देवी और पत्नी अभिलाषा ने शोर मचा दिया। ग्रामीण मौके पर आ गए और आरोपितों को दौड़ा कर पीटा। हमलावर दोनों कार और ट्रैक्टर-ट्राली मौके पर छोड़कर भाग निकले। घायल मोहित का मेडिकल कराया गया है। अभिलाषा की तहरीर पर सुरेश भगत व उसके पुत्र अंकुल, विपुल व नकुल, दीपू, शांतनु, नरदेव तथा अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित सुरेश भगत भाजपा मंडल का पूर्व महामंत्री है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में आरोपी पुलिस कर्मियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# सड़क हादसे में तीन घायल

**अफजलगढ़।** आज देर शाम कालागढ़ रामगंगा में नहा कर लौट रहे बाइक सवार युवकों की किसान से टक्कर हो गई, जिसमें तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्राम माननगर निवासी हरपाल सिंह (52 वर्ष) पुत्र बलराज सिंह पशुओं के लिए सिर पर चारा लेकर सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान कालागढ़ से नहा कर घर लौट रहे बाइक सवार ललित कुमार (19 वर्ष) पुत्र निर्मल सिंह निवासी अलीयारपुर तथा प्रियांशु (17 वर्ष) पुत्र सौ सिंह निवासी कुंडेश्वरी, थाना ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद की बाइक अनियंत्रित होकर किसान से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ललित कुमार को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

## एक नजर

### तार गिरने से कार में आग




**बिजनौर।** सिविल लाइन में बिजली का तार टूट कर नीचे गिरने से स्विफ्ट कार में आग लग गई। बताया जाता है कि प्रतीक जैन पेट्रोल पंप के पास बिजली के खंभे में फॉल्ट होने के बाद एलटी लाइन का तार टूटकर नीचे खड़ी स्विफ्ट कार पर गिर गया। कार में आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। घटना पेट्रोल पंप के पास होने से बड़ा खतरा पैदा हो गया था। मौके पर मौजूद पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने तुरंत फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। बिजली घर पर सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई। जनपद में बिजली के तार काफी जर्जर हालत में हैं। भीषण गर्मी में यह तार लोड नहीं संभाल पा रहे हैं। जगह-जगह फाल्ट हो रहे हैं। विद्युत कर्मचारी एक जगह फाल्ट सही भी नहीं कर पाते है और इससे पहले कई जगह फाल्ट हो जाते है। विद्युत लाइनों के नीचे खड़ा होना खतरे से खाली नहीं है।

### भाकियू की मासिक पंचायत



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने मासिक पंचायत के बाद सीएम को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। गन्ना समिति कार्यालय परिसर में पंचायत आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बड़े आंदोलन के लिए विचार विमर्श किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह 12 जून से तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर लालकोठी (हरिद्वार) में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव चौधरी पदम सिंह, डॉ. अरूण कुमार, डॉ. गौरव चौधरी, देवेंद्र प्रधान, भूपेंद्र सिंह, नरेश कुमार, योगेंद्र सिंह काकरान, प्रदीप राणा, अंकित दहिया, विनील चौधरी, राहुल चौधरी, मूला सिंह, आकाश चौधरी, जय सिंह, मुव्वशिर बेग, अकरम अली, सुखवीर सिंह, फुरकान अली आदि मौजूद थे।

### दूसरे दिन भी गोताखोर नाकाम



**मंडावर।** भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए गंगा में नहाने के दौरान डूबे किसान हरि सिंह को गोताखोर आज दूसरे दिन भी नहीं ढूंढ पाए। ग्राम जहांगीरपुर निवासी 65 वर्षीय हरि सिंह पुत्र घसीटा मंगलवार को अंबिका देवी उर्फ गलखा देवी मंदिर के पास स्थित खेतों पर रोजमर्रा की तरह काम करने गया था। उनके साथ गांव के ही बिट्टू भी था। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप में गर्मी से राहत पाने के लिए हरि सिंह गंगा नदी में नहाने उतर गया। वह गहरे भंवर में फंस गया और इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। हालांकि हरि सिंह तैरना अच्छी तरह जानते थे। इस घटना से क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

### ट्रेन के बीच फंसने से मौत

**नजीबाबाद।** स्थानीय रेलवे स्टेशन में सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ते समय महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह फिसलकर ट्रेन और प्लेट फार्म के बीच में फंस गई। सूचना पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। महिला की पहचान शादमा पत्नी हनीफ निवासी मौहल्ला चारबाग, नई बस्ती के रूप में हुई। महिला अपनी ससुराल सेलमपुर, दिल्ली जा रही थी।

### जेल में मौत की जांच

**बिजनौर।** जिला कारागार में बंद विचाराधीन कैदी मौहम्मद हसन उर्फ शानू की उपचार के दौरान मेरठ मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। इस मामले में जिला प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। डिप्टी कलेक्टर प्रिंस कुमार ने बताया कि अमरोहा निवासी मौहम्मद हसन उर्फ शानू एनडीपीएस एक्ट के मामले में 22 अप्रैल 2026 को जिला कारागार में निरुद्ध किया गया था। 27 अप्रैल को बंदी ने बुखार और कमजोरी की शिकायत की, जिसके बाद उसे जेल चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर 30 अप्रैल को जिला अस्पताल बिजनौर रैफर किया गया। वहां से एक मई को उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज भेजा गया था, जहां उपचार के दौरान दो मई की रात को चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों और बीएनएसएस की धाराओं के तहत मामले की मजिस्ट्रियल जांच उप जिलाधिकारी (न्यायिक) बिजनौर द्वारा की जा रही है। प्रशासन ने कहा है कि मामले से संबंधित कोई भी व्यक्ति अपना बयान या साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

# चेयरपर्सन पति ने ईदगाह क्षेत्र का निरीक्षण किया

**नहटौर।** ईद उल अजहा (बकरीद) के मद्देनजर नगर पालिका चेयरपर्सन पति व प्रतिनिधि मौहम्मद जैद ने ईदगाह क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईदगाह जाने वाली मुख्य सड़क के निर्माण कार्य का जायजा लिया और स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान मौहम्मद जैद ने शहरवासियों को आश्वस्त किया कि चुनाव के समय किए गए वादों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार ईद की नमाज के लिए नई और पक्की सड़क से होकर ईदगाह पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि शहर की जनता की सुविधा उनकी पहली प्राथमिकता है। वार्ड के लोगों ने निरीक्षण के दौरान जल भराव और जल निकासी की समस्या को प्रमुखता से उठाया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मौहम्मद जैद ने भरोसा दिलाया कि सड़क के साथ-साथ नाले का निर्माण भी जल्द शुरू कराया जाएगा। इसका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को गंदगी और जल भराव की समस्या से स्थायी निजात दिलाना है।

# ईद उल अजहा पर सही अमल करें : मुफ्ती रियाज

## पर्दे में कुर्बानी करने की गुजारिश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मशहूर आलिम ए दीन मुफ्ती रियाजुद्दीन कासमी उस्ताद मदरसा इशातुल उलूम मानियावाला ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद उल अजहा के मौके पर हिदायत देते हुए कहा कि कुर्बानी करने में एहतियात रखनी चाहिए। हम ऐसे मुल्क में रहते हैं। जहां पर सभी मजहबों के लोग रहते हैं। हमारे गलत अमल से किसी को तकलीफ नहीं पहुंचनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि बंद जगह पर कुर्बानी करें। कुर्बानी करते वक्त वीडियो न बनाएं और वीडियो बना कर उसको सोशल मीडिया पर अपलोड न करें। कुर्बानी के अवशेष व गोश्त को सड़कों पर न डालें। उससे गंदी फैलती है और बीमारी फैलने का अन्देशा रहता है।

अवशेष को कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले। कुर्बानी की जगह और नालियों को पानी से धो दें। उन्होंने कहा कि इस्लाम का कोई भी अमल व त्यौहार ऐसा नहीं है, जिससे दूसरों को तकलीफ पहुंचे। अगर आप कुर्बानी कर रहे हैं और उससे दूसरों को तकलीफ पहुंचे रही है, तो उससे अल्लाह राजी नहीं होगा। कुर्बानी तो आपकी हो जाएगी, लेकिन अल्लाह के यहां मकबूल नहीं होगी।

# नौ साल की उम्र में हाफिज बने आरेज

## मदरसा मारिफ उल उलूम में सालाना जलसा दस्तारबंदी



**मनव्वर अंसारी**

**सहसपुर।** सिर्फ नौ साल की उम्र में हाफिज ए कुरान बन कर आरेज यजदानी ने खानदान का नाम रौशन किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मदरसा मारिफ उल उलूम में दस्तारबंदी के मौके पर जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें मेहमान ए खुसूसी के तौर पर एशिया की अजीम दर्सगाह दारुल उलूम देवबंद से मौलाना मौहम्मद सलमान सहसपुरी, उस्ताद ए हदीस दारुल उलूम देवबंद और मुफ्ती तौहीद आलम, उस्ताद ए हदीस मदरसा शाही मुरादाबाद ने शिरकत की। मौलाना सलमान ने मौजूदा हालात पर बयान किया। जबकि मुफ्ती तौहीद आलम ने इल्म की जरूरत और फजीलत पर बयान करते हुए फरमाया कि इतना इल्म ए दीन सीखना, जिससे हलाल और हराम के बीच फर्क किया जा सके, हर मुसलमान पर वाजिब और जरूरी है। इसी तरह सूद के हराम होने पर बयान करते हुए मुफ्ती तौहीद आलम ने फरमाया कि सूद निहायत ही बुरा और लानती अमल है। इसकी हुरमत कुरान और हदीस से साबित है।

मदरसा मारिफ उल उलूम से फारिग होने वाले तकरीबन 44 तलबा की दस्तारबंदी की गई। मास्टर शहजाद अहमद के बेटे आरेज यजदानी ने सिर्फ नौ साल की उम्र में कुरान ए पाक हिफ्ज मुकम्मल किया। उनकी भी दस्तारबंदी हुई। तजवीद से 20, जबकि दर्जा हिफ्ज के 24 तलबा की दस्तारबंदी की गई। जिसमें हाफिज मौहम्मद शाहनवाज पुत्र मौहम्मद अकरम भी शामिल थे। निजामत के फराइज मुफ्ती कासिम उस्ताद मदरसा मारिफ उल उलूम ने अंजाम दिए। इसके अलावा मौलाना शफीकुर्रहमान की दुआ पर प्रोग्राम का इख्तिताम हुआ।

इस मौके पर मदरसे के सदर अलहाज बाबू हबीबुर्रहमान, हाजी शमसुद्दीन, मुफ्ती अकील अहमद, मौलाना इनामुर्रहमान, मौलाना यूसुफ शेरकोट, कफील, हाफिज निजामुद्दीन, कारी रईस, डॉक्टर नजर अंसारी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### व्यापारियों से चंदाखोरी बंद



**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बैठक जामा मस्जिद के निकट आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ भी बैठक में शामिल रहे। अध्यक्षता प्रदेश मंत्री श्रीमती बिंदु सर्राफ ने की। इस दौरान जामा मस्जिद मार्केट का अध्यक्ष मौहम्मद जीशान, मुनीरग.ंज का अध्यक्ष खुर्रम अफजाल और अमदु खां चौराहा का अध्यक्ष मौहम्मद जाहिद को मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ एवं प्रदेश मंत्री बिंदु सर्राफ ने तीनों नवनियुक्त अध्यक्षों को सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन व्यापारियों का नंबर वन संगठन है। जनपद में अन्य व्यापार मंडलों द्वारा चलाए जा रहे चंदाखोरी के धंधे को उनके संगठन ने बंद करा दिया है। उन्होंने कहा कि संगठन निस्वार्थ सेवा के लिए होता है। कार्यक्रम का संचालन शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी, जिला महामंत्री रईस कुरैशी, तनवीर उस्ताद, युवा नगर अध्यक्ष शेर अली, धीरज झा, श्रीमती गीता केसले, विशाल कुरैशी, मौहम्मद आसिफ, सिताब खान, मौहम्मद इरशाद, दीपांशु वर्मा, मौहम्मद कमर, परवेज अली, मौहम्मद असगर, मौहम्मद दानिश, मौहम्मद साजिद, मौहम्मद आसिफ आदि मौजूद थे।

### आवास योजना में धांधली

**बिजनौर।** प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली का मामला सामने आया है। इस मामले में शिकायत की गई थी कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभार्थियों का गलत चयन किया गया हैं। शिकायत में कहा गया कि उनकी न अपनी भूमि है और वह किरायेदार हैं, फिर भी जांच कर्ताओं ने लाभार्थियों का सत्यापन बिना किसी आवश्यक नक्शे और कागजात के कर दिया। जिसके कारण लाभार्थी राजेन्द्र वर्मा और प्रियंका वर्मा को पात्र बना दिया। जिसकी शिकायत श्रीमती ऊषा शर्मा पत्नी शिवकुमार शर्मा निवासी मौहल्ला खत्रियान बी-12 ने की। जिसमें कहा गया कि इनका अपना मकान नहीं है यी किरायेदारी के मकान में रहते हैं, जिसमें कुछ हिस्से में राजेन्द्र वर्मा व कुछ हिस्से में प्रियंका वर्मा रहते हैं। दूसरी ओर पिंकी खन्ना पत्नी कुलदीप खन्ना को एक सादे कागज पर लिखी वसीयत के आधार पर लाभार्थी बनाकर ढाई लाख रुपए गलत तरीके से दिए गए, जबकि इनके पास दो मकान स्वयं का, चार पहिया वाहन, मोटर साइकिल, स्कूटी होने पर भी गरीब दिखाकर लाभार्थी बनाया गया। श्रीमती शर्मा का कहना है कि इन तीनों की कई बार जांच की गई। पांच वर्षों की कड़ी मेहनत, तहसील, नगर पालिका परिषद की जांच के उपरांत तीनों को अपात्र घोषित किया गया। लेकिन डूडा विभाग ने आज तक इनसे वसूली नहीं की है। डूडा में इस तरह के कई घोटाले सामने आ चुके हैं।

# रामनाथ स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारम्भ




**नूरपुर।** आजमपुर के रामनाथ इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर कक्षा एक से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सात दिवसीय शिविर में विभिन्न शैक्षणिक, मनोरंजक एवं रोचक गतिविधियां शामिल की गई हैं। जिनमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित क्रियाएं, कला, शिल्प, नृत्य, गायन, मेहंदी आदि प्रतियोगिताएं शामिल थी। उद्घाटन प्रबंध निदेशक राजीव शर्मा एवं रचित शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य मोहित सिरोही ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान स्नेहा, अफशा, श्रीमती नाहिद, अरुण, सागर, सक्षम, लालमन, हिमाचल, साक्षी, कशिश, सृष्टि, मोनिका, स्वाति, हनी, शबनम, सोनी, विधि आदि मौजूद थी।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद रहे मेडिकल

**शेरकोट।** ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में आज नगर का दवा बाजार पूरी तरह बंद कर विरोध जताया है। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के समर्थन में दवा व्यापारियों ने बंदी रखकर विरोध जताया। बाजार बंद रहने से शहर के प्रमुख मेडिकल स्टोरों पर दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। यूनियन अध्यक्ष अचल चौहान ने कहा कि ऑनलाइन दवाओं की बिक्री से छोटे और मध्यम मेडिकल स्टोरों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। साथ ही बिना पर्याप्त निगरानी के ऑनलाइन दवा उपलब्ध होना मरीजों की सेहत के लिए भी खतरा साबित हो सकता है। व्यापारियों का कहना था कि दवा कारोबार स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा संवेदनशील विषय है।

# झुलसे बच्चों से मिले चंद्रशेखर

## परिजनों को मदद का दिया आश्वासन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना के सांसद चंद्रशेखर ने पिछले दिनों झालू मार्ग पर बिजनौर चीनी मिल की राख से झुलसे पांच बच्चों से मिल कर परिजनों को मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों से वार्ता कर पीड़ित परिवारों की मदद एवं आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए कहा।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना के सांसद चंद्रशेखर ने आज यहां बिजनौर चीनी मिल की राख से झुलसे पांचों बच्चों का हालचाल जाना और उनके परि. जनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से बात. चीत कर पूरे मामले की जानकारी ली। बिजनौर चीनी मिल के खिलाफ अब तक रिपोर्ट दर्ज न होने पर सांसद ने नाराजगी जताई और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ हुई यह घटना बेहद गंभीर है और जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। इस दौरान आजाद समाज पार्टी के संस्थापक सदस्य व जिला पंचायत सदस्य विवेक सैन, युवा नेता परवेज पाशी आदि भी मौजूद थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
में जनपद बिजनौर में विशेष संवाददाता व संवाददाता सहित क्राइम रिपोर्टर बनने के इच्छुक एवं एजेंसी लेने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय- बाबा प्लाजा, बिजनौर
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# तालाब की ढांग भरभराकर गिरी, पीली मिट्टी खोद रहीं दो महिलाओं की मौत, एक गंभीर

## बिलारी के समाथल गांव में हादसा, घर की लिपाई के लिए मिट्टी लेने गई थीं महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव समाथल में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। घर की लिपाई के लिए तालाब किनारे पीली मिट्टी खोदने गई तीन महिलाएं अचानक ढांग गिरने से मिट्टी में दब गईं। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार गांव समाथल निवासी 40 वर्षीय माला देई पत्नी बृजपाल सिंह, 35 वर्षीय सुनीता पत्नी श्रीराम कश्यप और 40 वर्षीय रामवती पत्नी छत्रपाल सिंह सुबह करीब 7 बजे शिव मंदिर के पास स्थित तालाब पर मिट्टी खोदने गई थीं। बताया गया कि महिलाएं तालाब की गहरी ढांग के नीचे मिट्टी निकाल रही थीं, जबकि कुछ बच्चे बाहर खड़े इंतजार कर रहे थे। इसी





दौरान कमजोर हो चुकी ढांग अचानक भरभराकर गिर गई और तीनों महिलाएं मिट्टी में दब गईं। घटना के बाद बच्चों ने गांव पहुंचकर शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण फावड़े लेकर मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद मिट्टी हटाकर महिलाओं को बाहर निकाला। गंभीर हालत में तीनों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने माला देई और सुनीता को मृत घोषित कर दिया। वहीं रामवती की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

मृतका माला देई का बेटा यश कुमार मुबारकपुर बिजलीघर में संविदा लाइन स्टाफ के रूप में कार्यरत है, जबकि सुनीता अपने पीछे दो बेटियांख्र9 वर्षीय पूजा और 4 वर्षीय माधुरीख्रछोड़ गई हैं। परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# परिवार परामर्श केंद्र में दो दंपतियों का कराया गया समझौता

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह समझौता केंद्र की बैठक गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी एवं थानाध्यक्ष डॉ. रुकम पाल सिंह की देखरेख में आयोजित हुई। बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे आपसी विवादों को काउंसलरों के सहयोग से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान कुल 23 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें आठ मामलों का निस्तारण हुआ। वहीं दो परिवारों को पुन: मिलाकर समझौता कराया गया तथा छह पत्रावलियां आवेदक द्वारा बल न देने एवं अन्य कारणों से बंद कर दी गईं। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, सब इंस्पेक्टर महेश गंग. वार एवं हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

चन्दौसी। उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम से जुड़ी महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्र में चौपाल आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं अधिकारों से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही एंटी रोमियो टीम ने बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम 1930, एम्बुलेंस 108 सहित अन्य सेवाओं के पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

## एक नजर

### बुधवार शाम तक लगभग दो लाख पच्चीस हजार लोगो ने की स्व: गणना

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जनपद में स्वगणना का कार्य तेजी से चला है। बुधवार शाम 6:00बजे तक 225000 लोगों की स्वगणना का आंकड़ा छूता दिखाई दिया। लक्ष्य बना कर प्रशानिक टीम कार्य कर रही है। इसी के




चलते काफी लोग स्वगणना करवाने में रुचि ले रहे हैं। यह कार्य 7 मई से शुरू हुआ था और 21 मई तक चलेगा ॽ22 मई से घर घर जाकर जनगणना का कार्य प्रगणक करेंगे। इससे पहले कोशिश है कि ज्यादा लोगों की स्वगणना का कार्य कर लिया जाए। जिला जनगणना अधिकारी ममता मालवीय ने बताया कि अब तक 225000 से ज्यादा लोगों की स्वगणना का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिला जनगणना अधिकारी ने कहा कि स्वगणना के लिए पोर्टल एचटीटीपीएस://से. सेंसस.गोव.इन पर जाना होगा। इसके लिए परिवार के मुखिया का मोबाइल नंबर डालना होगा। आधार और मकान से जुड़ी जानकारी इसमें भरनी होगी। पूरी प्रक्रिया के बाद 11 अंकों की एसईआईडी जनरेट होगी प्रगणकों को यही आईडी आपको बतानी है।

### अधिशासी अधिकारी ने जनगणना की सामग्री का कराया वितरण



**कांठ( शाह टाइम्स )** अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल के नेतृत्व में नगर पंचायत कांठ द्वारा जनगणना 2027 संबंधित सामग्री वितरित कराई गई। सामग्री डॉक्टर अंजना शर्मा, जावेद अख्तर, विकास कुमार, संजीव कुमार ,पुनीत कुमार सुपरवाइजर एवं सत्यपाल सिंह, वंदना विश्नोई,उदय वीर सिंह,बिजेंद्र बिश्नोई चंद्रभानु बिश्नोई,प्रतीक्षा, मनी विश्नोई, रचना अग्रवाल, यश देव, मोहम्मद परवेज, बदर जहां आदि प्रगणको ने प्राप्त की। नगर पंचायत कांठ के वरिष्ठ लिपिक अमित विश्नोई , अमित कुमार ठाकुर , मोहम्मद आलम , टेक्निकल सपोर्ट नितिन कुमार विश्नोई , निशांत कुमार , इमरान अहमद, इसरार अहमद आदि कर्मचारियों का सामग्री वितरण में सहयोग रहा।

### कुत्तों ने किया बेसहारा गोवंश पर हमला, गो सेवकों ने पहुंचाया गौशाला

**कांठ( शाह टाइम्स )** गौ सेवा गतिविधि के संयोजक एवं जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य विकास शर्मा को कासमपुर के जंगल में निराश्रित गोवंश पर कुत्तों द्वारा हमला करने की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंच गए और बीडीओ को सूचित किया, पशु चिकित्सा अधिकारी आदित्य गोयल, सेक्रेटरी उर्वशी सिंह को भी सूचना दी गई। पशु चिकित्सा



अधिकारी द्वारा टीम भेज कर गोवंश का उपचार कराया गया। उपचार कराकर घायल गोवंश को सादकपुर खिचड़ी की गौशाला में संरक्षित कराया गया। उन्होंने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों द्वारा गोवंशो पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। प्रशासन को कुत्तों की समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। गोसवेकों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए प्रभावी अभियान चलाया जाए। और निराश्रित गोवंश की सुरक्षा की जाए। इस मौके पर विकास शर्मा के साथ डॉक्टर नेपाल सिंह, डॉक्टर त्रिदेव, अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### प्रेम विवाह में दहेज को लेकर पड़ने लगी खटास, पुलिस ने 6 को किया नामजद

**कांठ( शाह टाइम्स )** प्रेम विवाह में दहेज को लेकर खटास पडनी शुरू हो गई पति भी विवाहिता को छोड़कर कहीं चला गया पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने 6 को नामजद किया है छजलैट थाना क्षेत्र के गांव ढकेडा की रहने वाली प्रियंका की शादी दयनाथपुर में पाल समाज के मनीष के साथ हुई थी प्रियंका का आरोप है की मनीष की बहन मां आदि मिलकर अब उससे दहेज की मांग करते हैं और उसके अनुसूचित जाति की होने के कारण उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हैं। 15 दिन पहले उसका पति उसे छोड़कर कहीं चला गया बात हुई तो उसने रुद्रपुर काम करने जाने की बात कही पत्नी रुद्रपुर पहुंची तो वह नहीं मिला अमरोहा का पता चलने पर वह अमरोहा गई आरोप है कि फोन करने पर अब वह उसे गालियां दे रहा है पीड़िता एसएसपी के पास पहुंची और अपनी पीड़ा उनसे बताइ एसएसपी के आदेश से पुलिस ने मनीष मीनू अंजू रीनू मुन्नी और नितिन पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### देहरी जुम्मन गांव के पांच घरों में हुई चोरी की अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** देहरी जुम्मन गांव के पांच घरों में हुई चोरी की तहरीर मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बतादे की 18 मई की रात को किसी वक्त चोर नेमपाल के घर में घुस गए और नगदी और जेवर सहित माल समेटकर फरार हो गए ईसके साथ-साथ योगेश पुत्र परम सिंह मनोज पुत्र प्रीतम के सहित पांच घरों में चोरों ने घटना को अंजाम दिया पुलिस ने घटना स्थल का भ्रमण किया नेपाल ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की है।

### हीट वेव से बचाव को लेकर सीएचसी बिलारी अलर्ट, अधीक्षक डॉ. राजपाल ने जारी की एडवाइजरी

**बिलारी।** बढ़ती गर्मी और हीट वेव को को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पूरी तरह सतर्क है। चिकित्साधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने बताया कि हीट वेव से प्रभावित मरीजों के उपचार और भर्ती के लिए अस्पताल में सभी



आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अस्पताल परिसर में मरीजों और तीमारदारों के लिए वाटर कूलर लगाए गए हैं, साथ ही हीट वेव से प्रभावित मरीजों के लिए अलग से समुचित व्यवस्था भी की गई है। सीएमएस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अत्यधिक गर्मी के दौरान विशेष सावधानी बरतें। दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। यदि बाहर जाना जरूरी हो तो छाता, गमछा या सिर ढंककर ही निकलें तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें ताकि पानी की कमी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि बासी भोजन तथा खुले में कटे-फटे फल खाने से बचें, क्योंकि गर्मी में इससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों को जागरूक करने में जुटा हुआ है ताकि हीट वेव के दुष्प्रभाव से बचाव किया जा सके। सीएचसी प्रशासन के अनुसार अस्पताल में आवश्यक दवाइयों, बेड और चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा स्टाफ को सतर्क है।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों का प्रदर्शन राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री के विरोध में बुधवार को चन्दौसी में केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जोरदार प्रदर्शन किया। केमिस्टों ने शहर में पैदल मार्च निकालते हुए ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियों के खिलाफ नारेबा. जी की और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री एवं चन्दौसी विधायक गुलाब देवी को सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री से स्थानीय मेडिकल स्टोर संचालकों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। एसोसिएशन की सदस्य पायल ने बताया कि ऑनलाइन कंपनियों के कारण छोटे केमिस्टों की आय लगातार कम हो रही है, जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाई जाए तो छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि केमिस्ट हमेशा जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। एसोसिएशन के सदस्य अनुज वार्ष्णेय ने आरोप लगाया कि कई ऑनलाइन फार्मेसी ऐप्स के माध्यम से नशीली और प्रति. बंधित दवाओं की बिक्री हो रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय मेडिकल स्टोर ड्रग इंस्पेक्टर की निगरानी में संचालित होते हैं, जबकि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर पर्याप्त नियंत्रण नहीं है। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि बिना फार्मासिस्ट के दवा बिक्री और नकली व एक्सपायर दवाओं का कारोबार जनहित के खिलाफ है। उन्होंने केमिस्टों की मांग सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# कुंदरकी विधायक ने सीएम योगी से की मुलाकात, पुल निर्माण व मुरादाबाद को विद्युत ग्रेड-1 में शामिल करने की रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे/कुंदरकी।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक ने कुंदरकी के लिए स्वीकृत अनेकों परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कई दर्जन गांवों में प्रतिवर्ष बाढ़ के कारण होने वाले नुकसान का हवाला देते हुए क्षेत्र में कई पुलों के निर्माण और मरम्मत की मांग रखी। उन्होंने अक्का डिलारी चौकी से चमरौआ क्रॉसिंग के मध्य राजेड़ा नदी पर पुल निर्माण, बीकनपुर गोविंदपुर कलां मार्ग पर रामगंगा नदी पर पुल निर्माण, समदी वीरपुर वरियर के मध्य राजेड़ा नदी पर पुल निर्माण, किसवा नगला संपर्क मार्ग पर नचना नदी पर पुल निर्माण, भायपुर में बहल्ला नदी पर पुल निर्माण की मांग की।साथ ही बीकनपुर सादुल्लापुर मार्ग से गागन. नदी पर स्थित पुल पर विशेष मरम्मत कार्य, अहमदनगर जेतबाड़ा से गो. विंदपुर कलां संपर्क मार्ग पर स्थित



रामगंगा नदी पर बने पुल पर विशेष मरम्मत कार्य, करनपुर से बर की मड़ैया की ओर रामपुर बॉर्डर पर बहल्ला नदी पर स्थित पुल पर विशेष मरम्मत कार्य कराने का अनुरोध किया।विधायक ने मुख्यमंत्री से मुरादाबाद को विद्युत ग्रेड-3 से ग्रेड-1 में करने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद का निर्यात 12 हजार करोड़ का है और मुरादाबाद एक्सपोर्ट 3 लाख कामगारों को रोजगार दे रहा है। मुरादाबाद उत्तर प्रदेश में विदेशी मुद्रा कमाने वाला एक बड़ा औद्योगिक शहर है। मुरादाबाद को बिजली के मामले में ग्रेड-3 में रखा गया है जबकि नोएडा एवं कानपुर को ग्रेड-1 में रखा गया है। उद्योगों को बिजली मिलने के मामले में मुरादाबाद पिछड़ा हुआ है। कई घंटे की कटौती, फाल्ट और ट्रिपिंग से कार्यक्षमता प्रभावित होती है।कुंदरकी विधायक ने औद्योगिक विकास योजना के अंतर्गत डियर पार्क से दलपतपुर ड्राई पोर्ट, मुंडिया मलूकपुर, चंदनपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं डियर पार्क रामनगर मझरा से मिलक अक्का डिलारी, चमरौआ, भीतखेड़ा, मानपुर पट्टी होते हुए आगापुर नेशनल हाईवे रामपुर तक 32 किमी लंबे स्टेट हाईवे निर्माण की मांग भी रखी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मांगों को पूर्ण कराने का आश्वा. सन दिया। इस दौरान हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर एसोसिएशन के सचिव सत्यपाल भी उपस्थित रहे।

## विवाहिता की मां ने लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप कोतवाली में दी तहरीर

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मनगंज निवासी खुशनस. ीम पत्नी स्वर्गीय यासीन ने कोतवाली में तहरीर देकर अपनी मूकबधिर पुत्री के साथ दहेज उत्पीड़न और मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसकी पुत्री नाजिया की शादी 6 जुलाई 2017 को मोहल्ला पजाया लक्ष्मनगंज निवासी अनस पुत्र यासीन के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज भी दिया गया था। पीडिघ्ता की मां के अनुसार शादी के कुछ समय बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नाजिया को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताडिघ्त करने लगे। आरोप है कि उसके साथ मारपीट की जाती है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि अनस के भाइयों द्वारा उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकतें की गईं। महिला का कहना है कि कई बार समझौते और समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला। पीडिघ्ता की मां ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सूरत काम पर जाने की बात कहकर निकला युवक उत्तराखंड में मृत मिला, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव सिद्धार्थनगर सहसपुर निवासी 19 वर्षीय मोनू पुत्र नन्हे सिंह की



संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मोनू 11 मई को सूरत में काम करने की बात कहकर घर से निकला था, जिसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार को उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग पुलिस चौकी से सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार मोनू के साथ अभय निवासी हर्षनगर बिलारी तथा राजकुमार और प्रिंस निवासी रमपुरा, जनपद संभल भी गए थे। बताया गया कि चारों युवक



11 मई की रात भोजन करने के बाद सूरत जाने की बात कहकर घर से निकले थे। करीब पांच से छह दिन बाद अन्य युवक वापस लौट आए, लेकिन मोनू का कोई पता नहीं चल सका। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा था, जिससे परिजन परेशान हो गए। चिंतित परिवार ने 19 मई को बिलारी कोतवाली में मोनू की गुमशुदगी दर्ज कराई। इसी दिन दोपहर करीब एक बजे रुद्रप्रयाग पुलिस चौकी से सूचना मिली कि मोनू केदारनाथ मार्ग पर पहाड़ी से करीब 500 मीटर नीचे घायल अवस्था में मिला था। सूचना पर एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को गांव ला रहे हैं। मृतक मोनू बिलारी में एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर काम करता था और परिवार के पालन-पोषण में सहयोग करता था। उसके पिता नन्हे सिंह मोची का काम करते हैं।

जबकि मां मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई गई हैं। मोनू पांच भाई-बहनों में शामिल था। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। वहीं मोनू के साथ गए अभय के पिता दिनेश ने बताया कि उनके पुत्र के अनुसार चारों युवक दो-दो की टीम में आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान मोनू कब पहाड़ी से नीचे गिर गया, इसका पता नहीं चल सका। काफी तलाश के बाद भी जब मोनू नहीं मिला तो अभय, राजकुमार और प्रिंस ने सोनप्रयाग चौकी में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

## बकरा ईद पर सफाई व पानी व्यवस्था की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ऑल इंडिया उलेमा व मशाएख बोर्ड तथा जनता जागरूक समिति ने अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह को ज्ञापन सौंपकर बकरा ईद पर विशेष सफाई व्यवस्था और निर्बाध जलापूर्ति की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि ईद-उल-अजहा का त्योहार तीन दिन मनाया जाता है, जिसमें कुर्बानी की रस्म अदा की जाती है।

कुर्बानी के बाद निकलने वाले अवशेषों को उठाने के लिए मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में विशेष सफाई व्यवस्था की जाए। साथ ही सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक पानी की कटौती न करने की मांग उठाई गई। ईओ ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# पॉक्सो एक्ट में दोषी को बीस वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने नाबालिग किशोरी के अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए कठोर सजा सुनाई है जबकि सहआरोपी को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया।

मामला थाना बनियाठेर क्षेत्र के अशोकनगर का है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी ने 21 मई 2024 को थाना बनियाठेर में तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री कक्षा सात की छात्रा है। घटना से एक दिन पहले रात लगभग नौ बजे उसकी बेटी घर का दरवाजा बंद करने बाहर गयी थी। तभी पुलकित पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह तथा श्याम पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह उसे जबरन खींचकर बाइक पर बैठाकर ले गये।

बच्ची की चींख सुनकर उसकी मां बाहर आयी और आरो. पियों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। उस समय वादी अपने गांव ककराला थाना उघैती में था। सूचना मिलने पर वह तत्काल अशोकनगर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। इस मामले में थाना बनियाठेर में अपराध संख्या 154/2024 के तहत धारा 363, 366, 376, 506 भादंसं तथा धारा 3/4 और 16/17 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत में हुई।

सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी पुलकित पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी अशो. कनगर थाना बनियाठेर को दोषी करार दिया। अदालत ने आरोपी को धारा 363 भादंसं में तीन वर्ष का कारावास एवं तीन हजार रुपये अर्थदंड, धारा 366 में पांच वर्ष का कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट के तहत बीस वर्ष के कारावास एवं पचास हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

वहीं सहआरोपी भोला उर्फ अजय पुत्र बाबूराम निवासी अशो. कनगर देवरखेड़ा थाना बनियाठेर को धारा 363, 366 भादंसं एवं धारा 16/17 पॉक्सो एक्ट के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया गया।

## बाइक और ई रिक्शा की टक्कर के बाद दूसरे घायल युवक की भी हुई मौत

**बिलारी।( शाह टाइम्स संवाददाता )।** शाहबाद रोड पर डॉक्टर देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पास ई रिक्शा और बाइक की टक्कर के बाद घायल हुए दूसरे युवक की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। शव को घर लाया गया। परिवार में सभी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। गमगीन माहौल के बीच युवक को सुपुर्द खाक किया गया।

घटना सोमवार की है दोपहर के वक्त तेज रफ्तार बाइक ई रिक्शा में जा टकराई। इस हादसे में मौके पर ही रुस्तमनगर सहसपुर निवासी 18 वर्षीय अनस पुत्र जमील की दुर्घटना में मौत हुई थी जबकि दूसरा युवक रेहान पुत्र मोबीन निवासी सहसपुर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका मुरादाबाद के अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान रेहान पुत्र मोबीन ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर जैसे ही घर पहुंची। परिवार में सभी का रो रो कर बुरा हाल हो गया। भारी तादात में लोग परिवार को सांत्वना देने के लिए घर पर पहुंचे। जहां गमगीन माहौल के बीच युवक को सुपुर्द खाक किया गया।

# ईंट भट्टे पर महिला के साथ हैवानियत!

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के एक ईंट भट्टे पर रहने वाली महिला के साथ दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना सामने आई है। करीब 55 वर्षीय पीडिघ्ता अपने पति के साथ भट्टे पर रहती है जो कि चौकीदारी का कार्य करता है।घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के करेली रोड स्थित भट्टे पर चौकीदारी करने वाला एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ रहता है। देर रात उसी भट्टे पर काम करने वाले नसीम ने महिला के पति को शराब लाने के बहाने वहां से भेज दिया। आरोप है कि पति के जाते ही नसीम ने अकेली महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। महिला के विरोध और चीख-पुकार मचाने पर आसपास हलचल हुई। इसी दौरान महिला का पति वापस लौट आया, जिसे देख आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद महिला घायल अवस्था में मिली। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला संयुक्त चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी नसीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है तथा भट्टा मालिक से भी पूंछताछ की जा रही है।



# दीपिका की सास और चाचा ससुर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के जलपुरा गांव में विवाहित दीपिका नागर की दहेज के लिए हत्या करने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को सास और चाचा ससुर को भी गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस का दावा है कि घटना में शामिल फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। कुड़ीखेड़ा गांव निवासी संजय नागर ने अपनी 24 वर्षीय बेटी दीपिका नागर का विवाह 11 दिसंबर 2024 को जलपुरा गांव निवासी रितिक के साथ किया था। पिता संजय के अनुसार शादी में उन्होंने करीब एक करोड़ रुपये खर्च किए थे।

इसके बावजूद बेटी के ससुराल वाले लगातार अतिरिक्त दहेज में एक फॉर्च्यूनर और 50 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। पिता का आरोप है कि दहेज के लिए आरोपियों ने रविवार को उनकी बेटी की हत्या कर उसे घर की तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

पुलिस ने कार्रवाई कर पति रितिक और ससुर मनोज को गिरफ्तार कर लिया था। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अब इस मामले में बुधवार को दीपिका की सास पूनम और चाचा ससुर विनोद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की टीम अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।





# गति सीमा का लगातार उल्लंघन, चार महीने में 101557 चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ओवरस्पीडिंग से होने वाले सड़क हादसों को कम करने के लिए गूगल मैप पर हर रूट की गति सीमा दर्ज है। इसके बावजूद लोग मनमानी गति से वाहन दौड़ा रहे हैं। सीमा से अधिक गति पर वाहन चलाने की वजह से महज चार महीने में 101557 वाहनों पर कार्रवाई हुई है। जिले की आंतरिक सड़कों पर निर्धारित गति सीमा न होने की वजह से चालकों को स्पीड का पता नहीं रहता था। शिकायत रहती थी कि साइनेज न होने के बावजूद तेज गति से गाड़ी चलाने पर चालान कर दिया जाता है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने जनवरी में जिले की आंतरिक सड़कों पर गति सीमा 50 किलोमीटर प्रति घंटा तय कर दी थी। वहीं, एक्सप्रेसवे पर चार पहिया वाहन के लिए गति सीमा 100 किलोमीटर प्रतिघंटा तय की गई। बाहरी जनपदों से आने वाले चालकों के मन में निर्धारित गति सीमा को लेकर कोई कशमकश न हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने गूगल मैप पर भी रूट के अनुसार गति सीमा दर्शाने की व्यवस्था कराई थी, ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

**बचने के लिए कैमरा देखकर कम कर लेते हैं स्पीड:** वाहन चालक गति सीमा देखकर नहीं, बल्कि कैमरा देखकर गाड़ी चला रहे हैं। कैमरों को देखते ही वे वाहन की रफ्तार धीमी कर लेते हैं और कैमरे की नजर से पार होते ही स्पीड बढ़ा देते हैं। इस आदत को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने इंटरसेप्टर की तैनाती की है। ट्रैफिक पुलिस की चार कैमरा युक्त बाइकें और एक चार पहिया इंटरसेप्टर रोजाना सड़क किनारे तैनात की जा रही है। इनका स्थान बदलता रहता है और ओवरस्पीडिंग पर दो हजार रुपये का चालान कर देते हैं।

**नियम का किया पालन तो घट गए मौत के आंकड़े:** ट्रैफिक पुलिस की ओर से यातायात नियमों के प्रति सख्ती बढ़ाने के बाद से सड़क हादसों में भी कमी आई है। साल 2025 में जनवरी से मई के बीच 550 सड़क हादसे हुए थे। इस बीच 220 लोगों की मौत भी हुई थी। इस साल जनवरी से 20 मई तक महज 350 सड़क हादसे हुए और 150 लोगों की मौत हुई। यानी नियम का पालन करने का कुछ असर जरूर पड़ा है। गत वर्ष के मुकाबले 70 लोगों की जान बची है। अगर वाहन चालक नियमों का पूरी तरह से पालन करेंगे तो ये आंकड़ा और भी कम हो सकता है।

# फैक्टरी से 70 लाख रुपये के मोबाइल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र स्थित फ्लिपकार्ट की रिपेयर फैक्टरी से करीब 70 लाख रुपये कीमत के मोबाइल और इनके पार्ट्स चोरी हो गए। ऑडिट के दौरान चोरी का खुलासा हुआ। ये मोबाइल रिपेयर और चेकिंग के लिए फैक्टरी आए थे। जांच में दो टेक्नीशियन की भूमिका संदिग्ध मिलने पर कंपनी प्रतिनिधि ने मुकदमा दर्ज कराया है।

**फैक्टरी की जानकारी:** डी ब्लॉक में फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड की रिपेयर फैक्टरी है। यहां कंपनी प्रबंधन फ्लिपकार्ट के पुराने मोबाइल को मरम्मत के लिए भेजता है। जरूरी मरम्मत और गुणवत्ता की जांच होती है। इस प्रक्रिया के बाद मोबाइल को रिफबिंश करके थर्ड पार्टी को बेचा जाता है। यहां पर गाजियाबाद खोड़ा के अनमोल और सिद्धांत रिपेयर टेक्नीशियन के तौर पर काम करते हैं। जनवरी से अप्रैल के दौरान फैक्टरी भेजे मोबाइल के रिकार्ड में से 29 मोबाइल की गड़बड़ी मिली। इसका पता लगाने के लिए आंतरिक जांच कराई गई। मोबाइल चोरी करने का खेल उजागर हो गया। जांच में पता चला है कि आरोपियों ने बताई गई चीजों में कुछ को बिना अनुमति के हटा दिया। इस सामान को शिपमेंट के थर्माकोल पार्टीशन के बीच छिपाकर फैक्टरी से बाहर भेज दिया।

# सोरखा में पांच हजार वर्ग जमीन से अतिक्रमण हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को सोरखा जाहिबाबाद में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 500 वर्ग मीटर जमीन मुक्त कराई। इस दौरान प्राधिकरण टीम को लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि वर्क सर्किल-6, भूलेख और पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। सोरखा जाहिबाबाद के खसरा नंबर-152 से अतिक्रमण हटाया गया। यहां पर करीब पांच हजार वर्ग मीटर जमीन पर प्लॉटिंग करने के उद्देश्य से प्रीकास्ट चारदीवारी और गेट लगाकर अतिक्रमण किया ज रहा था, जिसे प्राधिकरण ने ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण करने वालों को पूर्व में 2-2 बार नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद




अतिक्रमण करने वालों ने न तो नोटिस का जबाव दिया और न ही काम रोका।

अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि इस तरह की जमीन पर काटे जा रहे भूखंड की खरीद-फरोख्त न करें। भूमाफिया के तरह-तरह के प्रलोभन व झूठे वादों में न आएं।

## एक नजर

### चालक पर ट्रक से फ्रिज चोरी करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में ट्रक चालक पर फ्रिज चोरी करने का आरोप लगा है। आरोपी चालक ट्रक में कंपनी के फ्रिज लेकर गाजियाबाद जा रहा था। ट्रक मालिक ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रांसपोर्टर कपिल चौधरी ने बताया कि उनका चालक धर्मवीर सिंह 15 मई को ग्रेटर नोएडा से ट्रक में नामी कंपनी के फ्रिज भरकर गाजियाबाद लेकर जा रहा था। मलकपुर के समीप चालक ने ट्रक को साइड में रोका और उसमें से एक फ्रिज चोरी कर कार में रखवा दिया। ट्रक से फ्रिज कम होने के बारे में जब उससे पूछताछ की गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।
कपिल चौधरी ने चालक धर्मवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। चोरी हुआ फ्रिज बरामद कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रेनो प्राधिकरण के कामों की समीक्षा के लिए होने वाली बैठक स्थगित

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी की ओर से लखनऊ में प्रस्तावित ग्रेनो प्राधिकरण की समीक्षा बैठक स्थगित हो गई। स्थगित होने के बारे में बताया गया है कि अपरिहार्य कारण इसके पीछे रहे। वरिष्ठ अधिकारियों के बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताने के बाद इसे टाला गया। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि पिछले साल भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की समीक्षा बैठक नहीं हो सकी थी। केवल नोएडा और यमुना प्राधिकरण की ही समीक्षा बैठकें हो पाई थीं। बृहस्पतिवार को अब दोपहर में तीन बजे से लखनऊ में ही यमुना प्राधिकरण की समीक्षा बैठक प्रस्तावित है।

### लाइसेंस व नियमों के साथ ही बेच सकेंगे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कीटनाशक

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कीटनाशकों की बिक्री करन के लिए कृषि विभाग से लाइसेंस लेना जरूरी है। साथ ही बिक्री के नियमों का पालन भी करना होगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि अगर किसी स्तर पर लापरवाही बरती गई तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक दुबे ने बताया कि जिले में कीटनाशकों का ऑनलाइन व्यवसाय करने वाले ई-कॉमर्स फर्मों को जानकारी दी गई है। कीटनाशी नियमावली 1973 के तहत ई कॉमर्स इकाई के माध्यम से कीटनाशी का विक्रय करने में नियम व शर्तों का पालन अनिवार्य है। नियमों का पालन नहीं होने की शिकायत आ रही है। ऐसे में सभी को चेतावनी दी गई है। दूबे ने बताया कि लाइसेंस धारक लाइसेंस अवधि के दौरान ई कॉमर्स इकाई के माध्यम से कीटनाशकों का विक्रय किसानों को कर सकता है।

### दो मंजिला शोरूम में आग लगी

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** जेवर कस्बे के मुख्य बाजार स्थित कपड़े और जूते के शोरूम में बुधवार की सुबह अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जेवर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य बाजार स्थित पुराना इलाहाबाद बैंक वाली गली में सचिन मित्तल का कपड़ों और जूतों का दो मंजिला शोरूम है। इसके बराबर में ही उनका मकान है। सचिन मित्तल ने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे के करीब उन्हें लोगों ने दुकान में आग लगने की जानकारी दी। देखते ही देखते आग दोनों मंजिल में फैल गई। सचिन मित्तल ने तुरंत सूचना पुलिस और फायर विभाग को घटना की दी। इसके बाद पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकलकर्मियों ने बताया कि दो गाड़ियों की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से दुकान में रखा सभी सामान जल गया।

### इसी सप्ताह बंद हो जाएंगे शहर के अधिकांश स्कूल

**नोएडा।** शहर के अधिकांश स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई हैं। जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल समेत कुछ स्कूलों में 10वीं और 12वीं की अतिरिक्त कक्षाएं अभी जारी हैं। इन स्कूलों में भी इसी हफ्ते छुट्टियां हो जाएंगी। वहीं, विश्वभारती पब्लिक स्कूल में जूनियर विंग के छात्रों की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं। स्कूल प्रशासन ने बताया कि सीनियर विंग की छुट्टियां भी इसी सप्ताह हो जाएंगी। वहीं, महर्षि विद्या मंदिर समेत कई अन्य स्कूलों में पहले ही ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित हो चुका है। स्कूलों के बाहर दोपहर के समय छात्रों की भीड़ भी कम दिखाई दे रही है। अभिभावकों का कहना है कि तेज धूप और लगातार बढ़ते तापमान के बीच बच्चों के लिए छुट्टियां जरूरी थीं।

# विकास कार्यों में अनियमितता पर पंचायत सचिव को नोटिस

**नोएडा।** कैमराला चक्रसैनपुर के ग्राम पंचायत सचिव को जिला पंचायत राज अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निर्माण कार्यों में अनियमितता की शिकायत मिलने पर उनसे तीन दिन में साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण मांगा गया है। डीपीआरओ नेहा सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिव प्रियांक को नोटिस में कहा गया है कि सूरजपुर न्यायालय परिसर के चौंबर नंबर-570 में कार्यरत अधिवक्ता श्याम सिंह भाटी ने 7 मई को सीडीओ को एक शिकायत पत्र दिया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान, कैमराला चक्रसैनपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2021 से 2026 तक ग्राम पंचायत में नल, रिबोर, लाइट मरम्मत और नल मरम्मत के नाम पर करीब 50 लाख रुपये की सरकारी धनराशि का अनियमित तरीके से भुगतान किया गया। शिकायतकर्ता ने ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव की मुख्य भूमिका होने का उल्लेख किया है। सरकारी पोर्टल ई-ग्राम स्वराज पर उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में नल रिबोर, लाइट मरम्मत और नल मरम्मत के कार्य दर्शाए गए हैं, जो प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत होते हैं। चक्रसैनपुर में केवल आठ से दस सरकारी नल हैं। ऐसे में इन कार्यों पर इतनी बड़ी धनराशि खर्च किया जाना संदेहास्पद माना जा रहा है।

# बीमा कंपनी को झटका, वाहन चोरी पर क्लेम ठुकराने का बहाना नहीं चलेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वाहन मालिक की लापरवाही बताकर बीमा कंपनी चोरी हुए वाहन का क्लेम देने से इंकार नहीं कर सकती है। ऐसे ही एक मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने ई-रिक्शा चोरी होने पर बीमा कंपनी को क्लेम राशि का भुगतान करने का आदेश दिया है। बीमा कंपनी ने लापरवाही का हवाला देकर क्लेम निरस्त कर दिया था।

नोएडा के सेक्टर-8 स्थित जेजे कॉलोनी निवासी चांद ने अपने ई-रिक्शा का बीमा न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से कराया था। इसके लिए उसने 73 हजार रुपये का प्रीमियम जमा किया था। 4 मार्च 2019 को सेक्टर-8 के ई-ब्लॉक से अज्ञात चोर उसका ई-रिक्शा चोरी कर ले गए। उसने इस संबंध में थाना सेक्टर-20 में रिपोर्ट दर्ज कराई। काफी तलाश के बाद भी वाहन बरामद नहीं हुआ तो पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट (एफआर) न्यायालय में दाखिल कर दी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

इसके बाद पीड़ित ने बीमा कंपनी से क्लेम के भुगतान के लिए आवेदन किया, लेकिन कंपनी ने भुगतान करने से इंकार कर दिया। तब उसने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि क्लेम बीमा शर्तों के अनुसार निरस्त किया गया था, क्योंकि वाहन मालिक ई-रिक्शा में चाबी लगी छोड़ कर गया था, जो उसकी गंभीर लापरवाही दर्शाता है। आयोग ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि इस दावे के समर्थन में कंपनी कोई ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर सकी। आयोग ने माना कि बिना पर्याप्त साक्ष्य के क्लेम निरस्त करना सेवा में कमी है। आयोग ने बीमा कंपनी को आदेश दिया कि वह शिकायतकर्ता को 1.75 लाख रुपये, उस पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित, 30 दिन के भीतर भुगतान करे।

# माल का ऑर्डर देकर भुगतान न करने से साढ़े छह करोड़ रुपये का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सहायक फर्म प्रबंधन द्वारा 12 करोड़ रुपये के माल का ऑर्डर देकर रेडिमेड कपड़े बनाने वाली फैक्टरी से न ही माल उठाया और न ही भुगतान किया। फैक्टरी में करीब साढ़े छह करोड़ रुपये का माल खराब हो गया। पीड़ित फैक्टरी मालिक ने फर्म समेत पांच के खिलाफ सेक्टर-63 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। नीरज कुमार साध ने पुलिस को बताया कि उनकी सेक्टर-63 के एच ब्लॉक में मैसर्स अरविंद कुमार एंड कंपनी के नाम से फैक्टरी है। जहां महिलाओं के कुर्ते, शॉल और स्टाल बनाए जाते हैं। वह सहयोगी फर्म अंजलिका इंटरनेशनल से तीन साल से जुड़कर काम कर रहे थे।

वह 30 प्रतिशत अग्रिम और शेष 70 प्रतिशत रकम माल की डिलीवरी से पहले लेते। आरोप है कि सहयोगी फर्म के संजीव, निशांत और वासु ने अप्रैल 2024 में करीब 12 करोड़ रुपये का ऑर्डर तैयार करने को दिया। पीड़ित ने विश्वास के चलते अग्रिम 30 प्रतिशत का भुगतान लिए बिना ही कच्चा माल खरीदा। सैंपल दिखाने के बाद माल तैयार कराने लगे। दिसंबर 2024 में तैयार माल की खेप उठाने को बोला तो आरोपी टरकाने लगे। बैठक करने पर आरोपियों ने मार्च 2025 तक माल उठाने का वादा किया, लेकिन अप्रैल 2025 तक भी माल नहीं उठाया।

दोबारा बैठक करने पर 61 लाख रुपये के चेक दिए। बैंक में लगाने पर वे भी बाउंस हो गए। उसके बाद भी लगातार माल उठाने के लिए आग्रह करते रहे। बाद में आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। दिसंबर 2025 में कार्यालय जाकर शिकायत करने पर लोहे की रॉड लिए पांच-छह कर्मियों से पिटवाने का प्रयास किया। रकम मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मामूली विवाद में बहनोई से मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर-49 थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने मामूली विवाद में अपने बहनोई को बुरी तरह से पीट दिया। इससे पीड़ित का हाथ टूट गया। उसने साले के खिलाफ संबंधित थाने में केस दर्ज कराया है। सलारपुर गांव में रोहित परिवार संग रहते हैं। उनका अपने साले सुमित से विवाद चल रहा है। आए दिन सुमित फोन पर अभद्रता करता है। सुमित 15 मई की रात करीब नौ बजे रोहित के घर पर आया। गेट के बाहर खड़े होकर अभ्रदता करने लगा। शोर सुनकर रोहित ने गेट खोला और इसका विरोध किया। इस बात पर सुमित नाराज हो गया और उसने रोहित के साथ मारपीट की। इस दौरान रोहित का बायां हाथ टूट गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

# डॉक्टर संदिग्ध हालात में फ्लैट के अंदर मृत मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-108 स्थित पार्क्स लॉरिएट सोसाइटी में बुधवार को कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर संदिग्ध परिस्थितियों में फ्लैट के अंदर मृत मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में हार्टअटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। सेक्टर-39 थाने की पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह पीआरवी को सूचना मिली थी कि टावर एम के फ्लैट नंबर-6131 में रहने वाले डॉक्टर काफी देर से फोन रिसीव नहीं कर रहे। उनके परिजन जम्मू से लगातार कॉल कर रहे थे, लेकिन संपर्क नहीं हो पा रहा था।

इसके बाद सोसाइटी के गार्ड, ड्राइवर और पड़ोसियों ने फ्लैट का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा। कमरे में 45 वर्षीय डॉक्टर सैयद असीम रिजवी बेड के नीचे पड़े मिले। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर उन्हें सेक्टर-110 स्थित निजी अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने फील्ड यूनिट को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर थे और पहले भी उन्हें दिल का दौरा पड़ चुका था। वह शादीशुदा थे, लेकिन उनका तलाक हो चुका था। वह फ्लैट में अकेले रहते थे। घटना की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है, जो जम्मू में रहते हैं।

# जिले में लेखपाल की मुख्य परीक्षा आज 17 केंद्रों पर होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच लेखपाल की मुख्य परीक्षा होगी। जिला प्रशासन ने परीक्षाओं को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए 17 केंद्र निर्धारित किए हैं। इनमें 6,984 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। सभी केंद्रों पर स्थानीय निरीक्षक के अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि आगामी दिनों में जिले में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए स्कूल-कॉलेजों के प्रधानाचार्य और शिक्षकों को निर्देश दिए थे। उनसे कहा था कि वह बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़ें। इसकी शुरुआत गुरुवार 21 मई से हो रही है। जिले में लेखपाल की मुख्य परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए 17 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। एक केंद्र पर 400 से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। कुल 6984 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के लिए एक पाली निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी परीक्षार्थी केंद्र में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, खुफिया कैमरा, डिजिटल घड़ी और आईटी डिवाइस लेकर प्रवेश न कर पाए। डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा के दौरान लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में गौ आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के गौ आश्रय स्थलों के संचालन, प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान गौ संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए।

बैठक में परियोजना निदेशक नेहा सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार, नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण के अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थित में गौ संवर्धन एवं संरक्षण कोष में धनराशि एकत्रित करने और उसके प्रभावी उपयोग पर विस्तृत चर्चा हुई।

एडीएम न्यायिक प्रियंका ने कहा कि विभिन्न संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं जनसहभागिता के माध्यम से इस कोष को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने जनपदवासियों से गौ संरक्षण के लिए अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील भी की।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने निर्देश दिए कि जनपद में निराश्रित गौवंशों के शत-प्रतिशत संरक्षण के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी गौ आश्रय स्थलों में पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा, स्वच्छ पेयजल तथा अन्य मूलभूत



सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

गर्मी के मौसम को देखते हुए एडीएम न्यायिक ने गौशालाओं में पर्याप्त छायादार स्थान, स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल, पंखों एवं कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हीट वेव से बचाव के सभी आवश्यक उपाय किए जाएं ताकि गौवंशों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में ग्राम सभाओं की खाली पड़ी भूमि पर हरा चारा उगाने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे गौशालाओं के लिए स्थायी रूप से चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण करने तथा गौवंशों की वास्तविक संख्या का सत्यापन रजिस्टर एवं पोर्टल से मिलान कर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने गौ आश्रय केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों का आईपी एड्रेस एवं आईडी-पासवर्ड तीन दिनों के भीतर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गौ संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# हादसे में बंगाल के तीन छात्रों समेत चार की मौत

## हाइवे पर आगे चल रहे वाहन में घुसी वैगनआर, बनारस में दीनी तालीम हासिल कर रहे थे मृतक


मृतक मोहम्मद नसीमुल


मृतक हाशिम रजा


मृतक अशरफ रजा




चालक सलमान ( फाइल फोटो )

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र गजरौला में हाईवे पर एक वैगनआर कार आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा जाने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई और हादसे में कार चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं जिनका उपचार पाकबड़ा स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है। चालक रामपुर का निवासी था, जबकि मृतकों की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार रामपुर के मुहल्ला बमनपुरी गेट पंखेवालान निवासी सलमान (27) पुत्र भूरा को टैक्सी चलाने का काम करता था। रात करीब ढाई बजे रामपुर रेलवे स्टेशन पर मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले पांच यात्री दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन उनकी ट्रैन छूट गई थी, जिसके बाद सलमान से उनकी बात दिल्ली छोड़ने के लिए तय हुई। सलमान पांचो लोगों को बैठाकर

**■ सुबह के करीब चार बजे हुआ हादसा,**
**■ दिल्ली से ट्रेन पकड़कर जाना था बनारस**

दिल्ली जा रहा था। लगभग 4 जब उसकी वैगनआर हाईवे पर खुंगावली और ख्यालीपुर गांव के पास पहुंची तभी आगे चल रही अज्ञात वाहन से भीषण टक्कर हो गई। हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि चालक सहित दो लोग हसनैन पुत्र अजमल निवाड़ी दरियापुर मालदा टाउन पश्चिम बंगाल और समरतुल पुत्र शमीउल शेख निवासी कालियाचक मालदा टाउन पश्चिम बंगाल घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें हॉयर सेंटर रेफर किया गया। जहां पर उपचार के दौरान सलमान की मौत हो गई। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि जानकारी में सामने आया है कि घायल हसनैन, समरतुल व मृतक मशकूर, हाशिम व नसीमुल मूलत पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन के रहने वाले थे और ये बनारस में हाफिज की पढ़ाई कर रहे थे। तीन दिन पहले ये बरेली में घूमने आए थे, वहां के बाद ये रामपुर पहुंचे। इन्हें वापस दिल्ली से बनारस की ट्रेन पकड़कर वापस जाना था। इसलिए इन लोगों ने रात गाड़ी बुक करके दिल्ली जाने के लिए प्रस्थान किया। रास्ते में गजरौला हाइवे पर यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत कार्य पूरा करने के बाद क्षतिग्रस्त कार को हाइवे से हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। सीओ ने बताया कि मृतकों के शवों को पंचनामे की कार्रवाई के बाद मोर्चरी के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई।

## हादसे में घायलों से मिले डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** गजरौला थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-9) पर हुए सड़क हादसे के बाद जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने चौधरपुर स्थित अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। डीएम ने अस्पताल में भर्ती पश्चिम बंगाल निवासी घायलों मोहम्मद हसनैन पुत्र अजमल और सुन्नतुल इस्लाम पुत्र शमी उल शेख से मुलाकात कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों से घायलों के उपचार के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को घायलों को हर संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कहा। इस दौरान उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव समेत संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

# अनियंत्रित बुग्गी बाइक से टकरायी, हल्वाई की मौत

## परिजनों का रो रोकर बुरा हाल



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** तेज गति से दौड़ रही एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी बुग्गी में पीछे से जा घुसी। इस हादसे में बाइक चालक हलवाई की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा युवक सुरक्षित बच गया।

जनपद संभल के थाना एचोड़ा कंबोह के गांव ग्राम बाबू खेड़ा निवासी जयप्रकाश (35 वर्ष) पुत्र महेंद्र सिंह पेशे से हलवाई था। वह किसी से अपने उधार के पैसे लेकर घर वापस लौट रहा था। तभी पतेई भूड़ के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी बुग्गी से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि जयप्रकाश घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जब के पीछे बैठा रवि पुत्र जगदीश सकुशल बचगया। हादसे की सूचना मिलते ही जयप्रकाश के परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन तत्काल अस्पताल पहुंचे। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गया है। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# चैक बाउंस मामले में कोर्ट ने शमी को किया बरी

## गुजारा भत्ते का एक लाख का चैक हुआ था बाउंस



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अलीपुर कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में राहत दी है। अदालत ने उन्हें बरी कर दिया है। दरअसल, शमी की पूर्व पत्नी हसीन जहां ने आरोप लगाया था कि शमी द्वारा घर के खर्च के लिए दिया गया एक लाख रुपये का चेक बाउंस हो गया था। इस मामले पर सुनवाई के बाद अलीपुर कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए शमी को इस मामले में सभी आरोपों से बरी कर दिया।

मोहम्मद शमी और उनकी पूर्व पत्नी हसीन जहां के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। पिछले साल जुलाई में कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी ने आदेश पारित किया था कि शमी अपनी पत्नी और बेटी के लिए 4 लाख प्रतिमाह गुजारा भत्ता देंगे। जिसके बाद हसीन जहां ने इस राशि को बढ़ाकर 10 लाख करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। हसीन जहां द्वारा शमी पर लगाए गए एक लाख के चेक बाउंस के आरोप मामले पर सुनवाई करते हुए अलीपुर कोर्ट ने बुधवार को तेज गेंदबाज को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

# शराब को लेकर विवाद, पत्नी ने जहर खाकर जान दी

## पति-पत्नी के विवाद का दर्दनाक अंत

**शाह टाइम्स ब्यूरो रहरा।** क्षेत्र के गांव भूबरा में पति-पत्नी के बीच शराब पीने को लेकर हुआ विवाद एक परिवार पर भारी पड़ गया। पति की शराब की आदत से परेशान विवाहिता ने गुस्से व आहत होकर जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया, जबकि मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी प्रदीप की शादी करीब छह वर्ष पहले बहजोई क्षेत्र के गांव खेता. पुर निवासी 25 वर्षीय यशोदा से हुई थी। शादी के बाद से ही पति की शराब पीने की आदत को लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। बुधवार शाम भी इसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। बताया जा रहा है कि विवाद के बाद आहत यशोदा ने घर में रखा कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उपचार कराने का प्रयास किया, लेकिन रात करीब दस बजे उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत की खबर मिलते ही मायके पक्ष के लोग गांव पहुंच गए और ससुराल वालों पर लापरवाही व प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। गांव में तनाव बढ़ता देख पंचायत बुलाई गई। पंचायत में मृतका के बेटे के भविष्य को देखते हुए करीब पांच बीघा जमीन उसके नाम करने पर सहमति बनी। हालांकि रजिस्ट्री के दौरान तकनीकी दिक्कत आने से एक बार फिर विवाद बढ़ गया, लेकिन बाद में प्रक्रिया पूरी होने पर जमीन बच्चे के नाम कर दी गई। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी और थानाध्यक्ष कोमल तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गई है। मां की मौत के बाद दोनों मासूमों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में घटना के बाद शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# हादसे में कारोबारी व चालक की मौत

## हरियाणा से लखनऊ जा रहा था कारोबारी का परिवार, मुरादाबाद-नूरपुर मार्ग पर हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने लखनऊ जा रहे हरियाणा के कारोबारी परिवार की कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। तेज रफ्तार पिकअप की जोरदार टक्कर में कारोबारी और कार चालक की मौके पर मौत हो गई, जबकि कारोबारी की पत्नी, बेटा और पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के मुताबिक यह हादसा रात लगभग 11:30 बजे हुआ। हरियाणा के यमुनानगर के हुड्डा सेक्टर 17 निवासी कारोबारी अश्विनी, 37 वर्षीय पत्नी रुचि व 13 वर्षीय बेटे प्रफुल्ल के साथ कार में सवार होकर रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए लखनऊ जा रहे थे। कारोबार के साथ ही वह एक प्राईवेट कंपनी में नौकरी भी करते थे। कार यमुनानगर निवासी 38 वर्षीय चालक मंजीत चला रहा था। जैसे ही इनकी कार गांव देहरी खुर्रम के पास पहुंची तभी सामने से आई तेज रफ्तार

**■ देहरी खुर्रम के पास हुआ भयानक हादसा, कार के परखच्चे उड़े**

पिकअप ने टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। सूचना मिलते ही कुमखिया चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार व सीओ अवधभान सिंह भी घटनास्थल पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने कार में फंसे घायलों को बमुश्किल बाहर निकाला लेकिन तब तक कारोबारी अश्विनी और चालक मंजीत की मौत हो चुकी थी। वहीं, भीषण हादसे में 35 वर्षीय पिकअप चालक इस्लाम निवासी गांव घराला थाना छछरौली हरियाणा के अलावा कार में सवार मृतक अश्विनी की पत्नी रुचि व बेटे प्रफुल्ल को पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस से मुरादाबाद के निजी अस्पताल भेज भर्ती कराया। वहीं, सूचना मिलने पर एसपी लखन सिंह यादव व एएसपी अखिलेश भदौरिया भी घटनास्थल पहुंच गए। घटनास्थल देखते हुए हादसे की पूरी जानकारी ली। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि हादसे में घायल लोगों का मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिजनों के आने पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# दोस्तों संग नहाने गया युवक नहर में समाया

## तलाश में जुटी एसडीआरएफ, परिजनों में कोहराम



**शाह टाइम्स ब्यूरो नौगांवा सादात।** बकरीद मनाने मुंबई से घर लौटे युवक की रामगंगा पोषक नहर में डूबने से परिवार में को. हराम मच गया। दोस्तों के साथ नहाने गया युवक तेज बहाव में समा गया, जबकि देर शाम तक एसडीआरएफ और गोताखोरों की तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। थाना क्षेत्र के गांव कलामपुर में मसलूम खां का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी सज्जो के अलावा तीन बेटे असद, जैद व मोहम्मद सैफ तथा एक बेटी आयशा है। 18 वर्षीय बेटा मोहम्मद सैफ की मुंबई में पिता की किराना की दुकान संभालता है। परिवार के साथ बकरीद का त्योहार मनाने के लिए बीते सप्ताह ही वह मुंबई से घर आया था। बुधवार को बेतहाशा गर्मी के बीच सुबह लगभग 10:30 बजे मोहम्मद सैफ गांव के ही अपने दोस्तों के साथ क्षेत्र में शिकरिया पुल पर रामगंगा पोषक नहर में नहाने आया था। बताया जा रहा है कि नहाते समय मोहम्मद सैफ अचानक गहरे पानी के बीच पहुंचकर डूबने लगा। नहर में पानी का बहाव तेज था, जिसने उसे दोबारा उभरने का मौका नहीं दिया और वह पानी में समाता चला गया। मंजर देख घबराए नहर किनारे खड़े दोस्त उसे डूबता हुआ छोड़ मौके से भाग निकले। चीखने चिल्लाने पर पुल के ऊपर से गुजर रहे लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय गोताखोरों ने तलाशने के लिए तुरंत नहर में छलांग लगा दी लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण दूर तक भी उसका कुछ पता नहीं चला। सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। एसडीएम सुनीता सिंह व सीओ अवधभान भदौरिया ने नहर पर पहुंचते हुए घटना की जानकारी ली। एसडीआरएफ टीम के साथ ही पेशेवर गोताखोरों को बुला लिया लेकिन सफलता नहीं मिली। तलाश के बीच नहर में जाल लगाने के बावजूद देर शाम तक मोहम्मद सैफ का कोई सुराग नहीं मिला था। वहीं, बेटे के सकुशल मिलने की उम्मीद में परिजन नहर किनारे बैठे हुए थे। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि युवक को तलाश किया जा रहा है लेकिन फिलहाल उसका कुछ पता नहीं चल पाया है।

## बिना अनुमति पेड़ काटने में दो पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो सैदनगली।** थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी में ढबारसी रोड पर बिना अनुमति आम के हरे-भरे पेड़ काटने और साक्ष्य मिटाने के आरोप में वन विभाग ने दो लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।ध्वन दरोगा अमित कुमार ने बताया कि 19 मई को मुखबिर की सूचना पर वन दरोगा अमित कुमार वन रक्षक अंकित कुमार के साथ मौके पर पहुँचे। जाँच में पाया गया कि आरोपी दिलशाद अहमद और ठेकेदार कुंव. रपाल ने बिना पातन अनुमति के आम के आठ वृक्ष काट डाले। इतना ही नहीं, आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से लकड़ी को खुर्द-बुर्द कर दिया और प्लॉट में मिट्टी का भरान भी करा दिया। थाना अध्यक्ष संजय प्रताप सिंह ने बताया पुलिस ने तहरीर के आधार पर दिलशाद अहमद व ठेकेदार कुवर पाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एक नजर

### एलएलबी छात्रों ने की दोबारा कॉपी चैक कराने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** अब्दुल रज्जाक लॉ डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं ने विश्वविद्यालय पर धांधली का आरोप लगाया। कॉपी दोबारा चेक कराने की मांग को कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा। बुधवार को जोया स्थित अब्दुल रज्जाक लॉ डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं ने डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि 120 छात्र छात्राओं ने एलएलबी फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा दी थी। जिसमें केवल एक ही छात्र पास हुआ है। जबकि 119 छात्र छात्राएं फेल है। उनका आरोप है कि विश्वविद्यालय द्वारा उनके साथ धांधली की गई है। जो उनके भविष्य से खिलवाड़ है। उनकी कॉपी दोबारा चैक कराई जाए। ज्ञापन सौंपने वालों मे सना, मुस्कान, फिजा, पवन, सोना भारती, फरमान शाहिद, नजराना, निशा, सोनी शामिल रहे।

### द आर्यन्स में पूल पार्टी का बच्चों ने लिया आनन्द



**शाह टाइम्स ब्यूरो रहरा।** द आर्यन्स स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश से पूर्व कक्षा एक के विद्यार्थियों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। बच्चों ने हवा हवाई, ब्राजील समेत विभिन्न गानों पर जमकर डांस किया और वाटर गेम्स का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने किया। उन्होंने बच्चों को जल सुरक्षा और अनुशासन के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजे पूल क्षेत्र में बच्चों ने म्यूजिकल एक्टिविटी और मनोरंजक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने 22 से 30 मई तक आयोजित होने वाले समर फैस्ट 2026 की भी घोषणा की। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

### दिनदहाड़े घर से भैंस चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव बुरावली में दिनदहाड़े घर से भैंस चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना उस समय हुई जब परिवार खेतों पर काम करने गया हुआ था। मौका पाकर चोर घर में घुसा और खुटे पर बंधी भैंस खोलकर ले गया। पीड़ित बलेश पुत्र रमेश ने बताया कि घर लौटने पर भैंस गायब मिली। आसपास तलाश के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक व्यक्ति भैंस ले जाता दिखाई दिया। पीड़ित ने गांव के ही एक युवक पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

# हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर गरजे वकील

## कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ स्थापना की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की खंडपीठ स्थापित कराने और अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को जल्द लागू करने की मांग उठाई है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल कुमार चिक्कारा एडवोकेट और महासचिव अरशद हुसैन भारती एडवोकेट के नेतृत्व कलेक्ट्रेट पहुंचे अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जनपदों के अधिवक्ताओं और आम जनता को न्याय के लिए लगभग 700 से 800 किलोमीटर दूर प्रयागराज जाना पड़ता है। इससे गरीब, किसान, मजदूर और कमजोर वर्ग के लोगों को भारी आर्थिक व मान. सिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में कहा गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश अपराध, भूमि विवाद और औद्योगिक मामलों की दृष्टि से बेहद संवे. दनशील क्षेत्र है, इसके बावजूद यहां हाईकोर्ट की खंडपीठ न होना न्यायिक असंतुलन को दर्शाता है। अधिवक्ताओं ने मांग की कि केंद्र व राज्य सरकार इस विषय पर गंभीरता से निर्णय लेते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसी भी उपयुक्त जनपद में हाईकोर्ट की स्थायी खंडपीठ स्थापित कराए। इसके अलावा अधिवक्ताओं ने प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की भी मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता, उत्पीड़न और फर्जी मुकदमों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानून बनाया जाना आवश्यक है। बार एसोसिएशन ने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अधिवक्ताओं के प्रति अनुचित व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी उठाई। ज्ञापन में भरोसा जताया गया कि मुख्यमंत्री अधिवक्ताओं की मांगों पर गंभीरता से विचार करेंगे। ज्ञापन देने वालों में शबनम परवीन, मोहम्मद आकिल, मोहम्मद इजहार, अमन त्यागी, सचिन सक्सैना, अली इमाम रिजवी, निजाम तुर्की, रिचा सिंह, श्रीमति शिवानी, मोहम्मद फैज, मौहम्मद सैयद आदिल, अबू सूफियान, मुस्तफा सुहैल, पूनम चौधरी, रोहित चंदेल, शहनाज हैदर, यासिर अंसारी आदि मौजूद रहे।

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाये



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** तहसील बार एसोसिएशन ने नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम सौंपा है। बुधवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह और महासचिव बृजकिशोर के नेतृत्व में वकीलों द्वारा मुख्य रूप से तीन मांगें उठाई गई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों के वकीलों और वादकारियों को न्याय के लिए 700-800 किमी दूर प्रयागराज जाना पड़ता है। इससे गरीब और किसान न्याय से वंचित रह जाते हैं। यहाँ तुरंत इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक स्थायी खंडपीठ (बेंच) स्थापित की जाये। बार एसोसिएशन ने सरकार से इन जनहितकारी मांगों पर त्वरित विचार करने की अपील की है। ज्ञापन देने वालों में मुजाहिद चौधरी, मंगल सेन शर्मा, वीर सिंह त्यागी, शेर सिंह भढ़ाना, संजय सिंह, राजीव शर्मा, सरफराज अहमद, नासिर अली, सुनील भटनागर, नरेश पाल सिंह मौजूद थे।

# हम लॉर्ड्स में अपना पहला विश्वकप जीतना चाहते हैः जेमिमा रोड्रिग्स



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि हम लॉर्ड्स में होने वाला आगामी टी-20 विश्वकप 2026 का फाइनल जीतना चाहते है। यह पुरु विश्वकप में भारत की पहली जीत की यादों के झरोखे के बाद एक सुखद अनुभूति होगी।

लॉर्ड्स में 1983 के विश्वकप जीतने की यादें आज भी हर भारतीय के दिमाग में कौंधती है। इसी को लेकर रोड्रिग्स ने आईसीसी से कहा, कपिल देव और भारतीय पुरु टीम ने वहां अपना पहला विश्व कप जीता था। हम वहां अपना पहला महिला टी-20 विश्व कप जीतना चाहेंगे। यह बहुत बढ़िया होगा। भी ज्यादा समय नहीं हुआ जब रोड्रिग्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमी-फाइनल में भारत को जीत दिलाने के लिए 134 गेंदों पर नाबाद 127 रन की अपनी जिदगी की सबसे यादगार पारी खेली थी। इस जीत के बाद भारत ने नवी मुंबई में एक शानदार रात में अपना पहला टाइटल जीता। रोड्रिग्स का मानना है कि इस जीत ने भारतीय टीम में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में अपना सर्वश्रैठ देने का पक्का इरादा भर दिया है। भारत ने आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा चेज किया। उन्होंने कहा, अब सब ठीक हो गया है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह दबाव है। मुझे लगता है कि यह ज्यादा मोटिवेशन है क्योंकि अब आपने महसूस कर लिया है कि एक वर्ल्ड कप उठाने का क्या एहसास होता है। इससे आप एक और वर्ल्ड कप जीतना चाहते हैं, फिर एक और, फिर एक और। तो मुझे लगता है कि टीम और भी ज्यादा मोटिवेटेड और ज्यादा उत्सुक है। और इससे भी ज्यादा, हमने देखा कि भारत में महिला क्रिकेट पर इसका कैसा असर पड़ा। हम बस उस लेगेसी को इंग्लैंड ले जाना चाहते हैं।मुझे लगता है कि इस टीम में कैरेक्टर है। जब आप बड़े गेम जीतना चाहते हैं,

तो आपको कैरेक्टर वाले लोगों की जरूरत होती है, ऐसे लोग जो अपने तरीके से अलग हों, लेकिन उनमें एक बात होती है कि वे मैच जीतने के लिए कुछ भी करेंगे। इस तरह का एटीट्यूड। और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा कैरेक्टर है। और इसीलिए किसी भी सिचुएशन में, मुझे विश्वास है कि हमारी टीम मैच जीतने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सबसे पहले, मेरे लिए सबसे बड़ी सीख यह थी कि मैं बहुत एंग्जायटी से गुजर रही थी, अच्छा नहीं कर रही थी, टूर्नामेंट में दो बार डक पर आउट हुई, ड्रॉप हो गई और चार साल पहले, मुझे क्रिकेट वर्ल्ड कप से ड्रॉप कर दिया गया। यह मेरा पहला वर्ल्ड कप था। मुझे एहसास हुआ कि कभी-कभी आपको बस इतना करना होता है कि आप आगे बढ़ें क्योंकि जदिगी में सब कुछ अच्छे के लिए ही होता है। मुझे लगता है, उन चार सालों ने मुझे ऐसे पल के लिए ट्रेनिग दी, क्योंकि मुझे उन सभी सालों की नाकामियों से मिले उस सारे अनुभव का इस्तेमाल करना था, जो शायद ऐसे समय के लिए था। उन्होंने कहा, तो मुझे लगता है कि यह मेरी सबसे बड़ी सीख थी, कि कभी-कभी, खासकर जब यह मुश्किल हो जाता है।

## 25 वें ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए जोकोविच रौलां गैरो पहुंचे

**पेरिस, वार्ता।** पूर्व नंबर एक नोवाक जोकोविच रौलां गैरो के लिए पेरिस पहुंच गए हैं और इस सीजन के दूसरे बड़े टूर्नामेंट में अपनी 22वीं बार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। 38 वींय खिलाड़ी ने मंगलवार को कोर्ट र्फिलप-चैट्रियर पर अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ अभ्यास किया। सर्बियाई खिलाड़ी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले भी चर्चा का मुख्य केंद्र बने हुए हैं,

क्योंकि वे रिकॉर्ड 25वां बड़ा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। जोकोविच, जिन्होंने हाल ही में रोम में मुकाबला किया था, इस क्ले कोर्ट सीजन में दूसरी बार खेलेंगे। पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में रोम में फिर से एक्शन में लौटे थे, मार्च में इंडियन वेल्स में जैक ड्रेपर से चौथे दौर में हारने के बाद से उन्होंने कोई मुकाबला नहीं खेला था। फोरो इटालिको में, जो. कोविच दूसरे दौर में डिनो प्रिजमिक से हार गए थे। लेकिन 101 बार टूर-स्तरीय खिताब जीतने वाले खिलाड़ी का ध्यान अब रौलां गैरो पर है, एक ऐसा टूर्नामेंट जहां उन्होंने अपने पूरे करियर में काफी सफलता हासिल की है। सर्बियाई खिलाड़ी तीन बार के चैंपियन हैं, जिन्होंने 2016, 2021 और 2023 में ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, जोकोविच क्ले-कोर्ट के इस बड़े टूर्नामेंट में सात बार फाइनल तक पहुंचे हैं और 'टेरे बैट्यू' (क्ले कोर्ट) पर 101 जीत दर्ज की हैं। पिछले साल, जानिक सिनर से हारने के बाद सेमीफाइनल में उनका सफर खत्म हो गया था। जोकोविच इस साल के टूर्नामेंट में 7-3 के रिकॉर्ड के साथ उतर रहे हैं।

### खेल विशेष

## आयरलैंड ने टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**डबलिन, वार्ता।** आयरलैंड ने इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व. कप के लिए अपनी टीम की घोाणा कर दी है। गैबी लुईस कमान की कप्तानी वाली 15 सदस्यों वाली इस टीम में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्हें इस बड़े टूर्नामेंट के लिए पहली बार बुलाया गया है, जिनमें एवा कैनिग, क्रिस्टीना कूल्टर रेली, अलाना डेलजेल, एमी मैगुइरे और लारा मैकब्राइड शामिल हैं। यह गैबी का पहला टी-20 विश्वकप है। लुईस आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालिफायर में सात मैचों में 276 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं। टीम में लीह पॉल, एमी हंटर और ओर्ला प्रेंडरगैस्ट जैसी खिलाड़ी भी शामिल है।

## भारत की अंडर18 महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराया

**भोपाल, वार्ता।** भारत की अंडर18 महिला हॉकी टीम ने बुधवार को सीरीज के चौथे और आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को 4-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। आज यहां उ(व दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल साई केंद्र में खेले गए मुक. ाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही ऑरोरा कोवासेविच ने (आठवें) मिनट में किए गए गोल से बढ़त बना ली, जिससे मेहमान टीम आगे हो गई। हालांकि, भारतीय टीम ने तुरंत जवाब दिया और कपतान स्वीटी कुजूर ने (13वें) मिनट में क्वार्टर खत्म होने से पहले बराबरी का गोल कर दिया। घरेलू टीम ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय जारी रखी और दीया (25वें) मिनट में गोल से बढ़त बना ली, जिससे भारत हाफटाइम तक 2-1 से आगे हो गया। भारत ने दूसरे हाफ में कंट्रोल बनाए रखा और तीसरे क्वार्टर में प्रियंका मिज ने (44वें) मिनट गोल से अपनी बढ़त और बढ़ा ली।

## डब्ल्यूटीसी तालिका में बांग्लादेश ने भारत को पीछे छोड़ा

**सिलहट, वार्ता।** सिलहट में दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान पर 78 रनों की शानदार जीत के बाद, बंगलादेश आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की स्टैंडिग में भारत से ऊपर उठकर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। इस एशियाई टीम ने टेस्ट के आखिरी दिन सुबह के सत्र में ही सीरीज पर कब्जा करने वाली यह जीत पक्की कर ली( उनके गेंदबाजों ने पाकिस्तान के आखिरी तीन विकेट लेकर सीरीज का स्कोर 2-0 सुनिश्चित किया। आईसीसी के अनुसार, इस जीत के साथ बंगलादेश वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की स्टैंडिग में 58-33 प्रतिशत के जीत-हार प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया है, और उसने भारत को पीछे छोड़ दिया है, जो अब छठे स्थान पर खिसक गया है। इस हार के बाद पाकिस्तान स्टैंडिग में आठवें स्थान पर ही बना हुआ है।

# सूर्यवंशी की नजरें अब क्रिस गेल के छक्कों के रिकॉर्ड पर



**जयपुर, वार्ता, वार्ता।** युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में अब तक 53 छक्के लगाए हैं, जो किसी भी बल्लेबाज द्वारा किसी भी टी -20 टूर्नामेंट में दूसरे सबसे ज्यादा हैं। सबसे ज्यादा 59 छक्के क्रिस गेल ने आईपीएल 2012 में लगाए थे। सूर्यवंशी की नजरें अब गेल के रिकॉर्ड पर होंगी।

सूर्यवंशी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मंगलवार को 10 छक्कों की मदद से 93 रन बनाए। सूर्यवंशी ने तीन बार आईपीएल की एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। वह अब सिर्फ गेल से पीछे हैं, जिन्होंने ऐसा चार बार किया था। सूर्यवंशी ने 2026 में दो बार एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। आईपीएल के एक सीजन में एक से अधिक बार ऐसा करने वाले एकमात्र दूसरे बल्लेबाज फिन ऐलन हैं, जिन्होंने 2026 में ही ऐसा किया है। राजस्थान रॉयल्स ने इस आईपीएल में पहले छह ओवरों में 60 छक्के लगाए हैं, जो किसी भी टीम द्वारा इस चरण में आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा लगाए गए छक्के हैं। उन्होंने 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के 59 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा। इनमें से अकेले सूर्यवंशी ने 37 छक्के लगाए हैं। किसी और बल्लेबाज ने किसी एक सीजन के पहले छह ओवरों में 30 छक्के भी नहीं लगाए हैं। राजस्थान रॉयल्स लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 221 रनों का लक्ष्य हासिल किया। आईपीएल में राजस्थान द्वारा 220 से ज्यादा का लक्ष्य सफलतापूर्वक चेज करने का यह चौथा मौका था।

## ऑरेंज कैप पर वैभव सूर्यवंशी का कब्जा

**जयपुर, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की ऑरेंज कैप की दौड में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच खेले गए मुकाबले में पहले मिचेल मार्श और फिर वैभव सूर्यवंशी ने कब्जा किया। मिचेल मार्श एक सप्ताह पहले सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजो की सूची में आसपास भी नहीं थे आरआर के खिलाफ 57 गेंदों पर 96 रनों की पारी और इससे पहले अपनी पिछली दो पारियों में 111 और 90 रन बनाकर वह 563 रनों के साथ इस सूची में शीर्ा पर पहुंच गए। लेकिन वह शीर्ा स्थान पर अधिक देर नहीं रह पाए, क्योंकि अब नंबर वैभव सूर्यवंशी का था। वैभव सूर्यवंशी न एक बार फिर आक्रामक पारी खेली। सूर्यवंशी ने इसी सीजन जयपुर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 103 रनों की पारी खेली थी लेकिन आरआर वह मैच हार गई थी। हालांकि इस मुकाबले में सूर्यवंशी ने 38 गेंदों पर 93 रनों की पारी खेली और आरआर ने प्लेऑफ के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया। वैभव सूर्यवंशी ने धीमी शुरुआत की। लेकिन जल्द ही उनके बल्ले से बड़े शॉट्स आने लगे और मात्र 23 गेंदों पर उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। अपनी पारी के समापन के बाद सूर्यवंशी 579 रनों के साथ ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ा पर पहुंच गए और 563 रनों के साथ मार्श दूसरे स्थान पर खिसक गए। एसआरएच के हाइनरिक क्लासन अब तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने 555 रन बनाए हैं। इसके बाद गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) हैं। पर्पल कैप तालिका में इस सीजन एलएसजी के सबसे सफल गेंदबाज प्रिस यादव लगातार तीसरे मुकाबले में एक भी विकेट हासिल नहीं कर पाए और उनके नाम अभी भी 16 विकेट हैं।

## सूर्यवंशी की बल्लेबाजी के मुरीद हुए लैंगर

**जयपुर, वार्ता।** स्ट्रेलिया के लिए 100 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाले जस्टिन लैंगर, वैभव सूर्यवंशी की प्रतिभा से हैरान होने वालों की सूची में एक नया नाम बन गए हैं। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को प्ले ऑफ की उम्मीदें जदिा रखने के लिए लैंगर की कोचिग वाली लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 221 रन बनाने थे, लेकिन सूर्यवंशी ने 38 गेंदों में 93 रन बनाकर मैच को आसान बना दिया। जब वह आउट हुए, तब आरआर को जीत के लिए सिर्फ छह ओवर में सिर्फ 41 रन चाहिए थे। लैंगर ने सूर्यवंशी को लेकर विश्व क्रिकेट के लिए एक तरह की चेतावनी दे दी। उन्होंने कहा, 35 साल के क्रिकेट करियर में मैंने कई शानदार खिलाड़ी देखे हैं, लेकिन किसी युवा खिलाड़ी को इस तरह बल्लेबाजी करते देखना, सिर्फ आज नहीं बल्कि पूरे टूर्नामेंट में हैरान कर देने वाला है। पिछले मैच में मिचेल स्टार्क गेंदबाजी कर रहे थे और उनके चेहरे का भाव देखिएगा। सूर्यवंशी उन्हें मार रहे हैं और स्टार्क के चेहरे पर ऐसा भाव था जैसे- 'यह यहां क्या हो रहा है।

# आरसीबी के सलामी बल्लेबाज सॉल्ट इस सप्ताह आईपीएल में वापसी करेंगे



**नई दिल्ली, वार्ता।** फिल सॉल्ट इस सप्ताह के आखिर में भारत लौटने वाले हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि वह उंगली की चोट के कारण एक महीने तक आईपीएल से बाहर रहने के बाद वापसी करेंगे। इंग्लैंड और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज सॉल्ट को 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में बाउंड्री बचाने की कोशिश करते समय बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी।

तब से वह कोई मैच नहीं खेले हैं और पिछले महीने अपनी उंगली ठीक होने के दौरान परिवार के साथ समय बिताने के लिए घर लौट गए थे। उनकी गैरमौजूदगी में आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है और अगर नेट रन रेट में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ तो टीम अगले मंगलवार धर्मशाला में क्वालिफायर 1 में पहुंचने की मजबूत दावेदार है। अभी यह साफ नहीं है कि सॉल्ट शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के आखिरी लीग मैच में खेल पाएंगे या नहीं, लेकिन प्लेऑफ इतने क़रीब होने की वजह से टीम कोई जोखिम लेने के मूड में नहीं दिख रही। सॉल्ट की जगह पिछले एक महीने से इंग्लैंड के उनके साथी खिलाड़ी जैकब बेथेल विराट कोहली के साथ ओपनिग कर रहे थे, लेकिन वह ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके हैं। उन्होंने सात पारियों में 96 रन बनाए हैं।

# प्रेजेंटेशन में लखनऊ टीम के लिए अपशब्द बोल गए ऋषभ पंत



**जयपुर, वार्ता।** कप्तान ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जायंट्स की 13 मैचों में नौवीं हार के बाद पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में टीम के लिए अपशब्द बोल गए। आईपीएल 2026 में वे प्लेऑफ की दौड़ से बहुत पहले ही बाहर हो चुके हैं। टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे है और अब इस सीजन के खत्म होने से पहले उन्हें सिर्फ एक आखिरी मैच की औपचारिकता पूरी करनी है।

पंत शनिवार को पंजाब किग्स के खिलाफ होने वाले मैच को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जब उन्होंने कहा कि हम एक टीम के तौर पर गर्व महसूस करते हैं, चाहे अभी हमारी स्थिति कैसी भी हो। हमारी टीम जैसी है, हमें पता है कि हम जीत सकते हैं। चाहे कुछ भी हो, हम टीम और खिलाड़ी के तौर पर बहुत आत्मविश्वासी हैं। चीजें हमारे हिंसाब से नहीं गईं और ए सब जानते हैं, लेकिन इससे ए सच नहीं बदलता कि हम एक (अपशब्द) अच्छी टीम हैं। एलएसजी की सबसे बड़ी समस्या उनकी बल्लेबाजी रही है। खुद पंत का सीजन बेहद खराब रहा है, जहां उन्होंने 12 पारियों में सात बार 20 या उससे कम रन बनाए। उनके आसपास के बड़े खिलाड़ी, जैसे-निकोलस पूरन भी फॉर्म में नहीं दिखे। यहां तक कि मिचेल मार्श, जिन्होंने हाल ही में शतक लगाया था और मंगलवार को 96 रन बनाए, उनका भी इस आईपीएल में आगाज धीमा रहा था। टीम डायरेक्टर टॉम मूडी ने माना कि खासकर मध्य क्रम का खराब प्रदर्शन, टीम के इस औसत प्रदर्शन की बड़ी वजह रहा,

जिसकी वजह से टीम लगातार अंक तालिका के निचले हिस्से में रही। हालांकि राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ बल्लेबाजों ने ठीक प्रदर्शन किया, लेकिन गेंदबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के सामने बुरी तरह दबाव में आ गए। सूर्यवंशी ने 38 गेंदों में 93 रन बनाए, जबकि जायसवाल ने 23 गें. दों में 43 रन की पारी खेली। आरआर के सलामी बल्लेबाजों ने 221 रन के लक्ष्य में से 75 रन सिर्फ 39 गेंदों में ही जोड़ दिए।

# बांगलादेश ने पाक को दूसरे टेस्ट में 78 रनों से हराकर सीरीज 2-0 से जीती





**सिलहट, वार्ता।** दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बुधवार को बंगलादेश ने तैजुल इस्लाम (छह विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान को 78 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ बंगलादेश ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। 126 रनों और 69 रनों की पारी खेलने वाले लिटन कुमार दास को 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा सीरीज में 253 मुशफिकुर रहीम को 'प्लेयर ऑफ दा सीरीज' का पुरस्कार मिला।

पाकिस्तान ने आज यहां कल के सात विकेट पर 316 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में 96वें ओवर में तैजुल इस्लाम ने साजिद खान (28) को आउटकर बंगलादेश को आठवीं सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने शतक की ओर बढ़ रहे मोहम्मद रिजवान को आउट कर पाकिस्तान के मैच जीतने की उम्मीद को ध्वस्त कर दिया। मोहम्मद रिजवान ने 166 गें. दों में 10 चौके लगाते हुए 94 रनों की पारी खेली। 98वें ओवर की दूसरी गेंद पर तैजुल इस्लाम ने खुर्रम शहजाद (शून्य) को आउट कर पाकिस्तान की पारी का 358 के स्कोर पर पाकस्तान की दूसरी पारी का अंत कर मुकाबला 78 रनों से जीत लिया। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने छह विकेट लिए। नाहिद राणा को दो विकेट मिले। शोरिफुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज ने ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बंगलादेश के पहली पारी में 46 रन की बढ़त लेने और दूसरी पारी में 390 रन जोड़ने के बाद मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए, पाकिस्तान ने शुरुआती झटकों के बाद लगातार वापसी की और आखिरी दिन तक मुकाबला बनाए रखा। पाकिस्तान ने बिना किसी नुकसान के 0 रन से आगे खेलना शुरू किया और अब्दुल्ला फजल का विकेट जल्दी ही गिर गया, जब नाहिद राणा ने एक्स्ट्रा बाउंस फेंककर गली में मेहदी हसन मिराज को शानदार कैच पकड़ने पर मजबूर कर दिया।

# बीसीसीआईके घरेलू सीजन 2026-27 में 1,788 मैच खेले जाएंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भारतीय घरेलू सीजन 2026-27 का शेड्यूल घोाित करते हुए खुशी हो रही है। इस सीजन के दौरान, पुरुों और महिलाओं के क्रिकेट में अलग-अलग आयु वर्गो और फॉर्मेट में कुल 1,788 मैच खेले जाएंगे। इस सीजन में पुरुों के क्रिकेट में सीनियर, अंडर23, अंडर19 और अंडर16 श्रेणियों में टूर्नामेंट होंगे, साथ ही महिलाओं की सीनियर, अंडर23, अंडर19 और अंडर15 प्रतियोगिताओं का भी एक विस्तृत कैलेंडर होगा।

घरेलू सीजन की शुरुआत 23 अगस्त को प्रतिठित दलीप ट्रॉफी से होगी। यह एक और विस्तृत और बेहद प्रतिस्पर्धी कैलेंडर की शुरुआत का प्रतीक है, जो भारत में घरेलू क्रिकेट के मानकों को लगातार ऊंचा उठा रहा है। 2026-27 का घरेलू सीजन एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी घरेलू ढांचा बनाने के प्रति बीसीसीआई की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि सभी फॉर्मेट और श्रेणियों में संतु. लित प्रगति हो। इस सीजन का रेड-बॉल (लाल गेंद) वाला हिस्सा दलीप ट्रॉफी से शुरू होगा, जिसमें छह जोनल टीमें हिस्सा लेंगी। इसके बाद एक अक्टूबर से ईरानी कप खेला जाएगा। रणजी ट्रॉफी और कर्नल सी-के- नायडू ट्रॉफी दो चरणों वाले फॉर्मेट में ही खेली जाती रहेंगी। इससे खिलाड़ियों को आराम करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा, और साथ ही घरेलू ढांचे में मल्टी-डे क्रिकेट (कई दिनों तक चलने वाले मैच) को प्राथमिकता देना भी जारी रहेगा। रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप में चार समूहों में 32 टीमें होंगी, जबकि प्लेट ग्रुप में छह टीमें शामिल होंगी। आने वाले सीजन में कर्नल सी-के- नायडू ट्रॉफी के विजेताओं और 'रेस्ट ऑफ इंडिया' के बीच होने वाले मैच की वापसी होगी। यह मैच 1 से 4 अक्टूबर 2026 के बीच खेला जाएगा। यह मैच घरेलू कैलेंडर में इसलिए वापस लाया गया है, ताकि अंडर23 आयु वर्ग के उभरते हुए क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बेहतर और प्रतिस्पर्धी मंच मिल सके। घरेलू क्रिकेट को आधुनिक खेल की बदलती जरूरतों के अनुरूप बनाने के बीसीसीआई के निरंतर प्रयासों के तहत, पुरुषों की अंडर23 स्टेट 'ए' ट्रॉफी और विजी ट्रॉफी को 'वनडे' (एक दिवसीय) प्रतियोगिताओं से बदलकर टी -20 टूर्नामेंट में बदल दिया गया है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# समस्या की ओर इशारा

केंद्र सरकार ने चार साल के बाद पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतें बढ़ाई है। इसका अनुमान था, क्योंकि सरकार कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लागत से कम वसूली के कारण तेल मार्केटिंग कंपनियों द्धओएमसीऋ को हो रहे घाटे के बारे में चेतावनी दे रही थी। यह भी जाहिर था कि कीमतों में यह बढ़ोतरी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद होगी, लेकिन विदेशी मुद्रा के बढ़ते खर्च, हाल के महीनों में रुपये के तीव्र अवमूल्यन और अप्रैल के मुद्रास्फीति आंकड़ों के चलते प्रधानमंत्री द्वारा किफायत बरतने की अपील एक ज्यादा गहरी समस्या की ओर इशारा करती है जिसे भारत दशकों पहले देश के अपर्याप्त रणनीतिक पेट्रोलियम और गैस रिजर्व बनाकर हल कर सकता था। भारत ने लगभग 36.7 मिलियन से 39 मिलियन बैरल का रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व द्धएसपीआरऋ बनाया दृ इस कार्यक्रम की परिकल्पना साल 1991 में सामने आये जोखिम के बाद की गयी और इसे 2000 के दशक के शुरू में औपचारिक रूप दिया गया। लेकिन आज, 5.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन द्धएमबीपीडीऋ की दर से यह लगभग सात दिनों की खपत को कवर करता है। अगर इसमें तमाम ओएमसी की मालसूची द्धइन्वेंट्रीऋ और आयात कवर को भी जोड़ लें, तो यह 70 दिन से ज्यादा का स्टाक बनता है। लेकिन बीते सालों में, अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बनकर उभरा है और उन देशों के तेल उपभोग को देखें तो पता चलता है कि भारत के सामने कितना बड़ा जोखिम है। अमेरिका ने अपना एसपीआर साल 1973 के तेल संकट के बाद बनाया दृ जो 714 मिलियन बैरल का है और भारत के एसपीआर से 18 गुना बड़ा है। वहीं चीन का और भी बड़ा, लगभग 900 मिलियन बैरल का है। अमेरिका के पास अपने रिजर्व तंत्र में अभी लगभग 400 मिलियन बैरल तेल है, जिससे मोटा-मोटी 20 दिनों की खपत की पूर्ति की जा सकती है। बीते 10 सालों में 13 एमबीपीडी के आउटपुट के साथ यह देश दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बनकर उभरा है और वाणिज्यिक तंत्र के पास भी काफी इन्वेंट्री है, जो उसे अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा अनुशंसित 90 दिन के भंडार से ऊपर ले जाते हैं। यही बात चीन पर भी लागू होती है, जो तेल के मामले में आयात-निर्भर राष्ट्र होने के कारण भारत के साथ तुलना योग्य है। ये आंकड़े और चिंताजनक हो जाते हैं जब इनकी तुलना तरलीकृत पेट्रोलियम गैस द्धएलपीजीऋ और तरलीकृत प्राकृतिक गैस द्धएलएनजीऋ के रिजर्वों के साथ की जाती है, जहां भारत सबसे ज्यादा जोखिम में है। भारत के पास लगभग 1.4 लाख टन की एलपीजी भंडारण सुविधा है, जबकि उसकी दैनिक खपत लगभग 80,000 टन है दृ उसकी रिजर्व क्षमता की आधी से ज्यादा। एलएनजी की बात करें, तो भारत मुख्यतरू पेट्रोनेट एलएनजी और बीपीसीएल की रीगैसीफिकेशन सुविधाओं पर मौजूद स्टाक पर निर्भर करता है। उर्वरक उत्पादन के लिए बेहद अहम इस ईंधन की कोई भूमिगत भंडारण सुविधा मौजूद नहीं है। अमेरिका और चीन दोनों ने भूमिगत एलएनजी भंडारण सुविधा में भारी निवेश किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोपीय संघ ने रूसी गैस पर अपनी निर्भरता घटाते हुए नयी स्थितियों के अनुरूप तेजी से अनुकूलन किया। इन रिजर्वों ने आपूर्ति में व्यवधान के समय, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं को दीर्घकालिक अनुबंधों पर निर्भरता के जरिए आपूर्ति में व्यवधान के खिलाफ बाड़बंदी करने में सक्षम बनाया है। उन्हें हाजिर बाजार में ऊंची कीमतें देने से बचाया है। चीन की बात करें तो रूसी तेल के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों की नाफरमानी का उसे अच्छा फायदा हुआ है। भारत को भी फायदा हुआ होता अगर उसने ज्यादा रणनीतिक स्वायत्तता बनाये रखी होती।

## पूर्वाग्रह अपने आप में अन्याय



लोगों को संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर किया जा रहा है, अगर छात्रों और अभ्यर्थियों को संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो समझा जाना चाहिए कि सरकार पक्षपाती है, अगर हमें संवैधानिक अधिकारों के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो इसका अभिप्राय है कि सरकार पक्षपाती है और जो पक्षपाती है वह बेवफा भी है। पूर्वाग्रह अपने आप में अन्याय है, क्योंकि यह अधिकार छीन लेता है, आरक्षण सुरक्षा है। आरक्षण सामाजिक समन्वय का एक उपकरण और माध्यम भी है, आरक्षण दान नहीं है, यह एक अधिकार है।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# रजदान पास बना आकर्षण का केंद्र

## भीषण गर्मी से बचने के लिए कश्मीर के ऑफबीट इलाकों का रुख कर रहे पर्यटक

जैसे-जैसे उत्तरी भारत में तापमान 40 डिग्री से ऊपर जा रहा है, वैसे ही कश्मीर में घूमने जाने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ा रही है। ये पर्यटक ऐसे इलाकों को टुन रहे हैं, जो कम जाने-पहचाने सीमावर्ती इलाकें हैं। बांदीपोरा का रजदान पास, जो लगभग 12 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है, एक प्रमुख आकर्षण के तौर पर उभरा है। यहां मई के महीने में भी पहाड़ों पर बर्फ जमी है, जो दिल्ली और जयपुर जैसे शहरों में पड़ रही भीषण गर्मी के बिल्कुल विपरीत है और यहां के लोगों को आकर्षित कर रही है। पूरे भारत से टूरिस्ट जिनमें परिवार के साथ आने वाले, बाइकर्स और युवा यात्री शामिल हैं, बर्फ, ठंडी हवाओं और गुरेज घाटी की ओर जाने वाले सुंदर रास्ते का आनंद लेने के लिए इस पास पर उमड़ रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए दिल्ली के रोहन मेहता ने इस अनुभव को अविश्वसनीय बताया। उन्होंने 42 डिग्री की भीषण गर्मी को पीछे छोड़कर, महज एक दिन के भीतर खुद को बर्फ के बीच खड़ा पाया। राजस्थान की अंजलि शर्मा ने कहा कि यहां के ठंडे मौसम ने उन्हें जयपुर के 44 डिग्री तापमान से काफी राहत दी। वहीं केरल से आए फाजिल ने कहा कि रजदान पास के सोशल मीडिया वीडियो देखकर उन्हें यहां आने की प्रेरणा मिली, जबकि कर्नाटक की केबिन क्रू सदस्य एहाना ने इसे अपने बचपन का एक सपना सच होने जैसा बताया, यानी असल जिंदगी में बर्फ को अपनी आंखों से देखना। गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम जैसे पारंपरिक पर्यटन स्थलों के अलावा उत्तरी और दक्षिणी कश्मीर के कई ऐसे इलाके भी हैं जहां पहले बहुत कम लोग जाते थे, लेकिन अब वहां पर्यटकों की आवाजाही तेजी से बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बने ढाबे, चाय के स्टाल और परिवहन सेवा से जुड़े लोगों को इससे आर्थिक फायदा हो रहा है। श्रीनगर के ड्राइवर बशीर अहमद ने बताया कि अब पर्यटक उन जगहों को भी घूमने जा रहे हैं, जिनके बारे में पहले किसी को ज़्यादा जानकारी नहीं थी। इससे इस मौसम में सीमावर्ती गांवों के लोगों की अच्छी कमाई हो रही है। अधिकारियों का मानना है कि यह बदलाव लोगों की यात्रा से जुड़ी पसंद में आए बदलाव का नतीजा है, जहां भीषण गर्मी के चलते ज़्यादा से ज्यादा लोग हिमालयी क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। पिछले कुछ सालों में सरकार ने कश्मीर के दूरदराज के सीमावर्ती इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं और स्थानीय लोगों का कहना है कि इन प्रयासों का फायदा हो रहा है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या धीरे-धीरे इन दूरदराज के सीमावर्ती क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को बदल रही है, क्योंकि अब पर्यटक केवल पारंपरिक पर्यटन स्थलों तक ही सीमित न रहकर, प्रकृति की उन अछूती और अद्भुत सुंदरताओं को भी खोजने निकल पड़े हैं, जहां पहले बहुत कम लोग जाते थे। पर्यटकों की इस बढ़ती संख्या से यह बात साफ जाहिर होती है कि जलवायु से प्रेरित यात्रा के रुझान, गर्मियों में राहत की तलाश किस तरह कश्मीर में 'ऑफबीट' पर्यटन को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही, इससे सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले समुदायों को रोजगार और कमाई के ऐसे अवसर भी मिल रहे हैं, जिनकी उन्हें लंबे समय से जरूरत थी।




# मौसम संबंधी घटनाएं और भारत की असुरक्षित स्थिति

पिछले हफ्ते के अंत में, मानसून से पहले की एक तेज रफ्तार वाली मौसम प्रणाली उत्तर प्रदेश में कहर बरपाते हुए पहुंची। इससे एक साथ कई जिलों में गरज, धूल भरी आंधी, बिजली, भारी बारिश और आंधी का मिश्रण देखने को मिला। बीते 14 मई तक, 26 जिलों में मरने वालों की संख्या 111 और घायलों की संख्या 72 थी। इस तरह, ये तूफान हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश में हुई सबसे घातक मौसम संबंधी आपदाओं में से एक बन गए। राज्य में 2018 से, या शायद उससे पहले से भी, मई-जून के महीनों में इसी तरह की मौसम संबंधी घटनाएं देखने को मिली हैं। हवाओं की तीव्रता इस साल की सबसे बड़ी खासियत रही। ये तीव्र हवाएं पेड़ों को जड़ से उखाड़ देने में सक्षम थीं।

ऐसा मालूम होता है कि यह तूफान मानसून से पहले की संवहनी प्रणाली के कारण आया था तथा उत्तर-पश्चिम में पैदा हुए एक नए पश्चिमी विक्षोभ ने स्थितियों को और ज्यादा अस्थिर कर दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने घटना से पहले ही आंधी तथा बिजली गिरने की चेतावनी जारी कर दी थी और उत्तर प्रदेश सरकार ने कथित तौर पर सचेत पोर्टल के जरिए 34 करोड़ से ज्यादा रेड और आरेंज अलर्ट संदेश जारी किए थे। हालांकि, यह साफ नहीं है कि ये चेतावनियां भौगोलिक रूप से पर्याप्त रूप से सटीक थीं या नहीं अथवा समय पर अपने लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचीं या नहीं और वास्तव में क्या उन संदेशों ने सिर्फ आने वाले प्रतिकूल मौसम की चेतावनी दी थी या फिर लोगों को कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए थे। दरअसल, अग्रिम तैयारियां दो वजहों से महत्वपूर्ण है। यह राज्य कभी-कभी एक मिलन क्षेत्र में तब्दील हो जाता है, क्योंकि थार से आने वाली गर्म एवं शुष्क 'लू' वाली हवाएं मैदानी इलाकों में पूर्व की ओर बढ़ती हैं, जबकि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवाएं दक्षिण-पूर्व से प्रवेश करती हैं। दूसरी बात, मिर्जापुर और सोनभद्र के इलाके में विंध्य की लहरदार पहाड़ियों के ऊपर, एक - दूसरे से मिलने वाली ये वायु राशियां तेजी से ऊपर उठ सकती हैं। इससे राज्य के खास हिस्सों में गरज के साथ तूफान आ सकते हैं। यूं तो कोई भी प्राधिकरण कारगर तरीके से तूफानों की स्थानीय तीव्रता का पूर्वानुमान नहीं लगा सकता था, लेकिन अंतर्निहित जोखिम अप्रत्याशित नहीं था। साल के इस समय और इस स्थान पर इनकी पुनरावृत्ति से यह सवाल उठता है कि इतनी अधिक मौतें क्यों हुईं। इसके जवाब का एक हिस्सा निश्चित रूप से मौत और

> दरअसल, अग्रिम तैयारियां दो वजहों से महत्वपूर्ण है। यह राज्य कभी-कभी एक मिलन क्षेत्र में तब्दील हो जाता है, क्योंकि थार से आने वाली गर्म एवं शुष्क 'लू' वाली हवाएं मैदानी इलाकों में पूर्व की ओर बढ़ती हैं, जबकि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवाएं दक्षिण-पूर्व से प्रवेश करती हैं।

क्षति के तात्कालिक कारणों में निहित है, जिसमें आवास और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा शामिल है। उत्तर प्रदेश में संरचनात्मक रूप से कमजोर ग्रामीण और अर्ध-शहरी घरों की तादाद ज्यादा है। अगर तूफान शाम या उसके बाद आता है, तो लोग अक्सर घरों के अंदर होते हैं या कमजोर छतों के नीचे आराम कर रहे होते हैं। इसके अलावा, लोग गलत तरीके से लगाए गए या खराब ढंग से स्थापित होर्डिंग्स, बिजली के तारों और सार्वजनिक संकेतों की वजह से भी असुरक्षित होते हैं। राज्य सरकार को इस बात की जानकारी थी कि इस तरह के तूफान किस किस्म की क्षति पहुंचा सकते हैं, इसलिए उसने खेती के प्रकार, फसल और नुकसान के आधार पर अलग-अलग राहत पैकेजों का एलान किया। अंतर्निहित जोखिम का पूर्वानुमान लगाया जा सकता था, फिर भी स्थितियां काफी नाजुक रहीं।

# अमेरिका के खिलाफ दुश्मन जैसे फैसले ले रहा सऊदी

> अमेरिकी कोष में बतौर जमा पूंजी यूएई का 114.1 बिलियन डालर बचा है। यह जानकारी मंगलवार को सामने आई है। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमेरिका ट्रेजरी बान्ड के जरिए दुनिया से पैसे जुटाता है। इन पैसों का इस्तेमाल विकास कार्यों पर किया जाता है। इसकी वजह से अमे. रिका की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहती है। सऊदी और यूएई ने जिस तरह से ट्रेजरी बान्ड से पैसा निकालने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे अमेरिका पर कर्ज देने वाले देशों का भरोसा कम होगा।

ईरान के साथ तनाव में उलझे अमेरिका को सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने 24 घंटे में दो बड़े झटके दिए हैं। पहला झटका पैसों से जुड़ा हुआ है। सऊदी और यूएई दोनों ने अमेरिकी ट्रेजरी से अपनी जमा पूंजी निकालनी शुरू कर दी है। बुधवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी गई है। दोनों देशों ने मिलकर 15 अरब डालर की जमा पूंजी निकाल ली है। दूसरा झटका ईरान पर हमले से जुड़ा है। एक्सियोस के मुताबिक, सऊदी और यूएई ने ईरान पर हमले का विरोध किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वो हमले से सिर्फ एक घंटे दूर थे लेकिन यूएई और सऊदी के विरोध के कारण उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। मध्य पूर्व में सऊदी और यूएई को अमेरिका का सहयोगी माना जाता है। आधिका. रिक आंकड़ों के मुताबिक, सऊदी अरब ने मार्च में अमे. रिकी ट्रेजरी बान्ड में अपनी हिस्सेदारी 10.8 बिलियन डालर घटा दी है। यानी ये पैसे सऊदी ने निकाल लिए हैं। अब ट्रेजरी में सऊदी के हिस्से का 149.6 बिलियन डालर मौजूद है। इसी तरह यूएई ने 5.8 बिलियन डालर की जमा पूंजी निकाल ली है। अमेरिकी कोष में बतौर जमा पूंजी यूएई का 114.1 बिलियन डालर बचा है। यह जानकारी मंगलवार को सामने आई है। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमेरिका ट्रेजरी बान्ड के जरिए दुनिया से पैसे जुटाता है। इन पैसों का इस्तेमाल विकास कार्यों पर किया जाता है। इसकी वजह से अमेरिका की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहती है। सऊदी और यूएई ने



जिस तरह से ट्रेजरी बान्ड से पैसा निकालने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे अमेरिका पर कर्ज देने वाले देशों का भरोसा कम होगा। वहीं डालर की मजबूती के लिए भी यह एक बड़ा झटका है। साथ ही यूएई और सऊदी के इस कदम से अमेरिका को कर्ज महंगा पड़ सकता है। वहां पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। जंग के कारण अमेरिकी पहले से परेशान हैं। डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार (18 मई) को ईरान पर हमला करने को लेकर फैसला लेने वाले थे। एक्सियोस के मुताबिक सऊदी और यूएई से जब इसको लेकर पूछा गया तो दोनों ने साथ देने से इनकार कर दिया। दोनों का कहना था कि युद्ध से उन्हें ज्यादा नुकसान होंगे। सऊदी और यूएई ने तेल ठिकानों की रक्षा की दुहाई दी, जिसके बाद ट्रंप ने हमला न करने का फैसला लिया। अब कतर की पहल पर ईरान से परमाणु समझौते की बात चल रही है। ईरान का कहना है कि वह होर्मुज, यूरेनियम शिफ्ट करने को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा।फरवरी-मार्च में जब ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध छिड़ा था, तब सऊदी और यूएई ने साइलेंट तरीके से ईरान के कुछ इलाकों पर हमला किया था।

# आतंक के विरुद्ध भारत की निर्णायक लड़ाई और बदलती घाटी

## राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर विशेष



**योगेश कुमार गोयल**



भारत का इतिहास एक ओर जहां अध्यात्म, विविधता और समरसता की भूमि का रहा है, वहीं दूसरी ओर इसने अतीत और वर्तमान में अनेक आंतरिक और बाहरी संकटों का सामना भी किया है। इन संकटों में सबसे भयावह है आतंकवाद, जिसने न केवल देश की सुरक्षा व्यवस्था को लगातार चुनौती दी है बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी झकझोरा है। आतंकवाद कोई सीमित भूभाग का संकट नहीं है बल्कि यह समूचे राष्ट्र की चेतना को आहत करने वाला संकट है। भारत ने सैन्य, कूटनीतिक, सामाजिक और वैचारिक मोर्चों सहित बहुस्तरीय स्तर पर दशकों तक इस समस्या का सामना किया है। आतंकवाद के विरुद्ध जागरूकता फैलाने और शांति एवं सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' मनाया जाता है। 21 मई को मनाया जाने वाला यह दिवस न केवल इस संघर्ष की स्मृति है बल्कि यह ऐसी प्रतिज्ञा का दिन भी है, जो यह दर्शाती है कि भारत आतंकवाद को किसी भी रूप में सहन नहीं करेगा।

कश्मीर घाटी आतंकवाद के विरुद्ध भारत के सबसे लंबे, संवेदनशील और निर्णायक संघर्ष की साक्षी रही है। कभी अपनी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता, सूफी परंपराओं, सांस्कृतिक समृद्धि और 'धरती के स्वर्ग' की पहचान के लिए विख्यात यह घाटी पिछले तीन दशकों तक आतंक, रक्तपात और अस्थिरता के भयावह दौर से गुजरती रही। वर्ष 1990 के बाद जिस सुनियोजित तरीके से घाटी में कट्टरपंथ और आतंकवाद की जड़ें जमाई गई, वह केवल स्थानीय असंतोष नहीं बल्कि सीमापार रची गई एक गहरी साजिश का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य भारत की एकता, अखंडता और सामा. जिक समरसता को चोट पहुंचाना था। इस दौर ने हजारों परिवारों को उजाड़ दिया, अनगिनत मासूमों की जिंदगी छीन ली और पूरी पीढ़ी को भय, असुरक्षा और हिंसा के साए में जीने के लिए विवश कर दिया। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि घाटी में अब तक हुई हजारों आतंकी घटनाओं में लगभग 42 हजार लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें निर्दोष नागरिक, सुरक्षाबलों के वीर जवान और आतंकवादी शामिल हैं।

दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2000 से 2024 के बीच घाटी में 22,143 छोटे-बड़े आतंकी हमले दर्ज किए गए, जिनमें 4,981 आम नागरिकों की मौत हुई जबकि मातृभूमि की रक्षा करते हुए 3,624 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए। इसी दौरान भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस और रणनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए 24,512 आतंकवादियों को मार गिराया। यह केवल आंकड़े नहीं बल्कि उन वीर जवानों के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और राष्ट्रनिष्ठा की गाथा हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सुरक्षा सुनिश्चित की। हालांकि बीते एक दशक में भारत की आतंकवाद विरोधी नीति अधिक आक्रामक, तकनीक-सक्षम और रणनीतिक रूप से प्रभावी हुई है। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2004 से 2014 के बीच देशभर में 7,217 आतंकी हमले हुए थे जबकि वर्ष 2014 से 2024 के बीच यह संख्या घटकर 2,242 से भी कम रह गई। इस दौरान आतंकी हिंसा से होने वाली जनहानि में 70 प्रतिशत से अधिक कमी दर्ज की गई। आम नागरिकों की मौतों में 81 प्रतिशत और सुरक्षाकर्मियों की शहादतों में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत की मजबूत सुरक्षा रणनीति, सशक्त खुफिया तंत्र और 'जीरो टॉलरेंस' नीति ने आतंकवाद की कमर तोड़ने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

हालांकि आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि आतंकवाद की चुनौती कितनी गहन और विस्तृत है तथा इससे निपटने के लिए भारत को कितनी रणनीतिक गहराई के साथ काम करना पड़ रहा है। 2025 के पहलगाम हमले से इतर देखें तो घाटी में हाल के वर्षों में सामान्य जीवन की बहाली का प्रमाण यही है कि आज वहां के युवा बंदूक नहीं, किताबों की ओर लौट रहे हैं। स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ी है, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है और पर्यटन के क्षेत्र में भी आशाजनक वृद्धि देखी गई है। रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी ने युवाओं को एक वैकल्पिक जीवन की राह दिखाई है। इन संकेतों से स्पष्ट है कि आतंक केवल सैन्य शक्ति से नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास से भी पराजित किया जा सकता है। घाटी की जनता अब समझ चुकी है कि आतंक का मार्ग केवल विनाश की ओर ले जाता है जबकि शिक्षा, रोजगार और शांति समृद्धि की ओर। लेकिन इस यात्रा में अब भी चुनौतियां शेष हैं क्योंकि पाकिस्तान अब भी दोहरी नीति अपनाए हुए है, एक ओर शांति की बातें, दूसरी ओर आतंकवाद को समर्थन। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों को आज भी आईएसआई का समर्थन प्राप्त है। इस परिस्थिति में भारत की आतंकवाद के प्रति नीति और भी कठोर और स्पष्ट हो गई है, आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता। यह नीति केवल वक्तव्य नहीं बल्कि क्रियान्वयन की दृढ़ रणनीति है। सीमा पर सैटेलाइट निगरानी, ड्रोन तकनीक, सुरक्षाबलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करना और नागरिक-सैन्य समन्वय को सशक्त करना इस नीति के कार्यान्वयन के मुख्य स्तंभ हैं। भारत अब यह भी समझता है कि आतंकवाद केवल एक सुरक्षा चुनौती नहीं है बल्कि एक वैचारिक लड़ाई भी है। यह युवा मन को भ्रमित करके उसे हिंसा की ओर ले जाने का प्रयास करता है। ऐसे में शिक्षा, सामाजिक समरसता और संस्कृति का पुनर्प्रतिष्ठान आवश्यक है। घाटी में यदि शांति को स्थाई बनाना है तो केवल सैन्य दबाव नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक और वैचारिक प्रयास भी अत्यंत आवश्यक हैं। युवाओं को यह विश्वास दिलाना होगा कि राष्ट्र निर्माण का मार्ग केवल प्रतिभा, परिश्रम और सकारात्मक सोच से ही बनता है। उन्हें यह बताना होगा कि बंदूकें केवल बर्बादी लाती हैं जबकि किताबें भविष्य बनाती हैं। आज जब भारत राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मना रहा है तो यह दिन केवल शोक या स्मरण का दिन नहीं है बल्कि यह एक सतत संकल्प का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि आतंक से लड़ाई केवल सेना की नहीं है अपितु यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



अमृतसर। गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी के बीच खुद को ढक कर चलते लोग।

## एशियाई उत्पादकता संगठन की तीन दिवसीय बैठक राजधानी में गुरुवार से

**नई दिल्ली।** एशियाई उत्पादकता संगठन (एपीओ) के अधिशासी मंडल (जीबी) की तीन दिवसीय 68वीं बैठक यहां भारत मंडपम में गुरुवार को शुरू होगी। भारत की अध्यक्षता में इस बैठक में एपीओ के 20 सदस्य देशों के 60 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। बुधवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 21 मई को उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहेंगे। एपीओ के निदेशक, सलाहकार, एपीओ सदस्य देशों के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि और आमंत्रित अतिथियों के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।

# अब्बास अराघची ने ट्रम्प को दी चेतावनी

### कहा: ईरान के खिलाफ अगर दोबारा जंग शुरू हुई, तो अमेरिका को 'कई और बड़े झटके' लगेंगे

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को चेतावनी दी कि बिना किसी उकसावे के अगर अमेरिका ने उनके खिलाफ फिर से आक्रामक रुख अपनाया तो अमेरिका को देने के लिए उनके पास 'कई और बड़े झटके' तैयार हैं। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस (संसद) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया। इसमें हफ्तों चले इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायुसेना को हुए भारी नुकसान की बात स्वीकार की गई है।



■ इसमें हफ्तों चले इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायुसेना को हुए भारी नुकसान की बात स्वीकार की गई

अराघची ने 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में कहा कि भविष्य में होने वाली किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का जवाब देने के लिए ईरान अमेरिका के साथ पिछले टकरावों से 'मिले सबक और हासिल किए गए अनुभव' का इस्तेमाल करेगा और हमलावरों को इन अप्रत्याशित झटकों का मजा चखाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सांसदों ने इस 40 दिवसीय सैन्य अभियान के दौरान हुए बड़े पैमाने के भौतिक नुकसान को स्वीकार कर एक तरह से ईरान की सैन्य क्षमताओं की पुष्टि कर दी है। अराघची ने अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी सेना ने कम से कम 42 विमान खो दिए। इससे होने वाला अनुमानित नुकसान लगभग 2.6 अरब डॉलर (लगभग 21600 करोड़ रुपये) तक पहुंच चुका है। उन्होंने आगे कहा कि ईरान के सशस्त्र बल 'दुनिया भर में चर्चित एफ-35 विमान को मार गिराने वाले पहले बल' बन गए हैं। अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल के संयुक्त रूप से शुरू किए गए 40 दिनों के हवाई बमबारी अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के 42 विमान नष्ट हो गए या उन्हें भारी नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट के अनुसार, नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए सैन्य साजो-सामान में चार एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान, एक एफ-35ए लाइटनिंग-2, एक ए-10 थंडरबोल्ट-2, हवा में ईंधन भरने वाले सात केसी-135 स्ट्रेटोटैंकर विमान, एक ई-3 सेंट्री हवाई चेतावनी और नियंत्रण विमान, दो एमसी-130जे कमांडो-2 विमान, एक एचएच-60डब्ल्यू जॉली ग्रीन-2 हेलीकॉप्टर, 24 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन और एक एमक्यू-4सी ट्राइटन ड्रोन शामिल हैं। अमेरिका-इजरायल ने मिलकर 28 फरवरी को ईरान पर हमले शुरू किए थे, जो सात अप्रैल को पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुए एक नाजुक युद्धविराम के बाद से थमे हुए हैं। ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य साजो-सामान पर हमले शुरू किए और होर्मुज स्ट्रेट से होने वाले परिवहन पर अपना नियंत्रण मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया। यह एक ऐसा संकरा मार्ग है, जहां से दुनिया की तेल सप्लाई का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। ये निष्कर्ष 13 मई को जारी 'कांग्रेशनल रिसर्च सर्विस' की एक रिपोर्ट में सामने आया है।

## रूस-चीन ने 20 समझौतों के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को और मजबूत किया

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी साझेदारी को 'रणनीतिक' बताते हुए अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, परिवहन और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सहित प्रमुख क्षेत्रों को शामिल करते हुए 20 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। पुतिन और जिनपिंग ने अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से संयुक्त बयान जारी किया है। इसके साथ ही एक बहुध्रुवीय दुनिया और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए एक नए ढांचे का समर्थन करने वाली घोषणा भी जारी की गई है। पुतिन ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार 'पिछले 25 वर्षों में 30 गुना से अधिक' बढ़ा है और 'लगातार कई वर्षों तक 200 अरब डॉलर के आंकड़े से ऊपर' बना रहा है।

# बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के निर्माण की कवायद

■ व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को एक संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें दुनिया में किसी एक देश के दबदबे के बजाय बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था की बात कही गई है। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने ऊर्जा, व्यापार और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपनी मजबूत साझेदारी को और गहरा करने का भी वादा किया। चीन के 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल' में हुई इस बैठक के बाद शी ने पत्रकारों से कहा कि दोनों देशों के रिश्ते 'बड़ी उपलब्धियों और तेज विकास के एक नए दौर में पहुंच चुके हैं।' पुतिन ने कहा कि रूस और चीन के संबंध 'इतिहास के सबसे बेहतरीन स्तर' पर हैं।

उन्होंने शी को अगले साल रूस आने का न्योता भी दिया। दोनों देश 25 साल पहले हुए 'चीन-रूस मित्रता और सहयोग समझौते' को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। यह फैसला दिखाता है कि 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से एक-दूसरे के करीब आए दोनों देश आगे भी मिलकर काम करते रहेंगे। पुतिन ने चीन को बिना किसी रुकावट के तेल और गैस की आपूर्ति जारी रखने का वादा करते हुए कहा, ष हमारा आपसी व्यापार अब बाहरी दबाव से सुरक्षित है, क्योंकि हमने अमेरिकी डॉलर को छोड़कर अपनी-अपनी मुद्रा में लेन-देन शुरू कर दिया है। उन्होंने इसे एक सुरक्षित व्यापार व्यवस्था बताया, जिस पर वैश्विक बाजार के उतार-चढ़ाव का असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि रूस और भारत का लगभग 96 प्रतिशत व्यापार भी अब स्थानीय मुद्रा में हो रहा है। खबरें यह भी हैं कि लंबे समय से अटकी 'पावर ऑफ साइबेरिया 2' पाइपलाइन परियोजना पर भी दोनों देशों के बीच सहमति बन गई है। यह पाइपलाइन रूस से मंगोलिया होते हुए चीन तक हर साल 50 अरब घन मीटर प्राकृतिक गैस पहुंचाएगी। पुतिन ने 'उत्तरी समुद्री मार्ग' के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि रूस और चीन मिलकर पूरे यूरेशिया क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाएंगे। पुतिन के साथ शी ने अमेरिकी विदेश नीति पर निशाना साधा।

# अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास

### राष्ट्रपति ट्रम्प के 4 सांसदों ने उनके खिलाफ वोटिंग की, राष्ट्रपति के पास वीटो का अधिकार बाकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास हो गया है। वोटिंग में 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स का साथ दिया। हालांकि 3 रिपब्लिकन सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यह प्रस्ताव 50.47 से पास हुआ, हालांकि इसे कानून बनने के लिए अभी कुछ और चरणों से गुजरना होगा। अगर यह प्रस्ताव कानून बनता है, तो ट्रम्प सरकार को ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। अभी सीनेट में इस पर अंतिम वोटिंग होनी बाकी है। इसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स से मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रम्प इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है। अमेरिकी संसद के सीनेट में मंगलवार शाम को ईरान जंग रोकने को लेकर बैठक हुई। यह वोट विपक्ष के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है जो कह रहे थे कि अमेरिका में युद्ध शुरू करने या सेना भेजने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं बल्कि संसद के पास होना चाहिए। अमेरिकी संविधान में भी यही व्यवस्था दी गई है। इस प्रस्ताव को वर्जीनिया के डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन लेकर आए हैं। बहस के दौरान उन्होंने कहा कि अभी जब युद्धविराम की बात हो रही है, तब ट्रम्प को संसद के सामने आकर अपनी रणनीति बतानी चाहिए। डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन ने कहा कि युद्ध शुरू करने का अधिकार संसद के पास है, सिर्फ राष्ट्रपति के पास नहीं। वहीं व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प ने अमेरिकी सुरक्षा के लिए अपने अधिकारों के तहत कार्रवाई की है। अमेरिकी कानून के मुताबिक कोई भी राष्ट्रपति बिना संसद की मंजूरी के सिर्फ 60 दिन तक सैन्य कार्रवाई चला सकता है। इसके बाद या तो युद्ध खत्म करना होता है, कांग्रेस से अनुमति लेनी होती है, या फिर सेना की सुरक्षित वापसी के लिए 30 दिन की अतिरिक्त मोहलत मांगनी होती है। यह संघर्ष शुरू होने के बाद इस तरह के प्रस्ताव पर सीनेट में आठवां मतदान था। इस वर्ष दूसरी बार कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने डेमोक्रेट सदस्यों के साथ मिलकर युद्ध अधिकार प्रस्ताव को सीनेट न्यायपालिका समिति से बाहर लाने का समर्थन किया है। इस बीच, ट्रम्प ने खुलासा किया कि वह ईरान पर नए हमले का आदेश देने से 'सिर्फ एक घंटे दूर' थे, लेकिन सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के के अनुरोध पर उन्होंने इसे स्थगित कर दिया। दूसरी ओर, उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने कहा कि ईरान की वार्ता संबंधी स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है।



■ ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने की कवायद, युद्ध का अधिकार संसद के पास हो: विपक्ष

# बांग्लादेश में भारतीय दूतावास के सुरक्षाकर्मी की मौत

■ फर्श पर डेड बाडी मिली, ड्यूटी करके लौटा था, हरियाणा का रहने वाला था मृतक

**ढाका।** बांग्लादेश के चिटगांव शहर में स्थित भारतीय दूतावास परिसर के अंदर मंगलवार को एक भारतीय सुरक्षाकर्मी मृत पाया गया। मृतक की पहचान 35 साल के नरेंद्र के तौर पर हुई है। वे हरियाणा के रहने वाले थे और दूतावास में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात थे। नरेंद्र सोमवार रात अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने कमरे में लौटे थे। मंगलवार सुबह जब वह ड्यटी पर नहीं पहुंचे तो उनके साथ वालों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की। कई बार फोन और आवाज लगाने के बाव भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद अधिकारियों ने उनके कमरे का दरवाजा खोला। अंदर कमरे के फर्श पर नरेंद्र की डेड बाडी मिली।

वे कैंपस के भीतर बने स्टाफ डार्मिटरी में रहते थे। अभी तक मृत सुरक्षाकर्मी की कोई सामने नहीं आई है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जांच अधिकारी नजरुल इस्लाम ने बताया कि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी। उन्होंने कहा, हमें सूचना मिलने के बाद हमारी टीम मौके पर पहुंची और शव बरामद किया। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी आरिफुल इस्लाम ने बताया कि शव पर किसी भी तरह की चोट, घाव या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। शुरुआती तौर पर आशंका जताई जा रही है कि नरेंद्र की मौत हार्ट अटैक या स्ट्रोक की वजह से हुई है। उन्होंने कहा कि मुमकिन है कि रात के दौरान या सुबह बाथरूम से निकलने के बाद उन्हें दिल का दौरा या स्ट्रोक आया हो। असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी। पुलिस के मुताबिक, शव को भारतीय अधिकारियों की मौजूदगी में चिटगांव मेडिकल कालेज अस्पताल के मार्चरी भेजा गया। भारतीय दूतावास की ओर से फिलहाल इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय अधिकारी बांग्लादेश प्रशासन और पुलिस के साथ लगातार संपर्क में हैं ताकि मौत के कारणों पूरी जांच हो सके।

# अमेरिका के नए प्रतिबंध लगने के बाद 'खून खराबा' होगा

### क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने कहा: इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे

**हवाना।** अमेरिका द्वारा क्यूबा के कुछ अधिकारियों और सरकारी संस्थाओं पर नए प्रतिबंध लगाए जाने के क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज-कनेल ने चेतावनी दी है कि क्यूबा पर किसी भी अमेरिकी सैन्य हमले से 'खून-खराबा' होगा और इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे।

यह बयान ऐसे समय आया है जब मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि क्यूबा प्रशासन भी अमेरिकी ठिकानों पर संभावित हमलों पर विचार कर रहा है। दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार क्यूबा पर नियंत्रण हासिल करने की इच्छा जता चुके हैं। उन्होंने क्यूबा पर कब्जे को 'सम्मान' बताया था और कहा था कि वह 'जो चाहें कर सकते हैं।' यह चेतावनी अमेरिका द्वारा क्यूबा के 11 अधिकारियों और तीन सरकारी संस्थाओं, जिनमें खुफिया एजेंसी और गृह मंत्रालय शामिल हैं, पर प्रतिबंध लगाए जाने के कुछ घंटों बाद आई।

■ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार क्यूबा पर नियंत्रण हासिल करने की इच्छा जता चुके हैं



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे क्यूबा पर लगातार दबाव बनाने की मुहिम की शुरुआत बताया और कहा कि आने वाले दिनों में और प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। कनेल ने कहा कि क्यूबा किसी देश के लिए खतरा नहीं है, लेकिन किसी भी सैन्य हमले के खिलाफ आत्मरक्षा का उसे पूर्ण अधिकार है। राष्ट्रपति ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में दोनों देशों के संबंधों में भारी गिरावट आई है। ट्रम्प प्रशासन 'अधिकतम दबाव' की नीति के तहत हवाना में सत्ता परिवर्तन का प्रयास कर रहा है। अमेरिका ने वेनेजुएला से क्यूबा को होने वाली तेल आपूर्ति भी रोक दी है, जिससे वहां गंभीर ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। क्यूबा में लगातार बिजली कटौती के कारण विरोध प्रदर्शन हुए हैं तथा स्कूल, विश्वविद्यालय और अस्पताल प्रभावित हुए हैं। क्यूबा के ऊर्जा मंत्री ने हाल ही में कहा था कि रूस से मिली आपातकालीन तेल सहायता भी समाप्त हो चुकी है, जिससे लंबे समय तक बिजली संकट बने रहने की आशंका है। इस बीच, प्रमुख शिपिंग कंपनियों हपाग-ल्यॉड और सीएमए सीजीएम ने अमेरिकी नियमों का पालन करते हुए क्यूबा के लिए माल ढुलाई रोकने की घोषणा की है, जिससे खाद्य संकट और गहरा सकता है। तनाव उस समय और बढ़ गया जब अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि क्यूबा ने 300 से अधिक सैन्य ड्रोन हासिल किए हैं और वह गुआनतामो स्थित अमेरिकी नौसैनिक अड्डे तथा अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहा है। मार्च में ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा था कि वेनेजुएला 'पहला कदम' था और क्यूबा अगला हो सकता है। उन्होंने कहा था कि क्यूबा 'पूरी तरह विफल राष्ट्र' है और अंतत: उसे अमेरिका के पास आना पड़ेगा। इस बीच, क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति रौल कास्त्रो पर वर्ष 1996 में अमेरिका के नागरिक विमानों को गिराए जाने की घटना में कथित भूमिका को लेकर अभियोग चलाए जाने की संभावना भी जताई जा रही है।

# दक्षिण कोरिया के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी और होगी मजबूत: राजनाथ

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण कोरिया ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है। दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मंगलवार को दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ बैठक के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ उनकी बैठक अत्यंत सफल रही और इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सहयोग और अन्य क्षेत्रों में सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

बैठक के बाद सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सियोल में मेरे दक्षिण कोरियाई समकक्ष आह्न ग्यु बैक के साथ उत्कृष्ट बैठक हुई। हमने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग के प्रति साझा प्रतिबद्धता के साथ भारत-कोरिया गणराज्य रक्षा, रक्षा उद्योग और रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत सफल बैठक रही, क्योंकि भारत और कोरिया ने रक्षा साइबर सहयोग को बढ़ावा देने, भारत के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय और कोरिया गणराज्य के कोरिया राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के बीच तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना सहयोग से संबंधित समझौतों का आदान-प्रदान किया, जिससे हमारी साझेदारी और अधिक मजबूत तथा बहुआयामी बनी।



## 'मैं वापस आऊंगा' का हिस्सा बनकर भावुक हुईं अंजना सुखानी

**मुंबई।** अभिनेत्री अंजना सुखानी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में काम करती नजर आएंगी। इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा हाल के समय की सबसे चर्चित रोमांटिक ड्रामा फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में वेदांग रैना, दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह और शरवरी के साथ अंजना सुखानी भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में हुए ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अंजना ने फिल्म का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर की और इम्तियाज अली का धन्यवाद किया कि उन्होंने उन्हें 'मेहर' के किरदार के लिए चुना। अंजना सुखानी ने कहा कि इन सभी बड़े नामों के साथ जुड़ना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और खुशी की बात है। खास तौर पर मुकेश का धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस फिल्म के लिए चुना और भरोसा किया कि मैं यह किरदार निभा सकती हूं। इम्तियाज सर का भी शुक्रिया, जिन्होंने मुझे मेहर के रूप में देखा। मैं हमेशा इसके लिए शुक्रगुजार रहूंगी।

## फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' का फर्स्ट लुक लॉन्च

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में भोजपुरी सिनेमा ने एक बार फिर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। भारत पवेलियन में भोजपुरी फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' का फर्स्ट लुक पोस्टर भव्य अंदाज में लॉन्च किया गया। फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल ने इस अवसर को भोजपुरी सिनेमा के लिए ऐतिहासिक और गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि कान्स जैसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भोजपुरी फिल्म का प्रस्तुत होना इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्रीय सिनेमा अब वैश्विक पहचान बना रहा है।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004